राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, कौशाम्बी, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ,शुक्रवार, 06 दिसंबर 2024

वर्ष 06,अंक 70,पृष्ट 12,मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

सात महीने मे ही उखड़ने लगी करोडो रूपये की लागत से बनी सडक ...06

आईसीआईएडीआर-2024 वैश्विक विशेषज्ञता और राष्ट्रीय प्रतिभा के बीच एक केंद्र बिंदु बनेगा- प्रो. वी. रविचंद्रन कुलपति....12

## जमीयत उलमा-ए-हिंद ने दायर की है याचिका, प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट पर SC में सुनवाई टली

स्वतंत्र प्रभात

जमीयत उलमा-ए-हिंद की याचिका पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी. यह याचिका मुस्लिम संगठन ने प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट एक्ट यानि उपासना स्थल अधिनियम 1991 को लेकर दायर की है. हालांकि समय की कमी के चलते सुप्रीम कोर्ट में इस पर सुनवाई नहीं हो सकी. सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने याचिका पर अगले हफ्ते सुनवाई करने का आदेश दिया है।

जमीयत उलमा-ए-हिंद ने संभल हिंसा और अजमेर दरगाह पर हिंदुओं के दावे को लेकर यह याचिका दायर की है. प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट से जुड़ी यह याचिका हिंदू दावे को लेकर जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी के निर्देश पर दायर की गई है. सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने पहले इस अहम मामले की सुनवाई के लिए हामी भरी थी।

**3 जजों की बेंच करेगी याचिका पर सुनवाई**

जमीयत उलमा-ए-हिंद के अनुरोध पर भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने इस महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई के लिए सहमति दे दी थी. उन्होंने मामले की सुनवाई तीन जजों की पीठ के समक्ष सुनावई करने का आदेश जारी किया था. वहीं, याचिका पर सुनवाई आज होनी थी. लेकिन समय की कमी के कारण सुनवाई नहीं हो सकी।

वहीं, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने इस मामले की सुनवाई अगले सप्ताह करने का आदेश दिया. आज जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से वरिष्ठ एडवोकेट राजू रामचंद्रन, एडवोकेट वृंदा ग्रोवर, एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड इजाज मकबूल, एडवोकेट शाहिद नदीम, एडवोकेट सैफ जिया, एडवोकेट मुजाहिद अहमद और अन्य लोग अदालत में उपस्थित थे.

**स्ट के रजिस्ट्रार को पत्र लिखकर की थी सुनवाई की मांग**

जमीयत उलमा-ए-हिंद ने संभल मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में यह अर्जी दाखिल की है. जमीयत का कहना है कि धार्मिक स्थलों के 1947 के स्वरूप को बनाए रखने की बात करने वाले प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट को पूरी तरह लागू किया जाना चाहिए. इससे पहले जमीयत के वकील ने सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार को पत्र लिखकर प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट पर जल्द सुनवाई की मांग की थी।

उत्तर प्रदेश के संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा भड़क गई. सर्वे के दौरान उपद्रवियों ने पुलिसकर्मियों पर पथराव और फायरिंग की. जवाब में पुलिस की कार्रवाई और फायरिंग में चार लोगों की जान चली गई. इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने संभल तहसील में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी हैं. साथ ही 10 दिसंबर तक जिले में किसी भी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है. हालांकि, संभल में हालात तेजी से सामान्य हो रहे हैं।

**जब धर्म स्थल की दावेदारी को लेकर कोर्ट नहीं जा सकते तो ये याचिका कैसे लगा दी गई?**

ये याचिका किसी धर्म स्थल की दावेदारी को लेकर नहीं लगाई गई। बल्कि इस याचिका में तो दावेदारी पर रोक लगाने वाले 1991 के कानून की वैधानिकता को चुनौती दी गई है।



याचिकाकर्ताओं में से एक अश्विनी उपाध्याय ने कानून को भेदभावपूर्ण और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताते हुए चुनौती दी है।

याचिका में इस कानून की धारा दो, तीन, चार को रद्द करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता का कहना है कि ये धाराएं 1192 से लेकर 1947 के दौरान आक्रांताओं द्वारा गैरकानूनी रूप से स्थापित किए गए पूजा स्थलों को कानूनी मान्यता देते हैं।

याचिका में कहा गया है कि यह कानून हिंदू, जैन, सिख और बौद्ध धर्म के लोगों को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित करता है। उनके जिन धार्मिक और तीर्थ स्थलों को विदेशी आक्रमणकारियों ने तोड़ा, उसे वापस पाने के उनके कानूनी रास्ते को भी बंद करता है।

याचिका में कहा गया है कि इस एक्ट में राम जन्मभूमि का जिक्र है और उसे कानून के दायरे से अलग रखा गया है, लेकिन कृष्ण जन्म भूमि को नहीं। जबकि राम और कृष्ण दोनों ही विष्णु का अवतार हैं। ऐसे में ये कानून संविधान के आर्टिकल-14 और 15 का उल्लंघन करता है जो सभी को समानता का अधिकार देता है।

**क्या ये काशी और मथुरा के मंदिरों के लिए एक रास्ता खोलने वाली याचिका है?**

अब अगर सुप्रीम कोर्ट पूजा स्थल कानून की वैधानिकता पर विचार करता है तो इसका असर काशी-मथुरा के मंदिर विवादों पर भी पड़ेगा। इन मंदिरों के लिए भी अयोध्या मामले की तरह कानूनी लड़ाई का नया रास्ता खुल सकता है। कहा जाता है कि मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद जिस जमीन के ऊपर बनाई गई है, उसके नीचे ही वो जगह है जहां श्री कृष्ण का जन्म हुआ था। 17वीं सदी में औरंगजेब ने यहां मंदिर तोड़कर मस्जिद बनवा दी थी। इसी तरह काशी के विश्वनाथ मंदिर और ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर भी विवाद है।

**कितने मंदिर हैं जिन पर इस कानून पर होने वाले फैसले का असर पड़ेगा?**

याचिकाकर्ता के मुताबिक देश में ऐसे 900 मंदिर हैं जिन्हें 1192 से 1947 के बीच तोड़कर उनकी जमीन पर कब्जा करके मस्जिद या चर्च बना दिया गया। इनमें से सौ तो ऐसे हैं जिनका जिक्र हमारे 18 महापुराणों में है। वो कहते हैं कि इस कानून का बेस 1947 रखा गया है। अगर इस तरह का कोई बेस बनाया जाता है तो वो बेस 1192 ही होना चाहिए।

## भारी वाहनों के चलने के कारण बदल रहीं सड़कों की सूरत दुर्घटनाओं में हो रही वृद्धि

● परिवहन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही ओवरलोड वाहनों की भरमार








स्वतंत्र प्रभात

**गोण्डा।** भारी वाहनों के चलने के कारण सड़कों की सूरत बदल ही रही है और दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही। परिवाहन विभाग के अधिकारियों के द्वारा सख्त रूख न अपनाने के कारण ओवरलोड वाहनों की भरमार। ज़िले में गन्ना पेराई सत्र के शुभारंभ दो सप्ताह पहले हुई। चीनी मिलों को गन्ना आपूर्ति करने के लिए लगाएं गए वाहन टाला तथा बड़े वाहनों के द्वारा ओवरलोडिंग करके पदार्थों व सामानों का आयात निर्यात कर रहे हैं जिससे यातायात नियमों की अनदेखी कर सड़कों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सड़कों की सूरत बदल रहे हैं जिससे बड़ी बड़ी दरारें व गढ्ढे सड़कों पर बन रहें हैं। ऐसी स्थिति में जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा कोई बड़ी कार्यवाही न किए जाने से करोड़ों रुपए से बनाई गई सड़कें ध्वस्त हो रही है चीनी मिल मैजापुर, बलरामपुर के गन्ना आपूर्ति में लगाए गए वाहन टाला ओवर लोडिंग तथा बड़े वाहन राजधानी लखनऊ से करनैलगंज से बलरामपुर मार्ग होते हुए तुलसी पुर, गैसड़ी, पचपेड़वा सहित नेपाल बार्डर तक राजधानी लखनऊ से मालवाहक के ओवर लोड समानों को आयात निर्यात करने के सड़कों पर जगह जगह दरारें तथा गढ्ढे बन रहें हैं जिससे करोड़ों रुपए खर्च कर बनाएं गए सड़कों की तस्वीर बदल रही है और दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ती जा रही है।परिवाहन विभाग के अधिकारियों के द्वारा सख्त रूख न अपनाने के कारण ओवरलोड वाहनों की भरमार है। आरटीओ गोंडा से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन संपर्क नहीं हो सका अब देखना यह है कि क्या विभागीय अधिकारियों द्वारा होगी कार्रवाई या यूं ही चलता रहेगा ओवरलोडिंग का खेल।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ब्लाक नकहा ग्राम पंचायत दोनवा विकास कार्यो में जमकर हुई धांधली




**लखीमपुर खीरी** मामला विकास खंड नकहा की ग्राम पंचायत दोनवा का है जहाँ विकास कार्यो मे जमकर धांधली किये जाने का मामला प्रकाश मे आया है यहाँ पानी के बजाए जंगल कांटा दे रहा हैं हैंडपंप, कम से कम आधा दर्जन इंडिया मार्का हैंडपंप सालों से बंद पड़े हैं सूत्र बताते है कि लाखों रुपए निकाले गए हैं जबकि हकीकत से परे है लोग पानी के लिए इधर उधर से लाते हैं मनरेगा में महाघोटाले हो रहे हैं यदि बारी के अधिकारी करें जांच तो सबकुछ सामने आ सकता है ग्राम पंचायत में सालों से बंद पड़े हैंडपंप बदहाल स्थिति में है प्रधान और सचिव सारी हदें पार कर दी है अधिकारसबकुछ जानते हुए अंजान बनें बैठे हैं सचिव और प्रधान का भ्रष्टाचार चरम सीमा पर चल रहा है खंड विकास अधिकारी तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करें तो प्रधान और सचिव का भ्रष्टाचार खुल कर सामने आ सकता है खंड विकास अधिकारी प्रदीप चौधरी नकहा यदि मामले की कराये निष्पक्ष जांच तो होगा मामले का पर्दाफास।

### ट्रांसफार्मर की मरम्मत कराए जाने की मांग


**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के काशीदीन का पुरवा मजरे शोभवापुर गांव निवासियों ने उपखंड अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गांव में लगे ट्रांसफार्मर की मरम्मत कराए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि विगत कई माह से ट्रांसफार्मर में आई गड़बड़ी के कारण गांव में हाई वोल्टेज बिजली आपूर्ति हो रही है। जिससे घरों के बिजली उपकरण फुंक जा रहे हैं। बताया कि ट्रांसफार्मर से संबद्ध करीब 18 उपभोक्ताओं के घरों के बिजली उपकरण कई बार जल चुके हैं। शिकायत के बावजूद भी ट्रांसफार्मर की मरम्मत का कार्य नहीं किया गया। गांव निवासी रामकिशोर पाल, सुनील कुमार पाल, गयादीन, ईश्वरदीन, परमेश्वर, संतोष, मुन्नूलाल, बच्चूलाल, जगदीश यादव ने बताया ग्रामीणों ने बताया कि गांव के प्राथमिक विद्यालय के पीछे लगे 25 केवीए के ट्रांसफार्मर में आई गड़बड़ी से विद्युत आपूर्ति प्रभावित है। हाई बोल्टेज के कारण उनका काफी नुकसान हो चुका है। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर की मरम्मत कराई जाने की मांग की है।

## प्रमाण पत्र को प्रधान ने बताया फर्जी डी एम को शपथ पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग

**बरेली/ नवाबगंज** तहसील के विकासखंड भदपुरा की ग्राम पंचायत क्यों लड़ियां के मजरा गांव केला डाडी मैं विवादित जगह को ग्राम प्रधान के फर्जी हस्ताक्षर बना कर प्रमाण पत्र बनाकर सुन्नी बफ बोर्ड लखनऊ में पंजीकरण कराने को यहां की ग्राम प्रधान पुष्पा देवी ने पुलिस ब डी एम को शपथ पत्र देकर दावा किया है के दूसरे पक्ष ने जो प्रमाण पत्र बफ बोर्ड में दाखिल किया है वह पूरी तरह फर्जी है मेरे द्वारा जारी नहीं किया गया साथ ही उन्होंने दावा किया गांव केला डाडी में कभी भी मस्जिद नहीं थी दूसरे समुदाय द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र मनगढ़ंत एवं फर्जी है। इसलिए कमेटी पर इस कृति के लिए जिम्मेदार मानते हुए रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जाए ग्राम प्रधान पुष्पा देवी ने उनके साथ की गई धोखाधड़ी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अब दावा किया जो लेख प्रमाण पत्र में लिखा है वह भी किसी अन्य व्यक्ति का है उसी ने मेरे हस्ताक्षर बनाने का प्रयास किया परंतु बना




नहीं पाया है इस बाबत उन्होंने 23 नवंबर 24 को क्यों लड़िया पुलिस को कमेटी अध्यक्ष के साथ सभी सदस्यों को सम्मिलित करते हुए 41 लोगों के विरुद्ध तहरीर दी गई थी। जिस पर पुलिस ने अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं की है उन्होंने स्वतंत्र प्रभात से बात करते हुए कहा यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वह इस मामले को उच्च अधिकारियों से लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के दरबार तक ले जाएंगे ताकि इस तरह की धोखाधड़ी करने वालों के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही की जा सके और यह भी स्पष्ट हो सके कि यह मोहर कहां और



उपरोक्त शपथ पत्र ... दि0 20-11-2024 ...

ग्राम पंचायत क्योलड़िया प्रधान पुष्पा देवी वि0 ख0 भदपुरा, बरेली



Certified that the copy is issued under the provisions of Section 30(1) of Waqf Act 1995.

TRUE COPY

COMPARED BY

Incharge Record
U.P. Sunni Central Waqf Board
Lucknow

कैसे बनी जिसे लगाकर मेरे फर्जी हस्ताक्षर कर प्रमाण पत्र बनाकर सुन्नी बस बोर्ड में जमा किया गया यह मेरे एवं प्रशासनिक व्यवस्था के लिए कड़ी चुनौती है।

## एसडीएम ने विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

● खराब व्यवस्था पर जताई नाराजगी

स्वतंत्र प्रभात

**कलान-शाहजहांपुर/**एसडीएम ने तहसील कलान क्षेत्र में विकास खण्ड मिर्जापुर के गांव बसई,बल्लिया के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें कई खामियां मिलीं।उन्होंने विद्यालयों की बदतर व्यवस्था,बंद आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं शिक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यत्रियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जतायी।

कलान की उप जिला अधिकारी चित्रा निर्वाल ने गांव बसई के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक व बल्लिया के प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय बसई के कई कमरे बंद मिले।जिन पर ताला लगा हुआ था और दो शिक्षामित्र 5-6 बच्चों को पढ़ा रहे थे।विद्यालय परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र भी बंद था और आंगनबाड़ी कार्यकत्री भी अनुपस्थित थीं। इस दौरान शिक्षामित्र ने बताया कि विद्यालय की प्रधानाध्यापक ट्रेनिंग पर गये हुये हैं।विद्यालय की चाबी उन्हीं के पास है।जिस वजह से कमरों का ताला नहीं खोला गया है। एसडीएम ने बताया कि निरीक्षण के दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री बाल टूटी हुई थी और भवन भी जर्जर अवस्था में है। विद्यालय में एक शिक्षक कक्षा 6 व 8 के छात्रों को पढ़ाते मिला। उसने बताया कि विद्यालय के कार्यो में ग्राम प्रधान द्वारा सहयोग नहीं किया जा रहा है जिस वजह से विद्यालय कि स्थिति काफी दयनीय है। अध्यापक ने बताया कि विद्यालय के कार्यो को कराने के लिए जब ग्राम प्रधान कहा जाता है तो ग्राम प्रधान रुपए मांगते हैं।वहीं प्राथमिक विद्यालय बल्लिया के निरीक्षण के दौरान दो सहायक अध्यापकों में एक अध्यापक अनुपस्थित मिला।पूछे जाने पर बताया गया कि महिला इंचार्ज ट्रेनिंग पर गई हुई हैं।जिस वजह से वह आज अनुपस्थित हैं। वहीं पास में बने आंगनबाड़ी केन्द्र में करीब 12 बच्चे बैठे हुए थे लेकिन उनको पढ़ाने वाला कोई नहीं था।जानकारी करने पर पता चला कि आंगनबाड़ी केन्द्र पर तैनात आंगनबाड़ी नीतू शाहजहांपुर में रहती हैं।जिस वजह से वह कभी-कभार ही केन्द्र खोलने आती हैं।



प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के पास इतना समय नहीं होता है कि वह आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को पढ़ा सकें। एसडीएम ने बताया कि गांव की गलियों की स्थिति खराब है। गलियों में कीचड़ भरा हुआ है। गांव में विकास नहीं हुआ है। जब ग्राम प्रधान को बुलाया गया तो वह मौके पर नहीं आया।गांव में सफाई व्यवस्था भी ध्वस्त है। इससे प्रतीत होता है कि ग्राम प्रधान न तो विद्यालय के कार्यों में सहयोग करता है और न ही गांव में कोई विकास करवा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान को गांव के विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था और गांव के विकास पर ध्यान देना चाहिए।उन्होंने कहा कि ऐसे लापरवाह ग्राम प्रधानों के कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## जिले में मानकों के विपरीत संचालित हो रही पैथोलॉजी लैब

● काम न होने पर पीड़ित ने मांगी रकम तो जान मारने की धमकी

स्वतंत्र प्रभात

**पीलीभीत।** नगर से लेकर देहात तक इन दिनों अवैध पैथालॉजी लैब की बाढ़ सी आ गई है। बड़ी संख्या में बेमानक पैथोलॉजी लैब संचालित हो रही है। क्षेत्र से लेकर जिला मुख्यालय के विभिन्न गली मुहल्ले में मानक विहीन दर्जनों पैथोलॉजी लैब (जांच घर) व निजी नर्सिंग होम चल रहे हैं। इन दिनों गांव के गरीब मरीजों के बड़े से बड़े ऑपरेशन करने से भी परहेज नहीं करते हैं। कई बार गलत तरीके से उपचार करने पर मरीज के गंभीर स्थिति पर कई लोगों की जान भी जा चुकी है। जिसके बाद परिजनों द्वारा काफी हंगामा भी किया जाता रहा है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। जिसके चलते इन निजी अस्पतालों व पैथोलॉजी धा मजे से फल फूल रहा है। स्थानीय लोगों का के शहर से लेकर प्रखंड क्षेत्र में चल रहे छोटे बड़े निजी नर्सिंग होम व पैथोलॉजी लैब में नियमों की अनदेखी की जा रही है। पूरनपुर, बिलसंडा, सहित अन्य

**क्षेत्रों में दर्जनों पैथोलॉजी और प्राइवेट हॉस्पिटल**

संचालित हैं जो मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं। वही पूरनपुर और बिलसंडा क्षेत्र में मानक के विपरीत तमाम पैथालॉजी लैब संचालित हो रही है। जानकारी के अनुसार इन फर्जी लैब संचालकों के पास न तो कोई अनुमति होती है, न ही कोई लैब टेक्नीशियन उपलब्ध हैं। नियमों की बात करें तो लैब संचालन के लिए एमडी पैथोलॉजिस्ट मौजूद होना चाहिए, लेकिन अधिकांश लैब पर पैथोलॉजिस्ट के दस्तावेजों के भरोसे ही काम चल रहा है। यहां तक इन लैब पर टेक्नीशियन तक मौजूद नहीं है। सूत्र बताते है कि मरीज ज़ब अपना इलाज करवाने डॉक्टर के पास जाता है, तो उसे खून- पेशाब की जांच करवाने के लिए कहा जाता है। छोटी से छोटी जांच में भी 400 से 350 रुपए खर्च हो जाते हैं। टेस्ट के बाद जिस डॉक्टर का पर्चा होता




है, उसके पास ली गई फीस अनुसार कमीशन पहुंच जाता है। इन दिनों क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की साठगांठ से सैकड़ों मानक के विपरीत पैथोलॉजी लैब, प्राइवेट हॉस्पिटल और योलाछाप डॉक्टरों की क्लीनिक संचालित हो रही हैं। 1 को लेकर कई बार शिकायतें मिल चुकी हैं, स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इसके परिणामस्वरूप कई लोग गलत इलाज के कारण अपनी जान गंवा चुके हैं। इन मामल स्वास्थ्य विभाग की चप्पणी पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग की साठगांठ से ये मानक विहीन अस्पताल और क्लीनिक चल रहे हैं। जिले में कई और पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड केंद्रों का नियमों को दरकिनार कर संचालन किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की नींद नहीं टूट रही है। ग्रामीण क्षेत्रों और कस्बों की कौन कहे शहर में जिला अस्पताल के आसपास ही कई केंद्र मानकों के विपरीत चल रहे हैं जिनकी जांच भी नहीं की जा रही है। ग्रामीण इलाकों में कुछ क्लीनिक और नर्सिंग होम भी ऐसे हैं जहां बिना लाइसेंस के मेडिकल स्टोर लैब संचालित किए जा रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी भी इनकी जांच करना उचित नहीं समझते।

## गन्ना किसानों ने नहीं लिए टोकन, मिल के गेट पर जमकर किया हंगामा, दो घंटे बंद रही मिल

स्वतंत्र प्रभात

**पीलीभीत** के बीसलपुर में गन्ना न लिए जाने से नाराज किसानों ने मंगलवार रात कई घंटे तक हंगामा किया। मिल द्वार स्थित गन्ना क्रय केंद्र पर सात घंटे गन्ने की तौल बंद रही। गन्ना न मिलने से चीनी मिल भी करीब दो घंटे बंद रही। बाद में पुलिस के आने पर स्थिति सामान्य हुई।

किसान सहकारी चीनी मिल के गेट पर स्थित केंद्रों पर खराब गन्ना न लिए जाने से किसान पिछले दो दिनों से हंगामा कर रहे थे। मंगलवार की रात लगभग आठ बजे जब चीनी मिल के टीम ने किसानों का खराब गन्ना फेल करना शुरू किया, तो केन यार्ड में मौजूद सभी किसान एकजुट हो गए। किसानों ने गन्ना तुलवाने के लिए टोकन लेना बंद कर दिया। किसान हंगामा करने लगे। किसानों का आरोप था कि खराब गन्ना बताकर किसानों को बेवजह परेशान किया जा रहा है।

सात घंटे ठप रही तौल किसानों की ओर से टोकन न लिए जाने के कारण मिल गेट स्थित केंद्रों पर सात घंटे तक गन्ने की तौल




ठप रही। गन्ना न मिल पाने के कारण चीनी मिल भी 12 बजे से दो बजे तक दो घंटे बंद रही। इस बीच मिल के मुख्य गन्ना अधिकारी अवधेश कुमार और जीएम डॉ. हरिकृष्ण गुप्ता ने आक्रोशित किसानों को समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन किसान नहीं माने और हंगामा करते रहे। जानकारी होने पर रात लगभग दो बजे कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और किसानों को समझा कर शांत किया। इसके बाद किसानों ने गन्ना तुलवाना शुरू किया। कुछ देर बाद चीनी मिल भी चालू हो गई।

चीनी मिल के मुख्य गन्ना अधिकारी ने बताया कि खराब गन्ना न लिए जाने से नाराज होकर किसान भड़क गए थे। किसानों ने सात घंटे तक गन्ना नहीं तुलवाया। गन्ना न मिल पाने के कारण चीनी मिल भी बंद रही। किसानों को समझा कर शांत कर दिया गया।

दैनिक स्वतंत्र प्रभात
www.swatantraprabhat.com



## संक्षिप्त ख़बरें

### ट्रक और कार की भिड़ंत में डॉक्टर सहित कार सवार तीन गंभीर



**बस्ती।** बस्ती जिले कप्तानगंज थाना क्षेत्र के सुबह 4 बजे गोरखपुर लखनऊ नेशनल हाईवे ब्लॉक कप्तानगंज गड़हा गौतम बस्ती के पास ट्रक और कार की आपस में भिड़ंत हो गई। जिससे कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कार लखनऊ से भानपुर बस्ती की ओर जा रही थी। तीनो घायलों में एक व्यक्ति डॉक्टर सौरभ चतुर्वेदी, अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, ग्राम मनकौरा,ब्लाक रामनगर, तहसील भानपुर के रहने वाले हरीश पुत्र संतराम उम्र 26 वर्ष और ग्राम उकड़ा रामनगर, भानपुर बस्ती के रहने वाले मनीष पुत्र चिंतामणि उम्र 32 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुँची पुलिस की टीम ने तत्काल एंबुलेंस से घायलों को प्राथमिक उपचार करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज पहुंचाया। सभी घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सभी को एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टर सौरभ को लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है। ए.एल.एस.एंबुलेंस द्वारा डॉक्टर सुरेंद्र को लखनऊ पहुंचाया गया। दोनों घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

### दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

**अंबेडकरनगर।** समग्र शिक्षा अभियान माध्यमिक के अन्तर्गत कक्षा 6 से 12 तक के दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए जनपद स्तरीय समेकित खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम 7 दिसम्बर को राजकीय इण्टर कालेज अकबरपुर में आयोजित किया जाएगा। जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक निरंजन लाल ने बताया कि दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए कुर्सी दौड़, ट्राईसाइकिल रेस, रस्साकसी, निबन्ध प्रतियोगिता, विषय आधारित कला प्रतियोगिता जैसे पर्यावरण एवं जल संरक्षण, वन्य जीव संरक्षण, स्वच्छ-स्कूल सुंदर-स्कूल, वृक्ष बचाओ आदि, गायन, नृत्य, वादन प्रतियोगिता, छूकर पहचाना, फुटबॉल प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा। समग्र शिक्षा माध्यमिक के जिला समन्वयक जितेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने जनपद के सभी विद्यालयों को इस आयोजन में प्रतिभाग करने का निर्देश जारी किया है।

### किशोरी से दुष्कर्म में मौसेरे भाई को दस वर्ष की सजा

**अंबेडकरनगर।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो मोहन कुमार ने किशोरी से दुष्कर्म के दोषी मौसेरे भाई को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 40 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया।मामला तीन वर्ष पहले अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र का है। एक ग्रामीण ने दर्ज कराए केस में कहा कि एक जून 2021 की रात चांदपुर भटपुरा निवासी विजय कुमार रात तीन बजे घर के बगल लगे पेड़ के सहारे छत पर चढ़ गया। इसके बाद वहां सो रही 16 वर्षीय पुत्री को डरा धमकाकर दुष्कर्म किया। किशोरी ने अपने बयान में कहा कि इस घटना को अंजाम देने वाला युवक उसकी मौसी का पुत्र है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद जेल भेज दिया गया।इस मामले में अब सुनवाई पूरी करते हुए विशेष न्यायाधीश पॉक्सो मोहन कुमार ने आरोपी को दोषी पाया। उसे 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। उस पर अर्थदंड भी लगाया। कहा कि अर्थदंड अदा न करने पर तीन माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

### शांति समिति की बैठक कर भाईचारा बनाए रखने पर दिया जोर

**राजापुर, चित्रकूट-** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में राजापुर क्षेत्राधिकारी जयकरन सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को शांति समिति के सदस्यों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में क्षेत्राधिकारी ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि/ बाबरी मस्जिद प्रकरण में प्रत्येक वर्ष छह दिसम्बर को मुस्लिम संगठनों/ सम्प्रदाय द्वारा काला दिवस व हिन्दू संगठनों द्वारा शौर्य दिवस मनाया जाता है। इसके साथ ही डॉ भीमराव अम्बेडकर साहब का परिनिर्वाण दिवस मनाया जाता है। इसके तहत क्षेत्राधिकारी ने गोष्ठी में उपस्थित सभी समुदायों के सदस्यों से नगर क्षेत्र में भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की तथा शासन के दिशा-निर्देशों के सम्बन्ध में भी जानकारी दी। इस मौके पर थाना सरधुवा के अपराध निरीक्षक अंजनी कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा मऊ, बरगढ़, मारकुण्डी व पहाड़ी थानों में भी शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी से आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण माहौल को बनाए रखने की अपील की गई।

# सात वर्षीय मासूम दुष्कर्म एवंहत्यारोपित को आजीवन कारावास की सजा, जुर्माना

**स्वतंत्र प्रभात**



**बस्ती।** बस्ती न्यालयपास्को एक्ट द्वाराउम्र कैद तथा 35हजार की सजा सात वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या के आरोपित को विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट विनोद कुमार ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। न्यायालय ने 35 हजार रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया है। जुर्माना न देने पर एक वर्ष सात माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मासूम को भगाने में शामिल दो अन्य आरोपितों का मामला अलग से विचाराधीन है। अधिवक्ताविशेष शासकीय अखिलेश कुमार दुबे ने अभियोजन की ओर से न्यायालय में पक्ष रखा। घटना सात वर्ष पूर्व पैकोलिया थाना क्षेत्र के एक गांव की है। आरोपित प्रदीप कुमार हरैया थाना के हनुमानगढ़ी वार्ड हरैया का रहने वाला है। वादी की पुत्री व देवर की छह वर्षीय पुत्री दोनों साथ गई थीं। प्रदीप कुमार, भानु व रामजी यादव ने मिल कर दोनों बच्चियों को भगा ले गए। वादिनी मुकदमा के देवर की पुत्रीउनके पकड़ से भाग कर अपनी बड़ी मां के पास आई। बताया कि वह लोग उसकी चचेरी बहन को उठा ले गए हैं। काफी खोजबीन के बाद पता नहीं चला। दूसरे दिन आठ बजे सुबह एक पुराने मकान के पास खून से सना मासूम को बरामद किया गया। मासूम को गोरखपुर मेडिकल कालेज में भेजा गया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

**डीएनए टेस्ट**

पोस्टमार्टम में दुष्कर्म की पुष्टि हुई। डीएनए टेस्ट हुआ था, जिसमें पुरुष शुक्राणु मिले थे। पुलिस ने हत्यारोपित प्रदीप के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायालय ने दोनों पक्ष को साक्ष्य प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया। सुनवाई के बाद प्रदीप को दोषी पाया और सजा सुनाई है। साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या के आरोपित को विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट विनोद कुमार ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। न्यायालय ने 35 हजार रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया है। जुर्माना न देने पर एक वर्ष सात माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मासूम को भगाने में शामिल दो अन्य आरोपितों का मामला अलग से विचाराधीन है। अधिवक्ताविशेष शासकीय अखिलेश कुमार दुबे ने अभियोजन की ओर से न्यायालय में पक्ष रखा। घटना सात वर्ष पूर्व पैकोलिया थाना क्षेत्र के एक गांव की है। आरोपित प्रदीप कुमार हरैया थाना के हनुमानगढ़ी वार्ड हरैया का रहने वाला है। वादी की पुत्री व देवर की छह वर्षीय पुत्री दोनों साथ गई थीं।

प्रदीप कुमार, भानु व रामजी यादव ने मिल कर दोनों बच्चियों को भगा ले गए। वादिनी मुकदमा के देवर की पुत्रीउनके पकड़ से भाग कर अपनी बड़ी मां के पास आई। बताया कि वह लोग उसकी चचेरी बहन को उठा ले गए हैं। काफी खोजबीन के बाद पता नहीं चला। दूसरे दिन आठ बजे सुबह एक पुराने मकान के पास खून से सना मासूम को बरामद किया गया। मासूम को गोरखपुर मेडिकल कालेज में भेजा गया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग , लाखों का सामान जलकर हुआ राख



**अम्बेडकरनगर।** छप्पर के ऊपर से जा रहे विधुत के हाई वोल्टेज तार से शार्ट सर्किट होने के कारण छप्पर में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बृजपति विश्वकर्मा पुत्र स्वर्गीय राजकरन विश्वकर्मा निवासी ग्राम दामोदरपुर चकिया तहसील अकबरपुर जिला अम्बेडकर नगर का छप्पर जिसमें उनके लाखों का सामान रखा हुआ था। अचानक उसमें शार्ट सर्किट से आग लग जाने के कारण सब कुछ जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के कड़ी मशक्कत के बावजूद भी छप्पर में रखे हुए लाखों का सामान को जलने से नहीं बचाया जा सका। छप्पर में रखा हुआ अनाज, कपड़े, ठेला, तख्त व बिस्तर समेत लाखों का सामान जलकर राख होने के कारण परिवार में गम फैला हुआ है।

## कांग्रेस नेता महेन्द्र ने शुरू किया विकास कार्यो के सूचना मांगने का अभियान

**स्वतंत्र प्रभात**



**बस्ती।** बस्ती जिले केकांग्रेस आरटीआई विभाग द्वारा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिये सूचना अधिकार के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आरटीआई विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्वान्चल प्रभारी महेन्द्र श्रीवास्तव ने खण्ड विकास अधिकारी कप्तानगंज से ग्राम पंचायत माझा के ग्राम प्रधान द्वारा कराये गये विकास कार्यो के सम्बन्ध में 7 विन्दुओं पर जानकारी मांगी है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से कांग्रेस नेता महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिये पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने ग्राम पंचायतों को सीधे धन देने की व्यवस्था किया। इसके चलते देश के अनेक गांवों की सूरत बदल गई किन्तु कुछ ग्राम प्रधान सचिव से मिलीभगत कर ग्राम पंचायतों में आने वाले धन का खुला बंदरबाट कर रहे हैं। इस कारण से विकास की गति अत्यन्त धीमी है। कांग्रेस ने घूस को घूसा दिखाने के लिये देश को सूचना का अधिकार दिया। दुर्भाग्य से पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने देश के आम जनता को जो अधिकार दिया भाजपा की सरकार में उसे भोथरा कर दिया गया है। अधिकारी जनहित की सूचना देने में भी आनाकानी करते हैं । इसके बावजूद कांग्रेस का जनहित में यह अभियान जारी है। खण्ड विकास अधिकारी कप्तानगंज से ग्राम पंचायत माझा के ग्राम प्रधान द्वारा कराये गये विकास कार्यों आवास, शौचालय, मनरेगा, सचिवालय निर्माण आदि के सम्बन्ध में विवरण मांगा है।

# दो दिवसीय जनपद स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं संस्कृति समारोह 2024 का शुभारम्भ

**स्वतंत्र प्रभात**



**अम्बेडकनगर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय बेवाना, अकबरपुर अम्बेडकरनगर में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों का दो दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारम्भ धर्मराज निषाद, विधायक कटेहरी, श्याम सुन्दर वर्मा, अध्यक्ष जिला पंचायत, द्वारा खेल ध्वजारोहण एवं हरी झण्डी दिखाकर हुआ। उक्त अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेन्द्र प्रताप सिंह ने समस्त अतिथियों का बुके एवं बैज लगाकर स्वागत किया करने के उपरान्त जनपद की उपलब्यिों को प्रस्तुत किया। प्रा. वि. कुर्मीपुर व प्रा. वि.थर्मल प्रोजेक्ट के बच्चों ने सरस्वती वन्दना एवं कम्पोजिट उ.प्रा.वि. अलउपुर ने स्वागत गीत तथा उ. प्रा.वि. जहांगीरगंज ने योगा, कम्पोजिट वि बसोहरी ने शिव ताण्डव, प्रा.वि.पहितीपुर ने एकल नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी के रूप में समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक धर्मराज निषाद ने बताया खेल व्यक्ति के जन्म से लेकर मृत्यु तक उसके जीवन का महत्त्वपूर्ण अंग है। उन्होंने बच्चों की खेल प्रतिभा को निखारते हुए प्रदेश व देश स्तर तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा ने ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने के संकल्प लिया।

जिला व्यायाम शिक्षक मो. हसन, जिला स्काउट मास्टर रवीन्द कुमार तथा समस्त ब्लाक व्यायाम शिक्षक उपस्थित होकर खेल को सम्पन्न कराने में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ विजय चन्द्र मिश्र ने किया। 100 मीटर उच्च प्राथमिक बालक स्तर दौड़ में प्रथम विनोद बसखारी, द्वितीय सिराज-कटेहरी, तृतीय अभय जहांगीरगंज, बालिका वर्ग में प्रथम प्रज्ञा-भियांव, द्वितीय प्रीती जहांगीरगंज, तृतीय अंजली कटेहरी ने स्थान प्राप्त किया। पीटी में विकासखण्ड जलालपुर ने प्रथम व जहांगीर गंज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जनपद के समस्त शिक्षक संघों के पदाधिकारी गण भी उपस्थित रहे। अभिलेखन समिति संतोष कुमार, शरद श्रीवास्तव, श्याम जायसवाल, सत्यम भारती, शैलेन्द्र शशि तथा आंकड़ा संगणक के रूप में रवि प्रकाश चौधरी व जय प्रकाश चौधरी ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

## कमरे में आग के हवाले हो गई मां, बेटी, जमीन विवाद में जलाकर मार डालने का आरोप



**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के सेठा गांव निवासी मां, बेटी की कमरे में संदिग्ध अवस्था में जलकर मौत हो गई। परिजनों ने जमीन विवाद के चलते उनकी जलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मां, बेटी की कमरे में आग की लपटों में झुलसकर मृत पाए जाने की घटना से गांव में सनसनी फैल गई। मौके पर एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी, सीओ कलवारी, एसडीएम हर्रैया, बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंची। मौत के कारणों के बारे में जानकारी ली। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए। जानकारी के अनुसार कप्तानगंज थाना क्षेत्र के सेठा गांव निवासी गोदावरी देवी (55)पत्नी अवधेश उपाध्याय, बेटी सौम्या (25) के घर के कमरे से धुआं निकलता देख इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर कप्तानगंज पुलिस, अग्निशमन विभाग की टीम पहुंची। दोनों को झुलसी अवस्था में मृत पाया। सूचना बाद मौके पर एसपी सहित अन्य पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटना के बारे में जानकारी ली। मृतका की बड़ी बेटी सौम्या ने परिवार के ही कुछ लोगों और पड़ोसी पर अपनी मां और बहन को जमीनी विवाद के चलते जलाकर मार डालने का आरोप लगाया है। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने कहा कि झुलसी अवस्था में कमरे में दो शव मिले है, जो मां, बेटी के बताए जा रहे है। मामले की जांच में जो भी दोषी मिलेंगे उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी । फिलहाल घटना को पारिवारिक विवाद से जोड़ कर देखा जा रहा है। पुलिस ने दोनो शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### एकदिवसीय चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन



**पचपेड़वा(बलरामपुर)-** पचपेड़वा के ब्लॉक प्रमुख मनोज तिवारी ने अपने पिता स्व0डॉ0नरेंद्र बहादुर तिवारी जी की पुण्यस्मृति में एकदिवसीय चिकित्सा शिविर का गनेशपुर में अपने आवास पर आयोजन किया जिसका उद्घाटन गैंसड़ी के पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू ने किया।इस चिकित्सा शिविर में क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और चिकित्सा शिविर का लाभ उठाए।क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोगों को भी आमंत्रित किया गया। चिकित्सा अधीक्षक पचपेड़वा डॉ0विजय कुमार, डॉ0गयासुद्दीन खान, डॉ0आशुतोष तिवारी, डॉ0प्रभात त्रिपाठी, डॉ0आतिफ मालिक, डॉ0पंकज सिंह, डॉ0सिद्धार्थ, अमित कुमार आदि लोगों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।नगर पंचायत अध्यक्ष पचपेड़वा रवि वर्मा, नगर अध्यक्ष गैंसड़ी प्रिंस वर्मा, ब्लॉक प्रमुख गैंसड़ी शक्ति सिंह, भाजपा नेता पप्पू मिश्रा सहित पचपेड़वा क्षेत्र के तमाम ग्राम प्रधान उपस्थित होकर इस कार्यक्रम के रौनक को बढ़ा दिए।बीपी व शुगर जाँच,दन्त परीक्षण,ब्लड जाँच(सीबीसी) एवं दवा का निःशुल्क वितरण किया गया।इस चिकित्सा शिविर में 400 से ऊपर मरीजों ने लाभ उठाया।

## एक दूजे के हुए 200 जोड़े, अतिथियों ने दिया उपहार व आशीर्वाद

**स्वतंत्र प्रभात**



**अयोध्या।** सोहावल विकास खण्ड प्रांगण में बृहस्पतिवार को आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 200 जोड़ें विवाह बंधन में बंधे तथा 11 मुस्लिम जोड़े भी शामिल रहे, अतिथियों ने नव दंपतियों को आशीर्वाद, उपहार व प्रमाण पत्र भेंट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीकापुर विधायक डा0 अमित सिंह चौहान ने किया। उन्होंने ने कहा कि परिणय सूत्र में बंधे सभी नव दम्पतियों का जीवन खुशहाली से भरा रहे। योगी जी के नेतृत्व में प्रदेश का विकास हो रहा है,सभी विकास खण्डों में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है, जिले में सबसे ज्यादा सामुहिक विवाह का आयोजन सोहावल में हुआ है और इस बार 200 की संख्या रिकॉर्ड जोड़ों की शादी हो रही है। योगी जी की सोच सभी के प्रति बराबर की सोच है, यदि आप पात्र हैं तो बग़ैर जाति धर्म देखें लाभ मिल रहा है। पूर्व की सरकारों ने गरीबों का ध्यान नहीं दिया सनातन धर्म में कहा गया है सबसे बड़ा दान कन्या दान। उत्तर प्रदेश सरकार प्रति जोड़ें पर 51 हजार रुपए खर्च कर रही है, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी की सोच है जबतक गांव का विकास नहीं होगा तब-तक प्रदेश का विकास नहीं होगा सड़क,बिजली शौचालय, किसान सम्मान निधि, पेंसन, किसान दुर्घटना बीमा आयुष्मान योजना का लाभ आसानी से सभी पात्रों के पास पहुंच रहा है, योगी जी प्रदेश को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं । कार्यक्रम का संचालन कवि पंकज मिश्रा ने किया। भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विवेक पांडेय की टीम द्वारा प्रस्तुत मांगलिक गीतों ने लोगों का मन मोहा। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव, ब्लॉक प्रमुख अनिल कुमार, सर्वेश सिंह स चौहान, जिला समाज कल्याण अधिकारी रण विजय सिंह एडियो समाज कल्याण रवीस मिश्रा, खण्ड विकास अधिकारी अनुपम वर्मा,एडियो पंचायत अनिरूद्ध वर्मा, रंजीत त्रिपाठी,अनिल सिंह, मां शारदा परिवार की तरफ से वर वधुओं को निशुल्क मैहर माता दर्शन कराया जाएगा इस मौके पर वर एवं वधू पक्ष के तमाम लोग मौजूद रहे।

## ऊ .प्र. मुख्यमंत्री के द्वारा 43वें रामायण मेला का शुभारंभ अयोध्या में

**स्वतंत्र प्रभात**

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहाकि 500 वर्ष पहले बाबर के सिपहसालार ने अयोध्या, संभल में जो कृत्य किया था और जो काम आज बांग्लादेश में हो रहा है, तीनों की प्रकृति-डीएनए एक जैसा है। कोई मानता है कि यह बांग्लादेश में हो रहा है तो गलतफहमी में न रहे। यहां भी बांटने वाले तत्व पहले से खड़े हैं। वे सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न और सामाजिक एकता को तोड़कर, आपको बांटकर फिर काटने व कटवाने का इंतजाम भी कर रहे हैं। बांटने वाले बहुत सारे लोग ऐसे हैं, जिन्होंने दुनिया के कई देशों में प्रॉपर्टी खरीद रखी है। यहां संकट आएगा तो वे वहां भाग जाएंगे और मरने वाले मरते रहेंगे, लेकिन हम प्रभु के आदर्शों से प्रेरणा लेकर उसके अनुरूप खुद को तैयार करते हुए पीएम मोदी के 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत 'के निर्माण में योगदान देंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामायण मेला समिति द्वारा आयोजित 43वें रामायण मेला का गुरुवार को रामकथा पार्क में शुभारंभ किया। इस दौरान सीएम ने पुस्तिका का विमोचन भी किया। सीएम ने रामायण मेला समिति को आश्वस्त किया कि अयोध्या में कुछ नया लेकर आइए, सरकार सदा आपके साथ है। उन्होंने रामायण पर शोध की आवश्यकता पर बल दिया। सीएम ने कहा कि अयोध्या धाम को पुरातन गौरव प्राप्त हो। इसके लिए सरकार नित कार्य कर रही है।

**दुनिया के लिए मार्गदर्शक है अयोध्या**

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या ने हजारों वर्षों से विश्व कल्याण की मानवता का मार्ग प्रशस्त किया है। अयोध्या दुनिया के लिए मार्गदर्शक है। यहां कोई युद्ध करने का दुस्साहस नहीं कर सकता। राग-द्वेष से मुक्त अयोध्या दुनिया में चल रहे द्वंद्व के समाधान की भूमि है। प्रभु कृपा से अयोध्या धाम आज आध्यात्मिक व सांस्कृतिक रूप से वैश्विक नगरी के रूप में फिर से नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है। जनवरी में पीएम नरेंद्र मोदी के करकमलों से 500 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद प्रभु फिर से राम मंदिर में विराजमान हुए हैं। 22 जनवरी को आयोजन अयोध्या में था, लेकिन उत्सव पूरा देश-दुनिया में मनाया जा रहा था। सीएम योगी ने कहा कि यह रामायण मेला 1982 में प्रारंभ हुआ। इससे पहले समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया ने अलग-अलग क्षेत्रों में रामायण मेला, रामायण उत्सव के कार्यक्रम प्रारंभ कराए। उनसे एक पत्रकार ने पूछा कि इतनी विषमता के बावजूद भारत एक कैसे है, तब उन्होंने कहा कि मैं




मंदिर नहीं जाता, लेकिन दृढ़ विश्वास है कि जब तक भारत की आस्था तीन आराध्य देव (श्रीराम, श्रीकृष्ण व भगवान शिव) के प्रति बनी रहेगी, तब तक इसका कोई बालबांका नहीं कर पाएगा। इसकी एकता-अखंडता को कोई चुनौती नहीं दे पाएगा। भारत-भारत बना रहेगा। उन्होंने अपने उदाहरण से बताया कि आर्यवत की सीमा सीमित थी, लेकिन हजारों वर्ष पहले हमारे आराध्य श्रीराम ने इसे विस्तार दिया। भगवान श्रीकृष्ण ने पूरब को पश्चिम से जोड़ने का कार्य किया। भगवान शंकर ने द्वाद्वश ज्योतिर्लिंग के माध्यम से सनातन एकता को सुदृढ़ किया। सीएम ने कहा कि अब के समाजवादी डॉ. लोहिया का आदर्शन नहीं मानते। इस अवसर पर मणिराम दास छावनी के महंत व आयोजन समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महंत कमलनयन दास जी महाराज, जगद्गुरु स्वामी रामदिनेशाचार्य जी महाराज, जगद्गुरु




स्वामी राघवाचार्य जी महाराज, बड़े भक्तमाल मंदिर के महंत अवधेश कुमार दास जी महाराज, पूर्व सांसद डॉ. रामविलास वेदांती, सुनीता शास्त्री, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, विधायक वेदप्रकाश गुप्त, कमलेश सिंह, नागा रामलखन दास, संयोजक आशीष मिश्र आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. जनार्दन उपाध्याय ने किया।

# अयोध्या में कब्रिस्तान की जमीन पर पानी की टंकी निर्माण रोकवाने की मांग

**स्वतंत्र प्रभात**

**अयोध्या।** बाग बिजेसी, परगना हवेली अवध तहसील सदर स्थित एक ऐतिहासिक कब्रिस्तान की जमीन पर जल निगम द्वारा पानी की टंकी निर्माण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह कब्रिस्तान सैकड़ों साल पुराना है, जिसमें उनके पूर्वजों की कब्रें मौजूद हैं। इस जमीन पर जल निगम ने जेसीबी मशीनों से खुदाई शुरू कर दी है, जिससे मुस्लिम समुदाय की भावनाएं आहत हो रही हैं।

**क्या है मामला?**

गाटा संख्या ख में स्थित इस कब्रिस्तान का उपयोग लंबे समय से मुस्लिम समुदाय द्वारा किया जाता रहा है। स्थानीय लोगों का दावा है कि इस भूमि पर उनके पूर्वजों के नाम सन्



1344-50 में दर्ज हैं। जल निगम द्वारा यहां पानी की टंकी निर्माण के लिए खुदाई किए जाने पर समुदाय ने कड़ा विरोध जताया है।

**स्थानीय निवासियों की मांग**

मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नगर निगम के महापौर व संबंधित अधिकारियों से अपील की है कि इस ऐतिहासिक कब्रिस्तान की भूमि पर प्रस्तावित पानी की टंकी का निर्माण रोका जाए। उनका कहना है कि यह न केवल धार्मिक भावना का उल्लंघन है, बल्कि उनके पूर्वजों की यादों का भी अपमान है। इस मामले ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बिना समुदाय की सहमति के कब्रिस्तान की जमीन पर खुदाई किया जाना अनुचित है। विरोध बढ़ने के बाद स्थानीय प्रशासन और जल निगम के अधिकारियों पर दबाव बढ़ गया है। समुदाय ने मांग की है कि जल्द से जल्द निर्माण कार्य रोका जाए और इस विवाद का समाधान निकाला जाए। अब देखना होगा कि प्रशासन इस संवेदनशील मामले पर क्या कदम उठाता है।

### एक को होगी मंडलीय पेंशन अदालत

**चित्रकूट-** वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने बताया कि आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक जनवरी 2025 को पूर्वाह्न 11 बजे से कार्यालय बांदा में मण्डलीय पेंशन अदालत एवं सेवानिवृत्त अध्यापकों, कर्मचारियों के लम्बित देयकों के सम्बन्ध में जनसुनवाई पूर्व आयोजित की जायेगी। पेंशन अदालत से सम्बन्धित वाद पत्र व प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप पर तीन प्रतियों में तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती पत्र दो प्रतियों में कोषागार एवं पेंशन अपर निदेशक कार्यालय चित्रकूटधाम मंडल बांदा में पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से 16 दिसंबर तक प्राप्त कराये जा सकते हैं। साथ ही पेंशन अदालत से सम्बन्धित वाद पत्र तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती पत्र की एक प्रति कर्मचारी अपने मूल कार्यालय में भी प्राप्त कराए।

## सार्वजनिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर की जांच- जौनपुर में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने चलाया अभियान

**स्वतंत्र प्रभात**




**अंबेडकरनगर।** धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों और लाउडस्पीकरों के उपयोग को नियंत्रित करने के लिए जिले में एक विशेष अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने भोर में स्वयं पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, क्षेत्राधिकारी नगर व पुलिस बल के साथ विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर व मस्जिद पर लगे तीव्र ध्वनि विस्तारक यंत्र/लाउडस्पीकर के विरुद्ध चल रहे विशेष अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद अकबरपुर के विभिन्न क्षेत्रों यथा-गांधीनगर, मीरानपुर, अब्दुल्लापुर, शहजादपुर आदि का भ्रमण कर लाउडस्पीकरों को चेक किया गया और सभी धार्मिक स्थलों पर यह सुनिश्चित किया गया कि ध्वनि का स्तर तय मानकों के अनुरूप हो। इस दौरान जिलाधिकारी ने शहजादपुर मंडी में साफ सफाई व्यवस्था एवं स्थिति का भी जायजा लिया गया तथा संपूर्ण शहर में नियमित बेहतर साफ सुनिश्चित रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसी के क्रम में जिले के सभी थानों के प्रभारी और राजपत्रित अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में इस अभियान को अंजाम दिया। अभियान के तहत धार्मिक स्थलों के प्रबंधकों और संचालकों को सख्त हिदायत दी गई कि कहीं भी मानकों का उल्लंघन न हो।

# संक्षिप्त खबरें

## अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल की इलाज के दौरान मौत



**मलिहाबाद, लखनऊ।** घर से शौच के लिए निकले व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने मारी जोरदार टक्कर,हादसे में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।आपको बता दें कि मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम महमूदनगर निवासी छोटकाऊ उर्फ उमेश कुमार बीते 15 नवंबर शाम करीब साढ़े 7 बजे शौच के लिए गए थे, तभी निर्माणाधीन लखनऊ - हरदोई मार्ग पर महमूद नगर ढाल पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी,जिससे छोटकाऊ उर्फ उमेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया था,सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया था,जहां पर हालत गंभीर देखते हुए बलराम अस्पताल रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान अगले दिन सोलह नवंबर को शाम मृत्यु हो गई थी। शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया।चार दिसंबर को मृतक की पत्नी रजनी ने अज्ञात चालक के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

## सपा मनायेगी डाक्टर भीमराव आंबेडकर का परनिर्वाण दिवस

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन में 6 दिसंबर शुक्रवार को संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस जिले के साथ ही विधानसभा स्तर पर भी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया जाएगा। जिला समाजवादी पार्टी ने यह निर्णय लिया है कि चारों विधानसभा क्षेत्र में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थापित हैं वहां पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर क्षेत्रीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर किया जाएगा गोष्ठी का आयोजन। जिसमें सरोजनीनगर विधानसभा में 39, बीकेटी विधानसभा में 54, मोहनलालगंज विधानसभा में 30 और मलिहाबाद विधानसभा में 61 स्थान पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका परिनिर्वाण दिवस मनाया जाएगा। जिसमें जिला समाजवादी पार्टी की तरफ से प्रत्येक स्थान पर सेक्टर प्रभारी एवं जोन प्रभारी के साथ ही जिला पदाधिकारी एवं प्रदेश के पदाधिकारी को कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेदारी दी गई है? यह जानकारी समाजवादी पार्टी लखनऊ के जिला महासचिव शब्बीर खान ने दी।

## दूध लेने के लिए निकली 27 वर्षीय युवती लापता

**मसौली बाराबंकी।** दूध लेने के लिए निकली 27 वर्षीय युवती के गायब होने पर लापता युवती की माँ ने अपने दामाद एव उसके दो अन्य साथियो पर अपहरण की आशंका जताते हुए थाना मसौली मे मुकदमा दर्ज कराया है। मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम पहलीपार निवासी एक महिला ने मसौली पुलिस मे मुकदमा दर्ज कराते हुए अपने दामाद रंजीत वर्मा पुत्र राम जीवन वर्मा पर आरोप लगाते हुए बताया कि 28 नवंबर को मेरी 27 वर्षीय पुत्री शाम करीब 4 बजे घर से दूध लेने निकली थी जो वापस नही आयी पुत्री की तलाश मे जुटे परिजनों को जानकारी मिली की मेरी पुत्री को दामाद रंजीत वर्मा अपने साथी सुमंत पुत्र बिहारी अपने पुत्र आशीष निवासी ग्राम बिकौली थाना सफदरगंज के साथ मिलकर अपहरण कर गायब कर दिया है । गायब युवती की माँ को आशंका है कि मेरी पुत्री के साथ कोई अनहोनी घटना हो सकती है। मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरु कर दी है।

## मार्ग दुर्घटना में अधेड़ की मौके पर मौत




**बिसवां सीतापुर-** मार्ग दुर्घटना में अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। अधेड़ पैदल बिसवां आ रहा था कि इसी बीच भोलागंज स्थित पुरैनी पुलिया के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जिससे मैके पर ही उसकी मौत हो गई। गुरुवार को कोतवाली बिसवा इलाके के ग्राम भोलागंज स्थित पुरानी पुलिया के पास थाना सदरपुर के ग्राम हुलासपुरवा के निवासी सोहनलाल पुत्र श्यामलाल 55 वर्ष पैदल किसी काम को लेकर बिसवां आ रहा था कि इसी बीच अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा डा यल 112 को सूचना दी गई। मौके पर 112 व कोतवाली पुलिस ने पहुंचकर मौके पर ही पीएम भर कर जिला मुख्यालय के लिए भेज दिया है वहीं परिवार में कोहराम मच गया है।

# दबंगों का अभेद गढ़ बना राजधानी का थाना क्षेत्र बन्थरा

स्वतंत्र प्रभात

**बन्थरा लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में गांवों के दबंग अपराधियों का अपना अभेद गढ़ बना हुआ है जहाँ स्थानीय पुलिस भी उनके ही इशारे पर अपना कार्य करती है। जिससे ग्रामीणक्षेत्र में जहाँ निर्बल वर्ग अपनी इज्जत आबरू बचाने में भी विफल होता जा रहा है। क्षेत्रीय पुलिस का आना जाना नगण्य रहने के कारण दबंगों का दबदबा कायम रहता है। पुलिस मात्र मूक दर्शक बनकर रह जाती है। हमीरपुर बन्थरा के विकलांग ओमचन्द्र पुत्र स्व0 बद्री अपने पुत्र के साथ बैठकर घर के बाहर आग से सिकाई कर रहे थे। इतने में ही गाँव के प्रदीपकुमार पुत्र गंगाराम ने आकर गन्दी गन्दी गालियाँ देने के साथ ही मारपीट करने लगा। इतना ही नहीं वह घर के मुख्य दरवाजे को तोड़ कर अन्दर घुस गया। रिश्तेदारी में साले की लड़की को बद नियती से हाथ पकड़कर छेड़खानी भी किया जिससे बदहवाश होकर भागकर किसी प्रकार से अपने को दबंगों से बचा कर अपने को बचाकर मुक्त करा पायी।




पीड़ित ओमयद्र ने थाना प्रभारी बंथरा को लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आग्रह किया गया।

# सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई रोजगार बढ़ाने की एक अच्छी पहल

स्वतंत्र प्रभात

**बंथरा।** राजधानी लखनऊ के सरोजिनी नगर के बंथरा क्षेत्र में परिवहन विभाग का बस स्टॉप सिर्फ कागजों तक सीमित रह गया है। विभागीय दस्तावेजों में जिन कस्बों में स्टॉप को दर्शाया गया है। वहां पर स्टॉप का कोई नामोनिशान नहीं है। इतना ही नहीं यहां के स्थानीय लोगों को बस स्टॉप के बारे में कोई जानकारी तक नहीं है। एक ओर जहां विभाग के दस्तावेज स्टॉप होने का दावा करते हैं। वहीं पर लखनऊ कानपुर हाईवे के किनारे स्थित बंथरा में रोडवेज की बसों का सुनियोजित ठहराव न होने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।यहां के लोगों को चलती बस में चढ़ने पर मजबूर हैं। वही विभाग की ओर से इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। जिसकी वजह से आमतौर पर बंथरा बाजार व हनुमान मंदिर चौराहे पर जाम की समस्या बनी रहती है।

क्षेत्रीय लोगों के अनुसार यदि बस स्टॉप का निर्माण कराया जाता है। तो इससे रोजगार भी बढ़ेगा जब सवारियां उतारने और बैठाने के लिए बस रुकेगी तो यहां लोग भी एकत्रित होंगे ऐसे में तमाम छोटे दुकानदार इसका लाभ उठा पाएंगे वहीं पर कुछ अन्य लोगों का कहना है कि जब बस स्टॉप है तो बस क्यों




नहीं रुकती अगर ऐसी जगह पर बस रुकना शुरू हो जाए तो लोगों का धक्कामार वाहनों से आने जाने का जोखिम खत्म हो जाएगा और लोग रोडवेज से सुरक्षित सफर कर सकेंगे।

# चंद्र भानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ में मनाया गया विश्व मृदा दिवस

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर** 5 दिसंबर सीएसआईआर-एनबीआरआई के पर्यावरण सूचना, जागरूकता, क्षमता निर्माण और आजीविका कार्यक्रम केंद्र (ईआईएसीपी) ने चंद्र भानु गुप्त कृषि पीजी कॉलेज, लखनऊ में विश्व मृदा दिवस मनाया गया। जिसका विषय था ÷मिट्टी की देखभाल÷ मापन, अनुश्रवण, प्रबंधन।÷ इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थायी पारिस्थितिकी तंत्र और खाद्य सुरक्षा के लिए मृदा स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। कृषि महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. फ़िदा हुसैन अंसारी ने खाद्य उत्पादकता और पोषण गुण पर चर्चा की, जबकि प्राचार्य प्रो. गजेंद्र सिंह ने मिट्टी की गुणवत्ता और जैव विविधता पर कीटनाशकों और कीटनाशकों के नकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए भविष्य के लिए मिट्टी की देखभाल के महत्व पर जोर दिया। एनबीआरआई-ईआईएसीपी के समन्वयक डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने छात्रों को केंद्र की गतिविधियों और मिशन लाइफ के सात विषयों के बारे में जानकारी दी, जिसमें स्थिरता के लिए व्यक्तिगत कार्यों पर जोर दिया गया। वैज्ञानिक और सह-





समन्वयक डॉ. अंजू पटेल ने विश्व मृदा दिवस की थीम पर व्याख्यान दिया, जिसमें मृदा स्वास्थ्य को मापने, निगरानी करने और प्रबंधित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। उन्होंने मृदा स्वास्थ्य के लिए खतरों पर प्रकाश डाला और इस संसाधन की रक्षा की साझा जिम्मेदारी पर जोर दिया। डॉ. संध्या मिश्रा के नेतृत्व में छात्रों ने एक रैपिड-फायर क्विज़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया, इसके बाद पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ पहल के तहत वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का समापन प्रो. योगेश कुमार शर्मा पूर्व निदेशक द्वारा मिशन लाइफ की शपथ और महाविद्यालय के कृषि विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मिट्टी की खुशबू निरंतर गायब होती चली जा रही है इस खुशबू को वापस लाने के लिए जैविक खेती को बढ़ावा देना होगा और साथ में संतुलित खादो के प्रयोग की आवश्यकता है मिट्टी का स्वास्थ्य बिल्कुल बिगड़ चुका है इसे हम सब मिलकर सुधारने का प्रयास करें। डॉक्टर सिंह ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। विश्व मृदा दिवस पर एनबीआरआई की नौशीन निसार एवं शिवांगी श्रीवास्तव चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के डॉ हृदय नारायण तिवारी, डॉ धर्मेश कुमार सिंह, डॉ पुष्पा यादव, डॉ लल्लन प्रसाद, डॉ योगेंद्र कुमार सिंह, डॉ जसकरन सिंह, डॉ दीप्ति श्रीवास्तव श्रीमती प्रतिमा सिंह, उमेश कुमार, राम प्रकाश, डॉ केडी सिंह सहित 104 छात्र छात्राओं ने प्रतिभा किया।

# गोवध निवारण अधिनियम के तहत अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**महमूदाबाद-** सीतापुर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाने और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किये जाने के क्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद के तत्वावधान में थाना महमूदाबाद की पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्तगण रियाज पुत्र स्व0 मदहा उर्फ अहमद जान निवासी नूरपुर थाना महमूदाबाद, जिला सीतापुर व सत्तार पुत्र मोहम्मद बक्श नि.केदारपुर थाना महमूदाबाद जिला सीतापुर हाल पता कस्बा फतेहपुर नाले के किनारे थाना फतेहपुर जिला बाराबंकी को गुलरामऊ गांव के पास से गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से क्रमशः एक अदद चाकू व एक अदद अवैध तमंचा, कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। अभियुक्त रियाज उपरोक्त थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 479/24 धारा 3/8 गोवध निवारण अधिनियम में वाछिंत है जिसके विरुद्ध पूर्व में भी गोवध जैसे अपराध में कई अभियोग पंजीकृत हैं।




बरामदगी के सम्बन्ध में थाना महमूदाबाद में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों का चालान मा0 न्यायालय किया गया है। इन पर मु0अ0स0 479/24 धारा 3/8 गो0 नि0 अधि0 व मु0अ0स0 499/24 धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट व मु0अ0स0 498/24 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना महमूदाबाद में पंजीकृत है। अभियुक्तों को पकड़ने में पुलिस टीम के उ0नि0 संतोष कुमार राय, का0 नजरूल हसन, का0 अखिलेश वर्मा, का0 राहुल कुमार मुख्य रूप से रहे।

रियाज़ के आपराधिक इतिहास के क्रम में रियाज धारा 185/15, 3/5ए/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम, 309/15, 3/5ए/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम, 197/16, 3/5ए/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम, 309/16, 2/3 यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट, 479/24, 3/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम व 498/24, 4/25 आर्म्स एक्ट, महमूदाबाद सीतापुर में मुकदमे पंजीकृत है जबकि सत्तार के आपराधिक इतिहास में 1 40/16, 64 आबकारी अधिनियम महमूदाबाद सीतापुर व 493/23, 8/21 एनडीपीएस एक्ट, फतेहपुर बाराबंकी और 499/24, 25(1-बी)आर्म्स एक्ट महमूदाबाद सीतापुर में दर्ज है।

# स्काउट गाइड के प्रशिक्षण से हमें प्रेरणा मिलती है कि हमें अनुशासित होकर कार्य करना चहिए-मो0 हसीन अंसारी

स्वतंत्र प्रभात

**लहरपुर सीतापुर** स्काउट गाइड के प्रशिक्षण से हमें प्रेरणा मिलती है कि हमें अनुशासित होकर कार्य करना चाहिए उक्त विचार सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी ने तालगांव परसेडीं के प्रतिष्ठित शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान मां कमला देवी श्री पितांबरा विद्यापीठ ग्राम पारा धोंधी लहरपुर में छात्र एवं छात्राओं को स्काउट गाइड के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किया। ध्वज शिष्टाचार के साथ एमकेडी ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर सुरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया विद्यालय निरंतर गांव की प्रतिभाओं को पलायन से रोकने के लिए प्रयासरत है और ग्रामीण क्षेत्र के छात्र एवं छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए प्रयासरत



है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से के पी सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर अंशुमान सिंह सीओ सावंत कुमार रोहिला प्राचार्य ऐश्ववर्य प्रताप सिंह एवं संस्थान के प्रवक्ता सुनील कुमार यादव लालता प्रसाद राजीव कुमार वर्मा शिवपूजन सिंह मुकेश चंद्र वेद प्रकाश प्रखर सत्येंद्र आदि गणमान्य नागरिक तथा छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे। स्काउट गाइड शिविर का संचालन हिंदुस्तान स्काउट गाइड के स्टेट सिक्योरिटी जनरल डॉ मनोज कुमार सिंधी के निर्देशन में संपन्न हो रहा है जिसमें डीएलएड वह क्रश्वस्त्र के लगभग 150 प्रशिक्षु प्रतिभाग कर रहे हैं यह शिविर 7 दिसंबर को पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न होगा।

# अंतरराष्ट्रीय पर दिव्यांगों का बढ़ाया हौसला

**मथुरा।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर समग्र शिक्षा माध्यमिक के अंतर्गत दिव्यांग विद्यार्थियों को प्रोत्साहन प्रदान करने हेतु समेकित खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के माध्यमिक विद्यालयों के लगभग 80 दिव्यांग विद्यार्थियों द्वारा दौड़, कुर्सी दौड़, नींबू दौड़, थ्रोबाल , निबंध लेखन, पेंटिंग, गायन, नृत्य आदि प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया गया, प्रतियोगिता का शुभारंभ यशपाल सिंह सह जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा, सत्यदेव प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज मथुरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी मथुरा मनीष मीना द्वारा सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल, प्रमाणपत्र व उपहार प्रदान किया। मुख्य विकास अधिकारी कहा कि दिव्यागता किसी की कमजोरी नहीं बननी चाहिए बल्कि अभिभावक उन बच्चों को प्रोत्साहन प्रदान कर विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित कर सकते हैं, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को दिव्यागता होने के बाद भी विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले लोगों की उपलब्धियों के बारे में अवगत कराते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर श्यामसुंदर जिला समन्वयक समग्र शिक्षा, नम्रता बरोलिया, द्वारा कार्यक्रम संयोजन किया।

# दिलीप शुक्ल बहुत ही सैद्धांतिक व संवेदनशील व्यक्ति थे- पूर्व सांसद राजेश वर्मा

स्वतंत्र प्रभात

**लहरपुर सीतापुर** दिलीप शुक्ल बहुत ही सैद्धांतिक व संवेदनशील व्यक्ति थे उनके न रहने से लहरपुर ही नहीं पूरे जनपद के लिए यह अपूरणीय क्षति है वो कट्टर कोंग्रेसी विचारधारा से ओतप्रोत व्यक्ति थे। मै जब भी चुनाव लड़ता था और उनके पास वोट मांगने आता था तब वो मुझसे स्पष्ट रूप से कह देते थे कि मै तो कोंग्रेसी हूँ मेरा वोट तो कांग्रेस को ही जायेगा पर वो मेरा आर्थिक सहयोग निश्चित रूप से करते थे ये उदगार उ0प्र0 पिछड़ा राज्य आयोग के अध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री) व सीतापुर के पूर्व सांसद राजेश वर्मा ने पिछले दिनों लहरपुर के प्रमुख व्यवसाई व समाजसेवी व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दिलीप शुक्ल के आकस्मिक निधन के बाद उनके आवास पर पहुँच कर स्व0दिलीप शुक्ला के ज्येष्ठ पुत्र आशीष शुक्ला से मिलकर उन्हें शोक संवेदना व्यक्त करने के बाद उपस्थित गडमान्य नागरिकों व पत्रकारों से कही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व ब्लॉक प्रमुख परमेश्वर भार्गव, पूर्व अध्यापक पुत्तूलाल तिवारी, सभासद मनीष



शुक्ला, बेहटा पशुधन प्रसार अधिकारी आशुतोष तिवारी, पंकज शुक्ल,गिरजेश गुप्ता, पत्रकार दिनेश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# छह दिसम्बर को लेकर जिला प्रशासन सतर्क, हर गतिविधि पर नजर

● - दिनेश शर्मा ने छह दिसम्बर के कार्यक्रम को रद्द कर दिया है

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** छह दिसम्बर को लेकर जिला प्रशासन सतर्क है। श्रीकृष्ण जन्मस्थान और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई है। सुरक्षाकर्मी हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं। इस क्षेत्र में होकर आने जाने वाले लोगों पर भी नजर है। वहीं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी रखी जा रही है। यलो जोन में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के अलावा शहर के बाहरी क्षेत्रों में भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई। श्री कृष्ण जन्म भूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष दिनेश शर्मा फलाहारी ने बताया कि श्री कृष्ण जन्म स्थान पर 6 दिसम्बर को होने वाले देहरी पूजन कार्यक्रम का स्थान परिवर्तन कर दिया गया है। अब यह कार्यक्रम श्रीकृष्ण जन्मभूमि के स्थान पर महावन कस्बे के 84 खम्भा मंदिर में आयोजित होगा। श्री शर्मा ने बताया कि देहरी पूजन कार्यक्रम को रखने के बाद जनपद में धारा 144 लगा दी गई है। कुछ हिंदूवादी संगठन अभी भी मानने को तैयार नहीं है। लेकिन उन्होंने साफ इनकार कर दिया कि श्री कृष्ण जन्म भूमि संघर्ष न्यास का कोई भी पदाधिकारी 6 दिसंबर को श्री कृष्ण जन्म भूमि मंदिर पर नहीं जाएगा। उनका कार्यक्रम महावन कस्बा में 84 खम्भा मंदिर पर होगा। छह दिसम्बर और इसके आसपास होने वाले ऐसे कार्यक्रमों उनके आयोजकों और संयोजकों पर भी नजर रखी जा रही है जिसमें बडी संख्या में लोग जुटेंगे। इस तरह के कार्यक्रमों को लेकर हर सूचना जुटाई जा रही है। वहीं स्थानीय सूचना तंत्र भी लगातार नजर बनाए हुए है। इस बीच सौहार्द कायम रखने के लिए पीस कमेटियों से भी संवाद बढा दिया गया है और पीस कमेटियों को सक्रिय कर दिया गया है। जनपद में निषेधाज्ञा लागू है इस दौरान अगर कोई व्यक्ति लागू नियमों का उल्लंघन करता है तो उसे बिना वारंट जारी किये सीधा गिरफ्तार किया जाएगा तथा यह भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अंतर्गत दंडनीय अपराध होगा। इस दौरान निषेधाज्ञा पूरे जनपद में यहां रह रहे लोगों के साथ ही आवागमन कर रहे व्यक्तियों पर भी समान रूप से लागू होगी। हाल ही प्रदेश में कुछ जगहों पर हुई अप्रिय घटनाओं में यह सामने आया है कि सोशल मीडिया के जरिये लोगों ने अपने मंतव्य को पूरा करने का प्रयास किया। जनपद में सोशल मीडिया पर लगातार नजर रखी जा रही है। साथ ही होर्डिंग, बैनर आदि लगाने वालों पर भी पैनी नजर है।

# बिहार पंचमीः वृंदावन ठा. बांके बिहारी जी के प्राकट्योत्सव की धूम

● - बांके बिहारी को प्राकट्योत्सव की बधाई देने के लिए पहुंचने श्रद्धालु

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** स्वामी हरिदास जी के लाडले बांके बिहारीजी का प्राकट्योत्सव (बिहार पंचमी) पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ बांके बिहारी मंदिर व निधिवन राज में धूमधाम से मनाई जाएगी। लाखों की संख्या में बांके बिहारी को बधाई देने के लिए देश विदेश के श्रद्धालु उमड़ेंगे। इन श्रद्धालुओं ने नगर में डेरा डालना शुरू कर दिया है। श्रद्धालुओं ने इस पावन अवसर का लाभ उठाने के लिए पहले से ही नगर के गेस्ट हाउस व आश्रमों में अपने कमरे बुक करा रखे हैं। छह दिसम्बर को सुबह निधिवन राज में बांके बिहारी के प्राकट्य उत्सव स्थल की पूजा अर्चना व अभिषेक होगा। यहां से बांके बिहारी मंदिर तक बधाई यात्रा बैंड बाजों के साथ निकाली जाएगी। जिसमें स्वामी हरिदास जी बैंड बाजों के साथ ठाकुर बांके बिहारी लाल को बधाई देने के लिए बांके बिहारी मंदिर जाते है। ठाकुर बांके बिहारी लाल के प्राकट्य उत्सव में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं ने अभी से डेरा डालना शुरू कर दिया है। इसके आयोजनों की सभी तैयारियां यहां पूरी कर ली गई हैं। शोभायात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसे देखते हुए गुरुवार को नगर निगम के अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक के निर्देशन में नगर के गोपीनाथ बाजार में अतिक्रमण अभियान चलाकर दुकानों के बाहर लगे अस्थाई अतिक्रमण को ध्वस्त कर जब्तीकरण की कार्यवाही की गई। साथ ही दुकानदारों को हिदायत दी गई कि अगर आगे से कोई भी दुकानदार अतिक्रमण करता पाया गया तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान पुलिसबल और नगर निगम की टास्क फोर्स की टीम मौजूद रही।

# बिहार पंचमी से पहले वृंदावन को चमकाया

● - एक दिन पूर्व नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण अभियान

दुकानों के बाहर हो रहे अतिक्रमण को किया ध्वस्त

स्वतंत्र प्रभात




वृंदावन में सफाई अभियान चलाती नगर निगम की टीम।

**मथुरा।** स्वामी हरिदास जी के लाडले बांके बिहारी लाल के प्राकट्योत्सव पर निधिवन राज मंदिर से निकलने वाली बधाई यात्रा से एक दिन पूर्व नगर निगम ने अतिक्रमण अभियान चलाकर अस्थाई अतिक्रमण को ध्वस्त कर जब्तीकरण की कार्यवाही की । साथ ही आगे से अतिक्रमण न करने की हिदायत भी दी। यहां बताते चले कि बिहार पंचमी पर ठाकुर श्री बांके बिहारी लाल के प्राकट्योत्सव पर प्राकट्य स्थली निधिवन राज मंदिर में विविध धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाते है। जिसके अंतर्गत बधाई शोभायात्रा भी निकाली जाती है। जिसमें स्वामी हरिदास जी बैंड बाजों के साथ ठाकुर बांके बिहारी लाल को बधाई देने के लिए बांके बिहारी मंदिर जाते है। ठाकुर बांके बिहारी लाल के प्राकट्य उत्सव में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं ने अभी से डेरा डालना शुरू कर दिया है।

निधिवन राज मंदिर से होकर बांके बिहारी मंदिर तक जाने वाली बधाई शोभायात्रा में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो इसी को ध्यान में रखते हुए गुरुवार को अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक के निर्देशन में नगर के गोपीनाथ बाजार में अतिक्रमण अभियान चलाकर दुकानों के बाहर लगे अस्थाई अतिक्रमण को ध्वस्त कर जब्तीकरण की कार्यवाही की गई। साथ ही दुकानदारों को हिदायत दी गई कि अगर आगे से कोई भी दुकानदार अतिक्रमण करता पाया गया तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान पुलिसबल और नगर निगम की टास्क फोर्स की टीम मौजूद रही।

# देवकीनंदन महाराज ने संयुक्त राष्ट्र से की हस्तक्षेप की मांग

● - देवकीनंदन बोले बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर ध्यान दे संयुक्त राष्ट्र

स्वतंत्र प्रभात




देवकीनंदन महाराज।

**मथुरा।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक सनातनी हिंदुओं के ऊपर किये जा रहे हमलों एवं अत्याचारों पर विश्व समुदाय को ध्यान आकृष्ट करने की अपील की जा रही है। हिंदू धर्मगुरु एवं सनातन न्यास फाउंडेशन अध्यक्ष देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज ने पिछले कुछ माह से बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय पर मुस्लिम कट्टरपंथियों द्वारा किये जा रहे लगातार हमलों पर हस्तक्षेप के लिये संयुक्त राष्ट्र को पत्र लिखा है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरस को सम्बोधित पत्र में देवकीनंदन महाराज ने बांग्लादेश में हिंदु समुदाय पर अगस्त माह से अब तक जारी जानलेवा हमलों, आगजनी एवं महिलाओं तथा बच्चियों पर बर्बरता पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा हस्तक्षेप करने की अपील की है। इससे पूर्व देवकीनंदन महाराज ने बांग्लादेश में हिंदुओं की आवाज उठाने वाले इस्कान संस्था से जुड़े चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी का विरोध करते हुये पैदल मार्च निकाला था। वृन्दावन के प्रियाकान्तजु मंदिर पर जानकारी देते हुये सनातन न्यास फाउन्डेशन सचिव विजय शर्मा ने बताया कि संयुक्त राष्ट संघ को ट्विट एवं पोस्ट के माध्यम से पत्र भेजा गया है। बांग्लादेश में हिंदुओं के प्रति की जा रही हिंसा चिंताजनक है। इस पर भारत सरकार को भी जल्द से जल्द कार्यवाही करते हुये रोक लगवानी चाहिये।

# पांच किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक पकडी आठ हजार का लगाया जुर्माना

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** शासन द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक, पॉलिथीन के प्रयोग, भंडारण एवं विक्रय को पूर्णत प्रतिबंधित किया गया है। महापौर एवं नगर आयुक्त के द्वारा नगर निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्र अंतर्गत प्रतिबंधित प्लास्टिक, पॉलिथीन, के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान के द्वारा आज प्रातः सात बजे प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग ना हो, सफाई व्यवस्था, एवं अतिक्रमण के सम्बन्ध में औरंगाबाद मार्केट में निरीक्षण किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान देखने में आया कि एक स्कूटी चालक अपनी



पॉलीथिन जब्ती की कार्यवाही करती नगर निगम की टीम।

स्कूटी में प्रतिबंधित पॉलिथीन भरकर स्थानीय दुकानदारों को विक्रय कर रहा है। इसके उपरांत सहायक नगर आयुक्त के द्वारा टीम के साथ उक्त स्कूटी चालक को पकड़ा गया एवं उससे लगभग पांच किग्रा प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त करते हुए स्कूटी चालक पर रुपये 8000 का जुर्माना लगाया गया। साथ ही प्रतिबंधित पॉलीथिन विक्रय करने वाले एवं दुकानदारों को हिदायत दी गई की भविष्य में प्रतिबंधित पॉलीथिन का विक्रय ना करे। निरीक्षण के दौरान नगर निगम मथुरा वृन्दावन से राजेश सूबेदार, के साथ अन्य कर्मी भी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

### पक्षों में हुई मारपीट से संबंधित घटनास्थल का पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा किया गया निरीक्षण

निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पर दो पक्षों के बीच हुई थी मारपीट



**अमेठी।** बेगमपुरा एक्सप्रेस ट्रेन में निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पर दो पक्षों में मारपीट हो गयी थी जिसमें एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गये थे जिन्हें इलाज हेतु CHC जगदीशपुर में भर्ती कराया गया जहां पर इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई तथा दूसरे की स्थिति गंभीर होने के कारण ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है तथा तीसरे व्यक्ति का इलाज सीएचसी जगदीशपुर में चल रहा है।पुलिस अधीक्षक अमेठी अनूप कुमार सिंह द्वारा तत्काल सीएचसी जगदीशपुर पहुंचकर घायल की कुशलता जानी गयी एवं घटना के संबंध मे जानकारी ली गयी तथा वैधानिक कार्यवाही के संबंध में परिजनों को आश्वस्त किया गया। पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक वैधानिक कार्यवाही हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस दौरान रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी/कर्मचारी गण, प्रभारी निरीक्षक जगदीशपुर, थानाध्यक्ष भाले सुल्तान शहीद स्मारक एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### पुलिस क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में लाउडस्पीकर के खिलाफ कारवाई



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** दुद्धी नगर पंचायत अन्तर्गत उ.प्र. शासन के निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी दुद्धी के नेतृत्व में क्षेत्र में भ्रमण कर अवैध लाउडस्पीकर के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की गई।जिसके क्रम में पुलिस द्वारा क्षेत्रों में भ्रमण कर धार्मिक स्थलों/सार्वजनिक स्थानों पर सघन अभियान चलाकर अनुमन्य ध्वनि सीमा से अधिक लगे अवैध लाउडस्पीकर/ध्वनि विस्तारक यंत्रो को उतारवाया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अभियान के दौरान पुलिस बल द्वारा शिवाजी तालाब, काली माता मंदिर, संकटमोचन मंदिर, मस्जिद आदि स्थानों का भ्रमण किया गया।

### रेलवे यूनियन के चुनाव में कर्मचारियों ने किया मतदान,11 को मतगणना



**डलमऊ रायबरेली-** मान्यता प्राप्त रेलवे यूनियन के चुनाव को लेकर दो दिनों तक चलने वाले मतदान के अंतिम दिन मतदान सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुआ।यूनियन के राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल मिश्रा व आर के पांडे मंडल महामंत्री की देखरेख में रेलवे कर्मचारियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।डलमऊ रेलवे परिसर में हुए चुनाव में कुल 330 मतों में से 297 लोगों ने मतदान किया। इस चुनाव में नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन एवं उत्तर रेलवे मेंस यूनियन के कर्मचारियों ने मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने मताधिकार का प्रयोग किया।देव कुमार बाबू ने बताया कि 5 वर्षों में एक बार होने वाले चुनाव में यूनियन को मान्यता पाने के लिए 35 प्रतिशत मतों की आवश्यकता होती है।11 तारीख को परिणाम आने के बाद यूनियन का गठन किया जाएगा।इस मौके पर देव कुमार, बाबू राम शंकर,सौरभ द्विवेदी, समरजीत, अमित सिंह,शिवम, दिनेश कुमार, संदीप यादव, शिवम कुमार,राजेश कुमार,अरविंद कुमार, ए के सिंह सहित बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारी मौजूद रहे।

### मां की डांट से क्षुब्ध किशोरी घर से लापता

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी मां की डांट से क्षुब्ध होकर कहीं चली गई। गायब किशोरी की मां ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बिटिया की खोजबीन की गुहार लगाई है। पूरे राणा गांव निवासिनी श्यामरती ने बताया कि बुधवार की सुबह करीब 10 बजे बेटी को उसने किसी बात को लेकर डांट दिया। जिससे नाराज होकर वह कहीं चली गई। बिटिया की खोजबीन के लिए उसने अपने नाते रिश्तेदारों के यहां जानकारी ली लेकिन वह कहीं ढूंढे नहीं मिली। महिला ने बृहस्पतिवार को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बिटिया की खोजबीन किए जाने की गुहार लगाई है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## वसूली एवं ऋण वितरण को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा

● बड़े बकायेदार ओटीएस योजना के अंतर्गत 31 दिसंबर 2024 तक निर्धारित छूट पर जमा करें अपना बकाया ऋण



स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में नव कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड अमेठी की शाखाओं की लंबित वसूली एवं ऋण वितरण की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता द्वारा बताया गया कि जनपद में 1512 बकायेदारों पर 1003.63 लाख रुपया बकाया है जिसके सापेक्ष अबतक 151.49 लाख रुपए की वसूली हो चुकी है।। बैठक में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक अमेठी द्वारा बताया गया कि जनपद में वसूली अभियान चलाया जा रहा है 900 बकायदार 1 लाख से बड़े हैं जिनकी वसूली हेतु विभागीय स्तर से 95क तथा 92ख की कार्यवाही कराई गई है तथा तहसील स्तर से बकायेदारों की वसूली हेतु आरसी जारी की गई है।

वर्तमान में मृतक बकायेदारों से वसूली हेतु मृतक ऋण मोचन योजना/ओटीएस की कार्यवाही 31 दिसंबर 2024 तक संचालित है जिसके तहत 2003 तक वितरित ऋणों पर मात्र मूलधन की वसूली होनी है ब्याज में शत प्रतिशत छूट है, वर्ष 2003 से 2013 तक वितरित ऋणों पर कुल ब्याज में 75त्न की छूट है तथा वर्ष 2013 से 31 मार्च 2023 तक वितरित ऋणों पर 50त्न की छूट प्रदान की जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में वसूली प्रगति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर निर्देश दिया गया कि सभी अपर जिला सहकारी अधिकारी एवं शाखा प्रबंधक तहसील के उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों से संपर्क कर बैठक आयोजित कराएं तथा आरसी की कार्यवाही में सहयोग लें, विभागीय स्तर से नियमित रूप से टीम बनाकर बकायेदारों से संपर्क कर शत प्रतिशत ऋणों की वसूली सुनिश्चित कराएं साथ ही साथ ऋण वितरण लक्ष्य की पूर्ति भी कराएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता मित्रसेन वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मत्स्य जीवी सहकारी समिति समिति लिमिटेड खजुरों की बैठक सम्पन्न

● मछुआरा समाज के हितों एवं उत्थान को लेकर हुई बैठक



स्वतंत्र प्रभात

**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत खजुरों में प्रस्ताविक मत्स्य जीवी सहकारी समिति समिति लिमिटेड खजुरों की बैठक सम्पन्न हुई। गौरतलब हो कि मछुआरा समाज, निषाद समाज के हितों एवं उत्थान को लेकर गुरुवार को खजुरों में प्रस्ताविक मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड खजुरों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गहनता पूर्वक चर्चा की गई की किस प्रकार से समिति के सदस्यों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो तथा किस प्रकार से सरकार से अपील की जाए कि समिति को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में समिति के गठन एवं पंजीयन को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। तथा आगामी 10 दिसबर और 15 दिसम्बर को पुनः बैठक करने का निर्णय लिया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए दिलीप कुमार ने कहा कि मछुआरा समाज की स्थिति दिन-ब-दिन दयनीय होती जा रही है, जिसमें सुधार के लिए हम सबको एकजुट होकर इस समिति का सुचारू रूप से क्रियान्वयन तथा संचालन करना होगा तभी समिति को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा और समिति के सदस्यों के जीवन स्तर में सुधार हो सकेगा।

वहीं रामचंद्र कश्यप ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मछुआरा समाज के उत्थान के लिए सरकार को मछुआरा समाज के हर पात्र व्यक्ति के नाम तालाब का पट्टा करना चाहिए, तथा मत्स्य पालन के लिए अनुदान देना चाहिए। इसके लिए सरकार को लचीला रवैया अपनाना चाहिए जिससे मछुआरा समाज मत्स्य पालन करके अपने जीवन स्तर में सुधार कर सके। इस मौके पर राजकुमार,विभूति, गया प्रसाद,कालीदीन, राकेश कुमार, मातादीन, तेज नरायण,सुरजू, रामअवतार रामकरन, रमेश कुमार, पुत्तन राज नरायण, विनोद कुमार, छविनाथ सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## रायबरेली वाया डलमऊ फतेहपुर के लिए नई बस का संचालन शुरू

स्वतंत्र प्रभात

**डलमऊ रायबरेली-** रायबरेली वाया डलमऊ फतेहपुर मार्ग पर पिछले कई दिनों से नई बस का संचालन की मांग को देखते हुए परिवहन विभाग द्वारा इस रूट पर एक नई बस का संचालन शुरू किया गया है।यात्रियों की सुविधा के लिए इस मार्ग पर बस के संचालन की मांग को देखते हुए परिवहन विभाग द्वारा करीब 15 दिन पूर्व बस का संचालन आरंभ किया गया है।यह बस सुबह रायबरेली से 10:30 पर निकलती है और 11:30 पर डलमऊ पहुंचती है उसके बाद 12:30 पर फतेहपुर पहुंचती है।बस पुनः 1:00 बजे फतेहपुर बस अड्डे से रायबरेली के लिए प्रस्थान करती है।विभागीय अधिकारियों की माने तो जल्द ही इस रूट पर एक और बस का संचालन जल्द शुरू किया जाएगा। भाजपा महामंत्री दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि डलमऊ रायबरेली मार्ग पर शाम 5:00 बजे के बाद बसों का संचालन न होने से यात्रियों को बहुत असुविधा होती है यदि इस मार्ग पर शाम 5:00 के बाद किसी को डलमऊ से रायबरेली जाना या रायबरेली से डलमऊ आना हो तो कोई साधन उपलब्ध नहीं है।उन्होंने परिवहन विभाग से शाम के समय बस का संचालन शुरू किए जाने की मांग की है।वही रायबरेली फतेहपुर मार्ग पर नई बस का संचालन शुरू किए जाने पर क्षेत्रीय लोगों ने खुशी जाहिर की है और परिवहन विभाग के अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## गेहूं की बुवाई करते समय ट्रैक्टर में लगी आग और टैक्टर जलकर हुआ खाक



स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज/रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के अतरेहटा गांव के नजदीक खेत की जुताई कर रहे जानडियर ट्रैक्टर में शार्ट सर्किट की वजह से अचानक आग लग गई और देखते ही देखते ट्रैक्टर आग का गोला बन गया और जलकर खाक हो गया। तो वही ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी व कोतवाली पुलिस तथा 112 पुलिस की मदद से आग पर काबू पाया गया। तब तक आग ने ट्रैक्टर को अपने आगोश में लेकर खाक कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के अतरेहटा गांव निवासी अशोक कुमार मौर्या का खेत अतरेहटा गांव के नजदीक रोड पर स्थित तालाब के बगल में है जिसकी जुताई शाहिद पुत्र मोहम्मद शरीफ निवासी रूद्र नगर वार्ड नंबर 6 नगर पंचायत महराजगंज कर रहा था तथा गेहूं की बुवाई सुपर सीडर द्वारा जानडियर ट्रैक्टर से की जा रही थी, कि अचानक दोपहर 3:30 बजे शार्ट सर्किट से ट्रैक्टर जलने लगा,जैसे ही ट्रैक्टर ड्राइवर व मालिक तथा खेत मालिक को जानकारी हुई वैसे ही अफरा तफरी का माहौल व्याप्त हो गया तथा उपस्थित लोगों द्वारा फायर ब्रिगेड व कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड व कोतवाली पुलिस तथा ग्रामीणों की मदद से भरसक प्रयास किया गया लेकिन तब तक टैक्टर जलकर खाक हो गया था वही ट्रैक्टर मलिक मोहम्मद शाहिद पुत्र मोहम्मद शरीफ ने बताया कि अभी नया ट्रैक्टर जॉन डियर को लिए हुए एक माह भी नहीं हुआ और शार्ट सर्किट से जुताई करते समय अचानक आग लग गई जिससे आग टंकी में पहुंच गई और आग ने ट्रैक्टर को अपने आगोश में ले लिया तथा ट्रैक्टर जलकर खाक हो गया।

## भूमि स्वामित्व को लेकर स्वामी भास्कर स्वरूप ने मंडलायुक्त को लिखा पत्र

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के रालपुर के अनगपुरम निवासी देवीप्रसाद उर्फ प्रख्यात संत स्वामी भास्कर स्वरूप ने मंडलायुक्त को पत्र लिखकर 24 वर्ष पहले उनके द्वारा खरीदी गई भूमि पर स्वामित्व दिलाया जाने की मांग की। मंडलायुक्त को भेजे गए अपने पत्र में बताया कि जून 1992 में उन्होंने सागरखेड़ा गांव में शिवनारायण से आठ बिस्वा भूमि खरीदी थी। गत 23 फरवरी सन दो हजार में उसने अपने पक्ष में नियमानुसार दाखिल खारिज भी करवा लिया। लेकिन कुछ लोगों ने बेस कीमती भूमि को हड़पने की नीयत से एक व्यक्ति के जरिए न्यायालय में यह कहते हुए की साधु के सिविल व भौतिक अधिकार समाप्त हो जाते हैं, एक वाद दायर करवा दिया।

संत ने दावा किया कि नायब तहसीलदार सरेनी ने बिना उनका पक्ष सुने ही फैसला सुना दिया। बाद में खतौनी से उसका नाम खारिज करते हुए विक्रेता का नाम अंकित हो गया। जिससे बनाम बैनामाधारी होते हुए वह 24 वर्षो से सरकारी लाभों से वंचित है और उन्हें भूमिहीन रहकर जीवन यापन करना पड़ रहा है। संत ने पत्र में यह भी बताया कि आपत्तिकर्ता की सन 2002 में मृत्यु भी हो चुकी है, इसके बावजूद उसे न्याय के लिए भटकना पड़ रहा है। उन्होंने किसी सक्षम अधिकारी से पूरे प्रकरण की जांच कराकर न्याय दिलाए जाने की गुहार लगाई।

## आज से बिठूली गांव में शुरु होगी श्रीमद्भागवत कथा

● श्री श्री 108 श्री आत्मानंद सरस्वती जी महाराज करेंगे कथा वाचन

दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक होगी श्रीमद्भागवत कथा

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)** सरेनी।बिठूली गांव में आज शुक्रवार से श्रीमद् भागवत कथा शुरू होगी।जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।उल्लेखनीय है कि श्री श्री 108 श्री आत्मानंद सरस्वती जी महाराज कथा वाचन करेंगे।आयोजित श्रीमद् भागवत कथा आज से 12 दिसंबर तक चलेगी। वहीं 13 दिसंबर को पूर्णाहुति के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया है।यह जानकारी आयोजक एवं रानीखेड़ा आयरन स्टोर के संचालक सेवानिवृत्त सैनिक गणेश शंकर दीक्षित ने दी है।श्री दीक्षित ने बताया कि लगातार 7 दिनों तक चलने वाली इस कथा का वाचन श्री श्री 108 आत्मानंद सरस्वती जी महाराज करेंगे।कथा श्लोकमयी होगी।श्री दीक्षित ने सभी भागवत प्रेमी श्रोताओं से रोजाना कथा स्थल पर पहुंच कर दोपहर 1 बजे से श्रीमद् भागवत कथा सुनने व उससे लाभान्वित होने का अनुरोध किया है।कथा 12 दिसंबर तक होगी जबकि 13 दिसंबर को ब्रह्म भोज एवं भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

## सोनभद्र में इको पॉइंट को मिलेगा नया रूप

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र-** जिलाधिकारी बीएन सिंह ने इको पॉइंट को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए आज एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इको पॉइंट के सौंदर्यीकरण का काम समय से और बेहतर तरीके से पूरा किया जाए।इको पॉइंट सोनभद्र का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। जिलाधिकारी चाहते हैं कि इस जगह को और बेहतर बनाया जाए ताकि यहां आने वाले पर्यटकों को एक बेहतर अनुभव मिले।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण एजेन्सी आर0ई0डी0 के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित करते हुए कहा कि इंको प्वाइंट जनपद के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक आकर्षण का केन्द्र है, जहां पर भारी संख्या में टूरिज्म का आना जाना लगता रहता है। पर्यटक स्थल इंको प्वाइंट के सौन्दर्यीकरण हेतु रेलिंग एवं इण्टर लाकिंग, वाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य जो किया जाना है, उसे अतिशीघ्र पूर्ण किया जाये। इस दौरान अधिशासी अभियन्ता आर0ई0डी0 ने बताया कि इंको प्वाइंट का गजीबो, कैफेरिया, चैकीदार कक्ष, सेल्फी प्वाइंट, सजावटी घास, पेड़ एवं बच्चों के लिए झूले आदि का कार्य किये जाने हैं, जिसे अतिशीघ्र पूर्ण किया जायेगा।इस दौरान जिलाधिकारी ने पर्यटन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि इको प्वाइंट के निर्माण कार्य पूर्ण होने पर तत्काल हैण्डओवर की कार्यवाही सुनिश्चित करें और इंको प्वाइंट पर बनी कैन्टीन व वाहन पार्किंग के टेण्डर की प्रक्रिया पूर्ण करा ली जाये।बैठक में अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पिछड़े वर्ग के शादी अनुदान योजना के तहत आंनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित- पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी


स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सोनभद्र विद्या देवी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के आवेदको को सूचित किया जाता है कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजनान्तर्गत आनलाईन पोर्टल पर आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। शादी हेतु अनुदान योजना के अन्तर्गत आवेदक द्वारा आनलाईन आवेदन शादी की तिथि के 90 दिन पूर्व तथा 90 दिन पश्चात तक करना अनिवार्य है। आवेदको द्वारा आवेदन किये जाने हेतु अभिलेखों की आवश्यकता होगी साथ ही उन्होंने बताया कि आवेदक एवं पुत्री दोनों के आधार कार्ड मोबाइल नम्बर से लिंक होनी चाहिए (ओ0टी0पी0 सत्यापन हेतु), आवेदक का जाति प्रमाण-पत्र, आवेदक का आय प्रमाण-पत्र, शहरी क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र हेतु वार्षिक 1,00,000.00 (एक लाख) रूपये से अधिक न हों, शादी का कार्ड, वर का आयु प्रमाण पत्र, अनुदान प्राप्त करने हेतु एक परिवार से अधिकतम 02 पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान अनुमन्य होगा। बैंक पासबुक, (जो सी0बी0एस0 शाखा का होना चाहिए एवं आधार से लिंक होना चाहिए)। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि आवेदक समस्त अभिलेखों के साथ विभागीय साइट www.shadianudan.upsdc.gov.in पर स्वयं अथवा सहज जन सेवा केन्द्र के माध्यम से आनलाईन आवेदन कर सकते है। शादी अनुदान योजनान्तर्गत प्रति लाभार्थी 20 हजार रूपये की धनराशि देय है। उक्त योजना के सम्बन्ध में अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, विकास भवन लोढ़ी, कमरा नम्बर 37 में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

## ओबरा पुलिस ने 02 नफर वारंटी को किया गिरफ्तार, भेजा न्यायालय।

स्वतंत्र प्रभात

**ओबरा/सोनभद्र-** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम में फरार चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह व ओबरा क्षेत्राधिकारी हर्ष पांडेय के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक ओबरा राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में दिनांक 05.12.2024 को काफी समय से फरार चल रहे वारन्टी / अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र उमाशंकर निवासी बिल्ली मारकुण्डी शारदा मन्दिर के पास ओबरा, सोनभद्र उम्र लगभग 32 वर्ष जिनके विरुद्ध मा. न्यायालय से मु. अ.सं. 411/07 धारा भरण पोषण कुर्की व गिरफ्तारी 2- राजू सोनी पुत्र सत्यनारायण सोनी निवासी राममन्दिर कॉलोनी ओबरा सोनभद्र उम्र लगभग 24 वर्ष जिनके विरुद्ध 323/22 धारा 272 भादवि व 60(2) आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तारी का आदेश जारी हुआ था जिससे संबंधित 02 नफर वारंटी/अभियुक्त विनोद कुमार पुत् उमा शंकर निवासी बिल्ली मारकुण्डी, शारदा मन्दिर के पास थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 32 वर्ष 2- राजू सोनी पुत्र सत्यनारायण सोनी निवासी राम मन्दिर कॉलोनी थाना ओबरा, सोनभद्र उम्र लगभग



24 वर्ष। जिसे आज सुबह 07.45 बजे गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक राम सिंह यादव थाना ओबरा, सतीश कुमार सिंह, राम लोचन , हेड कांस्टेबल हेमंत बारी, का. सतेंद्र कुमार शामिल रहे।

## गायत्री परिवार विंढमगंज के नेतृत्व में विशाल नेत्र शिविर का आयोजन।

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** विंढमगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलैयाडीह विण्ढमगंज पर आज गुरुवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा विंढमगंज के नेतृत्व में विशाल नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन निःशुल्क सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट जनकपुर सतना मध्य प्रदेश के डॉक्टरों के टीम के द्वारा किया गया । नेत्र शिविर का शुभारंभ समाज सेवी दीपक केसरी द्वारा पूजन करके शिविर का शुरूआत किया गया। जिसमें 150 मरीजों द्वारा शिविर में रजिस्ट्रेशन कराया गया। सतगुरु सेवा ट्रस्ट के आये डॉक्टर हेमराज यादव के नेतृत्व में चार सदस्यीय डॉक्टर की टीम ने सबसे पहले 150 मरीज का परीक्षण किया जिसमें से 90 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए सतना मध्य प्रदेश दो बसों से भेजा गया, बाकी 60 मरीजों को चश्मा और दवा देकर छोड़ दिया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार विणढमगंज के हुलास यादव, रामदास कुशवाहा, ओपी यादव सहित दर्जनों लोग मरीज के देखभाल और अन्य व्यवस्था में सुबह से ही लगे हुए थे।

## ओबरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई- दहेज हत्या के आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र** जनपद के ओबरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दहेज हत्या के आरोपी सुजीत कुमार केसरी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गई।अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक ओबरा राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में आज दिनांक 05.12.2024 को मु0अ0सं0-181/2024 धारा 80(2),85 भादवि व 3/4 डीपी एक्ट(दहेज हत्या) से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सुजीत कुमार केसरी पुत्र ओमप्रकाश केशरी निवासी शारदा मन्दिर के सामने हंसवाहिनी नगर (गजराजनगर)थाना ओबरा जनपद सोनभद्र को गजराजनगर



तिराहे से समय करीब 13.30 बजे गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तार गुदा अभियुक्त को सम्बन्धित मा0 न्यायालय पेश करने हेतु रवाना किया गया।

## हिन्दुओं के खिलाफ अत्याचार बर्दास्त नहीं- वीरेंद्र मित्तल

स्वतंत्र प्रभात

**ओबरा/सोनभद्र-** जनपद में आज हिंदू समुदाय के सदस्यों ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा नेता वीरेंद्र मित्तल ने इस हिंसा और इस्कॉन मंदिर के हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की है।इसी क्रम में उन्होंने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के कारण भारत में लोग सड़कों पर उतर आए हैं। हालांकि बांग्लादेश सरकार लगातार दावा भले ही कर रही है कि अल्पसंख्यकों पर कोई सुनियोजित हमला नहीं हुआ है, लेकिन हकीकत में हालात कुछ और ही बयाँ कर रही है और वहीं हिंसा और संत की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा किया है। इसी क्रम में बतातें चलें कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार एक गंभीर मानवीय संकट है। इस समस्या का



समाधान करने के लिए सभी पक्षों को मिलकर एक साथ काम करने का अपील किया है।

## महिला ने पुलिस को दी लूट की सूचना पुलिस हुई हलकान

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कानपुर रोड पर सैमसी गांव के निकट बृहस्पतिवार की दोपहर गरीब 2-30 बजे एक युवती से हुई लूट की सूचना पर पुलिस हलकान हो गई। पुलिस देर तक छानबीन की। बाद में मामला प्रेम प्रसंग का निकला। दरअसल मिशरन का पुरवा गांव की रहने वाली एक महिला ने डायल 112 में पुलिस को सूचना दी कि सैमसी गांव के निकट बाइक सवार युवकों उससे छः हजार रुपए व उसके गले की छीन कर भाग गए। सूचना पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पाकर पीआरवी के अलावा प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह मय फोर्स के घटनास्थल पहुंच गए। महिला ने पुलिस को बताया कि कस्बे से खरीदारी कर वह घर लौट रही थी। तभी रास्ते में बाइक सवार बदमाशों ने उसे रोक लिया। जब तक वह कुछ समझ पाती आरोपियों ने उसके भाई और उससे मारपीट शुरू कर दी और उससे छः हजार रुपए व गले की चेन छीन ली। वहीं घटनास्थल पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने बताया कि पुलिस से पहुंचने के पहले ही महिला के परिजन घटना स्थल पर मौजूद थे। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग का है। महिला के साथ लूट की घटना झूठी और निराधार है। फिर भी पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# पनकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत भाटिया तिराहे पर बस अनियंत्रित होकर पलटी लगभग 20 यात्री हुए घायल

● - घायलों को विभिन्न अस्पतालों में किया भर्ती, बस में सवार थे30 यात्री





स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। आज दिनांक 05.12.24 को समय करीब 02.00 बजे पीआरवी 0683 व पीआरवी 0414 द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुनाल टूरिस्ट बस सर्विस की बस संख्या यूपी 35 टी 3771 जो कि रामा पैलेस पनकी मंदिर के पास पनकी से कोयला नगर रामादेवी लौट रही थी। जो भाटिया तिराहा के आगे रेलवे पुल के पास असंतुलित होकर पलट गई। जिसमें लगभग 30 व्यक्ति बैठे हुये थे। जिनमें लगभग 20 व्यक्ति घायल हो गये हैं जिनको प्राथमिक उपचार हेतु अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कमिश्नरेट पुलिस की जानकारी के अनुसार राजा राम हास्पिटल पनकी में 4 व्यक्ति भर्ती कराये गये हैं कुसुम यादव पत्नी अवध नरेश यादव उम्र करीब 40 वर्ष निवासी गोविंद नगर कानपुर नगर, ममता यादव पत्नी चंद्रवीर सिंह यादव उम्र करीब 45 वर्ष निवासी गोविंद नगर कानपुर नगर, सीमा यादव पत्नी प्रदीप यादव निवासी घंटाघर हल्सी रोड थाना कलेक्टरगंज, नेहा पत्नी शिव गोविंद निवासी गोपाल नगर यशोदा नगर कानपुर। महावीर हास्पिटल पनकी में किशोर शर्मा पुत्र अशोक कुमार शर्मा निवासी गोपाल नगर थाना बिधनू, नीरज यादव पत्नी शिव शंकर यादव निवासी गोपाल नगर, रमेश सिंह यादव पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम निमौली थाना अकबरपुर कानपुर देहात, सुमित यादव पुत्र जगरूप सिंह यादव निवासी गंगापुर गांव कानपुर, सुनीता यादव पत्नी सुमित यादव निवासी गंगा पूर्व गांव कानपुर, प्रियंका यादव पत्नी आशीष यादव निवासी घंटाघर कानपुर, को भर्ती किया गया है। सीएचसी हास्पिटल कल्यानपुर में शिव गोविंद यादव पुत्र शिवाधर उम्र 45 वर्ष निवासी गोपालनगर यशोदा नगर, लखन पुत्र मदन उम्र 50 वर्ष निवासी भीजोना थाना घाटमपुर, सुनील पुत्र सोहनलाल उम्र 40 वर्ष निवासी चंद्रपुर गांव थाना सांढ़, विजयलक्ष्मी पत्नी राम सजीवन उम्र 50 वर्ष निवासी गोपालनगर यशोदा नगर, अंशु शर्मा पुत्र किशोर शर्मा उम्र 17 वर्ष निवासी नौबस्ता, एम झा पुत्र श्रीकांत झा उम्र 40 वर्ष निवासी गोपालनगर यशोदा नगर को भर्ती कराया गया है।

# बेहतर व्यवहार व ज़ीरो टॉलरेंस प्राथमिकता - डीआईजी झाँसी



स्वतंत्र प्रभात

कानपुर/झांसी। नवागंतुक डीआईजी केशव कुमार चौधरी ने बुधवार देर शाम झांसी पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। डीआईजी ने कहा कि पीड़ितों को न्याय और अपराधियों को सजा दिलाना उनकी प्राथमिकता है। वर्ष-2009 बैच आईपीएस अफसर केशव कुमार चौधरी मूलरूप से बिहार के दरभंगा निवासी है।अभी तक आगरा पुलिस कमिश्नरेट में अपर पुलिस आयुक्त के पद पर तैनात थे। इससे पहले कानपुर देहात, बहराइच, रामपुर, जौनपुर, चित्रकूट आदि जनपदों में पुलिस कप्तान के पद पर तैनाती के दौरान आम जन मानस को अपनी अच्छी पुलिसिंग दे चुके है। प्रदेश में उनकी गिनती ईमानदार छवि के तेजतर्रार आईपीएस अफसरों में होती है। चित्रकूट जनपद में तैनाती के दौरान वे डकैतों का सफाया करने का काम कर चुके हैं। डीआईजी केशव कुमार चौधरी ने बताया कि रेंज के सभी जनपदों में ऐसा माहौल बनाया जाएगा कि जिससे लोग खुद को सुरक्षित महसूस करें। अपराधियों को सजा दिलाने में कोर्ट में मजबूत पैरवी की जाएगी।और पुरानी घटनाओं के खुलासे के लिए नए सिरे से योजना बनाई जाएगी।पीड़ितों को थाना स्तर पर ही इंसाफ मिलेगा।अपराधियों की निगरानी के लिए टीम बनाई जाएगी।पुलिस में अनुशासन बनाया जाएगा और भ्रष्टाचार पर पूरी तरह लगाम लगाई जाएगी।

# संक्षिप्त ख़बरें

## एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



कानपुर। प्रभारी निरीक्षक थाना ककवन द्वारा गठित टीम ने दबिश देकर मारपीट की गंभीर धाराओं में एक वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्त बृजेश पुत्र मुन्नू निवासी नदिहा खुर्द थाना ककवन कानपुर नगर उम्र करीब 40 वर्ष को गिरफ्तार कर कानपुर देहात न्यायालय माती भेजा है और वहां से जेल भेजा गया है। अभियुक्त पर 342/323/506/504 भादवि जैसी गंभीर धाराओं में थाना ककवन कानपुर नगर में अभियोग पंजीकृत था। और पुलिस को इसकी तलाश थी।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय बाल संरक्षण हेतु टास्क फोर्स समिति का गठन किया गया

कानपुर। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग लखनऊ के अनुपालन में जनपद कानपुर नगर में बाल श्रमिकों को कार्य से हटाने, रेस्क्यू कर उनको पुनर्वासन कराये जाने हेतु जिला टास्क फोर्स की समिति का गठन जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिला टास्क फोर्स की समिति में जिलाधिकारी अध्यक्ष, डीसीपी क्राइम सदस्य, जिला न्यायाधीश द्वारा नामित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के एक प्रतिनिधि शुभी गुप्ता सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सदस्य, अपर जिलाधिकारी (नगर) सदस्य, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सदस्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी सदस्य, सहायक श्रम आयुक्त सदस्य सचिव, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति सदस्य, प्रभारी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट सदस्य, सुखदेव प्रसाद मिश्रा, पूर्व राष्ट्रीय मंत्री, भारतीय मजदूर संघ सदस्य तथा दो एनजीओ (बालश्रम उन्मूलन में कार्यरत) कृष्ण श्रीवास्तव, सार्वजनिक शिक्षा संस्थान, वैश्नोई नगर, विनायकपुर सदस्य एवं कल्पना सिंह, प्रगति सेवा संस्थान सदस्य बनाये गये।

## मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को दी जानकारी



कानपुर। आज दिनांक 05.12.24 को थाना नौबस्ता क्षेत्र के अंतर्गत आर.के. विद्यालय में मिशन शक्ति फेज - 5 के तहत कानपुर पुलिस और एण्टीरोमियो टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रभारी निरीक्षक नौबस्ता संतोष कुमार सिंह, महिला उपनिरीक्षक पूनम यादव ने छात्राओं को 112 हेल्पलाइन के बारे में विस्तृत जानकारी दी व महक सविता द्वारा (कराटे) सेल्फ डिफेन्स के हुनर सिखाये गए। एण्टी रोमियो टीम की महिला कॉन्स्टेबल अफसाना बानो ने छात्राओं को वुमेन्स पावरलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, सीएम हेल्पलाइन 1076 आदि के बारे में जानकारी दी।

## इग्नू का उद्देश्य पारदर्शिता के सम्पन्न हों सत्रांत परीक्षा- अनिल

**- इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र द्वारा परीक्षा केन्द्रों का किया गया ऑनलाईन निरीक्षण**



चित्रकूट - इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) द्वारा क्षेत्रीय केन्द्र गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय कर्वी सहित अन्य जनपदों में हुई परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों को वर्चुअल गूगल मीट के माध्यम से देखा गया। इस दौरान वरिष्ठ निदेशक डॉ अनिल कुमार मिश्र ने सभी परीक्षा अधीक्षकों एवं केन्द्र समन्वयकों को इग्नू के दिशा-निर्देशों के अनुसार सत्रांत परीक्षा को मानकों एवं सुचितापूर्ण आयोजन के लिए निर्देशित किया। डॉ मिश्रा ने दिव्यांगता सम्बन्धी दिशा-निर्देशों का पालन करने पर भी बल प्रदान किया ताकि विकलांग परीक्षार्थियों को नियमानुसार सुविधा प्रदान की जा सके। सहायक रजिस्ट्रार डॉ निशिथ नागर ने परीक्षार्थियों की परीक्षा हाल में शामिल होने से पूर्व जांच, परिचय-पत्र तथा एडमिट कार्ड की अनिवार्यता पर बल प्रदान किया। मीटिंग का संचालन उप-निदेशक डॉ रीना कुमारी द्वारा किया गया। समन्वयक डॉ धमेन्द्र सिंह ने परीक्षा केन्द्र पर सम्पन्न हो रही दिसम्बर सत्रांत परीक्षा को ऑनलाईन माध्यम से दिखाया। इस मौके पर सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ कीर्ति विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

# बांग्लादेशी हिंदुओं के समर्थन में किया जाएगा धरना प्रदर्शन कानपुर के महंतों ने जनता से की सहयोग की अपील

● दस दिसंबर को बड़ा चौराहा पर किया जाएगा भारी विरोध प्रदर्शन। दस हजार की भीड़ इकट्ठा होने का अनुमान।






स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही बर्बरता के विरोध में अब कानपुर महानगर का संत समाज आगे आ गया है। संत समाज ने इस विरोध प्रदर्शन में कानपुर के सभी व्यवस्थाओं, दुकानदारों, शिक्षकों, वकीलों, डाक्टरों और पत्रकारों से सहयोग की अपील की है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को लेकर वैश्विक समुदाय पर दबाव बनाने व हिंदुओं के समर्थन में 10 दिसंबर को बड़ा चौराहा पर बांग्लादेशी हिंदू रक्षा संघर्ष समिति की ओर से विशाल धरना दिया जाएगा। धरने को सफल बनाने के लिए सिविल लाइंस स्थित होटल में शहर के साधु महंतों ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी है। महंतो ने कहा है कि बांग्लादेश में जो चल रहा है उसमें वामपंथियों की ओर से कार्यवाहक सरकार पोषित इस्लामिक तत्वों के साथ मिलकर हिंदू समाज का दमन किया जा रहा है।

उन्होंने ये भी कहा कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को वैश्विक मानवाधिकार संगठन आगे आए। उन्होंने कहा कि हम वहां जाकर तो कुछ नहीं कर सकते लेकिन अपने विरोध विरोध दर्ज करा सकते हैं। प्रदर्शन से वैश्विक स्तर पर प्रदर्शन सिविल लाइंस स्थित होटल में आयोजित इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में पनकी मंदिर के महंत जितेंद्र दास जी महाराज, सिद्धनाथ धाम के बाल योगी अरुण चैतन्य पुरी जी महाराज,आनंदेश्वर मंदिर के महंत अरुण भारती जी एवं इस्कॉन मंदिर के महंत प्रशांत प्रभु जी शामिल हुए।

# ट्रेक्टर द्वारा पीछे से टक्कर मार देने के बाद ट्राली पलटी स्कूटी सवार फाइनेंस कंपनी मैनेजर की दर्दनाक मौत




● -ड्राइवर मौके से फरार, टक्कर मारने के बाद ट्राली पलटी

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। घाटमपुर रोड पर एक ट्रेक्टर ट्राली के द्वारा स्कूटी सवार व्यक्ति के पीछे से टक्कर मार देने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक एक फाइनेंस कंपनी में मैनेजर था। घटनाक्रम की पूरी जानकारी देते हुए कमिश्नरेट पुलिस ने बताया कि आज दिनांक 05/12/2024 को समय करीब 11:10 बजे माधवबाग रमईपुर में एक स्कूटी यूपी 78 जीपी 6426 जो नौबस्ता से घाटमपुर जा रही थी उसको पीछे से एक ट्रेक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी व ट्रेक्टर ट्राली सडक से निचे पलट गया। जिसमें स्कूटी सवार एक व्यक्ति सुनील कुमार तिवारी पुत्र श्रवण कुमार तिवारी निवासी आवास विकास हंसपुरम थाना नौबस्ता कानपुर नगर उम्र करीब 38 वर्ष की मृत्यु हो गयी है। मृतक एचडीबी फाइनेंस कंपनी किदवई नगर शाखा में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे, ट्रैक्टर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन उससे पहले ही ट्रेक्टर ड्राइवर मौके से भाग चुका था। पुलिस ने बताया कि बॉडी को सील सर्व मोहर कर पंचायत नामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी हाउस हैलेट भेजा गया है, ट्रैक्टर ट्राली व स्कूटी को थाने भिजवाया जा रहा है, लॉ एण्ड आर्डर की कोई समस्या नहीं है। ट्रेक्टर ड्राइवर का पता लगाया जा रहा है।

# मेस्कर घाट पर दिखेगा चौपाटी का नजारा - सलिल विश्नोई ने किया एक करोड़ की कार्ययोजना का शुभारंभ

●सलिल विशनोई के प्रयासों सेपर्यटन विभाग उप्र द्वारा स्वीकृत मेस्कर घाट, कानपुर के सुन्दरी करण कार्य का प्रारम्भ








स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। कानपुर के मेस्कर घाट पर बहुत जल्द मुंबई की चौपाटी जैसा नजारा दिखाई देगा। इससे कानपुर वासियों को एक नया पर्यटक स्थल मिल जाएगा और वह वहां गंगा नदी के किनारे आनंद उठा सकेंगे। आज 5 दिसम्बर 24 को सायं 4 बजे विधायक सलिल विशनोई के प्रयासों से, पर्यटन विभाग द्वारा स्वीकृत नब्बे लाख रुपये से मेस्कर घाट का सुन्दरीकरण करके चौपाटी जैसा पर्यटन स्थल बनाने के कार्य का शिलान्यास एवं शुभारम्भ विधायक सलिल विशनोई द्वारा किया गया। विधायक सलिल विश्नोई ने सर्व प्रथम नारियल फोड़कर शिलान्यास किया उसके बाद हवन पूजन हुआ तत्पश्चात गंगा आरती की। इस अवसर पर विभिन्न विभागीय अधिकारियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं सहित रघुनंदन भदौरिया (पूर्व विधायक), लखन ओमर (उपाध्यक्ष छावनी परिषद, विनोद शुक्ला (पूर्व जिलाध्यक्ष ), पं. हरिओम शास्त्री, सुमित तिवारी, प्रस्तावना तिवारी, रामशंकर, चंद्रकांत द्विवेदी, वैभव खंडेलवाल, सुनील साहू, नीना अवस्थी, एन डी तिवारी, गुरु नारायण गुप्ता, आदर्श गुप्ता (पार्षद), विनोद शुक्ला आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## नगर पालिका परिषद परिसर में दुकानदारों ने दिया धरना

अलीगढ़। तहसील अतरौली में नगर पालिका परिषद अतरौली द्वारा नगर पालिका मार्केट के 39 दुकानदारों के साथ हुए मानसिक शोषण आर्थिक शोषण एवं भ्रष्टाचार के विरोध में आज दिनांक 5 दिसंबर 2024 को समस्त 39 दुकानदारों ने नगर पालिका परिषद परिसर में किया शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन दुकानदारों का कहना है कि पालिका के अधिकारियों की कमी के कारण हमारी दुकानै निरस्त की जा रही है एवं नगर पालिका द्वारा नए नियम अनुसार आवंटन प्रक्रिया चल रही है वहीं दुकानदारों की मांग है कि कानून अधिकार समान मानते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा निर्मित मार्केट आवधिक आवंटन का भी निरस्तीकरण होना चाहिए जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक धरना प्रदर्शन चलता रहेगा इस अवसर पर संतोष कुमार पूर्व सभासद आसू भारद्वाज लोकेश वार्ष्णेय नितिन भारद्वाज फहीम खान प्रशांत वार्ष्णेय निजाम फल वाले प्रेमपाल वर्मा चंदू लोधी कपिल देव गीता देवी पूर्व सभासद सुनीता देवी आशा देवी मधु गुप्ता आदि लोगों की उपस्थिति रही।

# सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था हेतु पुलिस उपायुक्त यातायात ने किया स्थलीय निरीक्षण

● -पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश।





स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। दिनांक 05.12.2024 को पुलिस उपायुक्त यातायात, रवीन्द्र कुमार ने विजय नगर, सर्वोदय नगर एवं जागेश्वर तिराहा का स्थलीय भ्रमण कर यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान मेट्रो के अधिकारी एवं ट्रैफिक निरीक्षक उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान यातायात संचालन को बेहतर बनाने और जनता को सुगम एवं सुरक्षित यातायात का अनुभव प्रदान करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए साथ ही स्थानीय पुलिस, मेट्रो मार्शलों तथा यातायात पुलिस को आपसी समन्वय स्थापित कर यातायात व्यवस्था ड्यूटी हेतु निर्देशित किया गया। कानपुर मेट्रो के निर्माण से कानपुर की ट्रेफिक व्यवस्था एकदम से ध्वस्त हो चुकी है। कहीं ट्रेफिक पुलिस इससे मुकाबला कर रही है तो कहीं मेट्रो के कर्मचारी। डीसीपी यातायात ने सुझाव दिया कि दोनों आपस में सामंजस्य स्थापित कर ट्रेफिक को सुचारू रूप से चलवाएं।

# कानपुर में बोले अखिलेश - मुख्यमंत्री अपना डीएनए चेक करायें, मैं भी कराऊंगा

● -संभल की घटना प्रशासन की देन- अखिलेश यादव



स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा डीएनए की बात करने से समाजवादी पार्टी के मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बहुत खफा हैं। आज गुरुवार को अखिलेश यादव ने यहां कहा कि एक संत होने के नाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को डीएनए की बात नहीं करनी चाहिए। वह अपना डीएनए चेक करायें, मैं भी कराऊंगा। समाजवादी पार्टी के मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव यहां सांसद राजाराम पाल के बेटे की शादी में शामिल होने के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा- मुझे नहीं पता कि वो कितना बायोलॉजी जानते हैं। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि वो बार-बार डीएनए जांच कराने की बात करते हैं। इसलिए मैं भी ये बात कहना चाहता हूं कि मुख्यमंत्री भी अपना डीएनए चेक कराएं और मैं भी अपना डीएनए चेक कराऊंगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग खोखले हो गए हैं। वो खोखले नहीं होते तो जनता का समर्थन उन्हें मिलता। परिणाम जो भी आए, लेकिन हम लोग जानते हैं कि भाजपा हारी है। प्रशासन और पुलिस ने उन्हें जिताया है। संभल हिंसा पर किए गए सवाल के जवाब में अखिलेश यादव ने कहा कि संभल की घटना भी प्रशासन की देन है। पहले सर्वे में जिम्मेदार लोगों ने कोई रुकावट पैदा नहीं की। दोबारा सर्वे लगाने पर नारेबाजी की गई। ये भाजपा के लोगों ने कराया। समाजवादी पार्टी द्वारा सीसामऊ विधानसभा सीट पर जीत हासिल करने के बाद पहली बार कानपुर आए पूर्व मुख्यमंत्री सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस दौरान ही यहां सीसामऊ में जीत दर्ज करने वाली नसीम सोलंकी से भी मुलाकात की।

# माह नवम्बर 24 की प्रदेश स्तरीय आईजीआरएस मासिक मूल्यांकन में कानपुर जोन फिर आया प्रथम

● -एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह की बेहतर कार्य प्रणाली से 8 माह में सात बार कानपुर जोन रहा प्रथम



स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनसमस्याओं के गुणवत्तापूर्ण, त्वरित प्रभावी एवं पारदर्शी निस्तारण हेतु संचालित जनसुनवाई समाधान प्रणाली( आईजीआरएस ) सम्बन्धी शिकायतों के समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण में कानपुर जोन ने प्रदेश में एक बार फिर से प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पिछले माह भी कानपुर जोन को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था। जनता के द्वारा विभिन्न माध्यमों से दिये गये जन शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की मासिक समीक्षा प्रत्येक माह शासन स्तर पर मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा की जाती है। आवेदकों द्वारा पोर्टल पर प्रस्तुत प्रार्थना पत्र प्राप्त होने से लेकर जांच के विभिन्न पहलुओं तथा आवेदक के विधिक दृष्टिकोण से संतुष्ट होने तक विभिन्न मानकों, बिन्दुओं पर शासन द्वारा मूल्यांकन कर प्रदेश स्तर पर थाने से लेकर अपर पुलिस महानिदेशक तक की रैंकिंग निर्धारित की जाती है।

माह नवम्बर - 24 में भी जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) के अर्न्तगत प्राप्त जन शिकायतों के निस्तारण का गहन मूल्यांकन प्रदेश स्तर पर किया गया । उक्त मूल्यांकन में कानपुर जोन, कानपुर को पूर्व माह की भांति माह नवम्बर में भी जनसुनवाई समाधान प्रणाली के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निष्पादन में प्रदेश स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त हुई है। इसके अतिरिक्त कानपुर जोन के पर्यवेक्षणाधीन कानपुर परिक्षेत्र एवं झॉसी परिक्षेत्र तथा जनपद कानपुर देहात, इटावा, फतेहगढ़, जालौन व ललितपुर को भी जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में प्रदेश स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त हुई है । इसी प्रकार कानपुर जोन के मूल्यांकन किये जा रहे कुल 139 थानों में से 125 थानों ने प्रथम रैंक प्राप्त कर अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2024 में जारी


8 माह की रैंकिंग में कानपुर जोन को 07 बार प्रथम रैंक प्राप्त हुई है, जो जनसुनवाई के प्रति शासन की मंशा के अनुरूप कानपुर जोन पुलिस के द्वारा बेहतर कार्य प्रणाली को प्रदर्शित करता है । एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह ने जनसुनवाई समाधान प्रणाली ( आईजीआरएस) पर प्राप्त शिकायतों के उचित निस्तारण में अपेक्षित स्तर की गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही हेतु, अधिकारियों, थाना प्रभारियों को कार्यप्रणाली में तत्काल गुणात्मक सुधार लाकर शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराते हुये शत् प्रतिशत मूल्यांकन प्राप्तांक प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### शादी का झांसा देकर बनाए शारीरिक संबंध शादी से इनकार रिपोर्ट दर्ज

**बरेली**/क्यों लड़िया थाना क्षेत्र के गांव जहरा जादौव पुर के सुमित गंगवार पुत्र मोहनलाल ने गांव की ही एक युवती से शादी करने का झांसा देकर अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और उसके साथ 11 माह से सॉरी रक संबंध बना था रहा युवती द्वारा जब शादी करने को कहा तो वह टाल मटोल करने लगा इस को लेकर युवती ने सुमित पर दबाव बनाया तो उसने उसके साथ मारपीट की पीड़ित ने घटना की तहरीर क्यों लड़िया पुलिस को दी जिस पर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर धारा 376/ 376/2एन323/ 504 मैं रिपोर्ट दर्ज कर के पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### अतिक्रमणकारी दो दिन में हटायें अतिक्रमण,अन्यथा प्रशासन हटायेगा- एसडीएम



**कलान-शाहजहांपुर।**नगर कलान में मुरादाबाद फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे किनारे अतिक्रमण करने वाले लोग दो दिन में स्वयं अतिक्रमण हटा लें। अन्यथा प्रशासन अतिक्रमण हटाने का काम करेगा।यह बात कलान की उप जिलाधिकारी चित्रा निर्वाल ने कही। बताते चलें कि कलान में हाईवे पर रोज जाम लगता है।जिस कारण राहगीरों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है।जाम के कारण दुर्घटनायें भी हो जाती हैं।जाम की समस्या के दृष्टिगत गुरुवार सुबह एसडीएम कलान जा पहुंची।जहां उन्होंने नगर कलान का भ्रमण किया।भ्रमण के दौरान उन्होंने स्टेट हाईवे किनारे लगे अतिक्रमण को देखकर नाराजगी जतायी। एसडीएम चित्रा निर्वाल ने अतिक्रमणकारियों को दो दिन में अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने कहा कि अतिक्रमण नहीं हटाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जो आक्रमणकारी स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाएगा तो प्रशासन अतिक्रमण हटावायेगा।एसडीएम ने यह निर्देश नगर में रोज लगने वाले भीषण जाम को दृष्गित रखते हुए दिए हैं। नगर भ्रमण के दौरान उनके साथ नायब तहसीलदार शशांक कुमार सिंह,कलान के चेयरमैन हरनारायण गुप्ता,कलान के प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद एवं अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन में अब तक की सबसे बड़ी कुर्की की कार्यवाही





**लखीमपुर खीरी-** पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में हैदराबाद थाना प्रभारी शिवाजी दुबे के नेतृत्व में थाना हैदराबाद पुलिस व थाना गोला पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा वर्ष 2024 की सबसे बड़ी कुर्की की कार्वाई 5 करोड़ 55 लाख की, की गई इस दौरान थाना हैदराबाद पुलिस,थाना गोला पुलिस व तहसील प्रशासन गोला मौजूद रहा बताते चले थाना गोला क्षेत्र के ग्राम भूड़वारा के रहने वाले मतीन के ऊपर दर्ज है 23 से भी अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज होने के चलते कुर्की की कार्यवाही अमल मे लाई गयीं है जिसके खिलाफ थाना प्रभारी हैदराबाद शिवाजी दुबे द्वारा की गई 5 करोड़ 55 लाख की सबसे बड़ी कुर्की की कार्वाई जो जिले की अबतक की सबसे बड़ी कार्यवाही बताई जाती है।

### थाना नीमगांव कस्बे में पैदल गश्त कर जनता को दिलाया सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने का अहसास।



**बेहजम खीरी** जिले के अंतर्गत थाना क्षेत्र नीमगांव में पुलिस अधीक्षक जीपी शाहा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में थाना अध्यक्षा सुनीता कुशवाहा के नेतृत्व में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने के लिए संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की बे वजह सड़क पर भीड़ बने लोगों को भी दी हिदायत वही बगैर नंबर प्लेट वाहनों को नंबर डलवाने का सख्त निर्देश।

# सात महीने मे ही उखड़ने लगी करोडो रूपये की लागत से बनी सडक

स्वतंत्र प्रभात



**लखीमपुर खीरी** कस्बा खीरी के बांसताली से मूसेपुरखुर्द गांव के पश्चिम होते हुए जिला अस्पताल होते हुए चौकी ओयल के पास लखीमपुर सीतापुर हाइवे को जोड़ने वाली मात्र एक सड़क जो कि जिला पंचायत द्वारा बनाई गई है लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से 6 से सात महीनो में ही उखडने लगी सड़क इसकी पड़ताल स्वतंत्र प्रभात संवाददाता द्वारा की गई तो स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि।

जब शुरुआत से ही सड़क मरम्मत से सिर्फ खानापूर्ति कर बार बार बना दी जाती है आखिर इतनी बड़ी रकम से बनाई गई सड़क अगर मानक के अनुसार बनाई गई होती तो हो सकता है तो यह सड़क कहिए स्थित ना होती ठेकेदार जी द्वारा इसी तरह से खानापूर्ति करके ऊपर एक इंच डामर गिट्टी डाल के इतिश्री कर ली जाती है क्योंकि नीचे से लेकर ऊपर तक कमीशन के खेल में कोई भी आवाज उठाने की हिम्मत नहीं रखता जिसका परिणाम सामने है यह तो एक बानगी है जनपद में इस तरह के अनेकों मामले सामने आएंगे।

# निघासन पुलिस को मिली बड़ी सफलता खैराहनी मंदिर में हुई चोरी का सफल अनावरण

स्वतंत्र प्रभात



**निघासन खीरी।** निघासन कोतवाली क्षेत्र के खैरहनी गांव में एक मंदिर से चोरी हुई चांदी के मुकुट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से चोरी किया गया चांदी का मुकुट तथा घटना में इस्तेमाल की गई बाइक भी बरामद की है।

यह घटना 29 नवम्बर को हुई थी, जब दो बाइक सवारों ने खैरहनी गांव स्थित एक मंदिर में दिनदहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मंदिर में रखे एक किलो वजन का चांदी का मुकुट चोरी कर दोनों आरोपी फरार हो गए थे। मंदिर के पुजारी की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस की विशेष टीम ने बृहस्पतिवार को मंदिर में हुई चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान राहुल कुमार (पुत्र उत्तम कुमार) और विमल कुमार (पुत्र गया प्रसाद) के रूप में हुई है, जो थाना मझगई, जनपद खीरी के निवासी हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया चांदी का मुकुट और घटना में इस्तेमाल की गई बाइक भी बरामद की है। निघासन कोतवाल महेश चंद्र ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। चोरों के पास से बरामद चांदी का मुकुट और बाइक के आधार पर मामले की जांच आगे बढ़ाई जाएगी। इस मामले में गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राजेन्द्र कुमार तिवारी, हे0का0 मनीष मिश्र, का0 अमित सिंह, का0 राहुल कुमार और का0 रवि कुमार शामिल थे।

# मेले में झूले से फिसली लड़की... हवा में लटकी, ऐसे बची जान; वीडियो देख रह जाएंगे हैरान

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** के निघासन क्षेत्र के रकेहटी गांव में बुधवार की शाम झोलहू मेले में बड़ा हादसा होते-होते बच गया। मेले में झूले पर बैठी 14 साल की किशोरी के साथ ऐसी घटना हुई, जिससे उसकी जान पर बन आई। अचानक झूला चलने से वह फिसल गई। गनीमत रही कि गिरते समय उसने हाथ से झूले का एंगिल पकड़ लिया, जिससे वह लटक गई। वह मदद के लिए चीखने लगी। करीब 60 फुट की ऊंचाई पर लड़की को लटका देख लोग हैरान रह गए।मौके पर अफरातफरी मच गई। लड़की ने हिम्मत नहीं हारी और करीब 30 सेकेंड तक एंगिल पकड़कर लटकी रही। धीरे-धीरे झूले को घुमाया गया। नीचे आने पर उसे उतारा गया। इस हादसे से लड़की बुरी तरह सहम गई। बताया गया है कि झूला संचालक का कुछ लोगों से विवाद हो गया था। झगड़े के दौरान अचानक झूला चल गया। बताया जा रहा है कि घटना के बाद झूले को बंद करा दिया गया हैझूला संचालक आरिफ ने बताया कि बुधवार शाम करीब पांच बजे वह झूले पर लोगों को बैठा रहा था। इसी बीच सेमरा बाजार के तीन युवक आए और उसकी पिटाई करने लगे। इसी दौरान अचानक झूला बढ़ गया और एक किशोरी फिसल गई। उसने एंगिल में पकड़ लिया। आरिफ ने तुरंत झूला रोक दिया। फिर धीरे-धीरे झूले को घुमाया गया। इस दौरान लड़की एंगिल पकड़े रही, नीचे आने पर वह उतरी। घटना के संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक महेश चंद ने बताया कि मामले में तीन युवकों को हिरासत में लिया गया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
www.swatantraprabhat.com
स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

# गोद लिये विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम

**● शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिये स्कूल के शिक्षकों से वार्ता कर मांगे सुझाव**

स्वतंत्र प्रभात



**शाहजहाँपुर**/पीएमश्री एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था में सुधार करने तथा उच्च गुणवत्ता की शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा जनपद के 44 विद्यालयों को गोद लिया गया है। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा जनपद के सबसे अधिक नामांकन वाले विद्यालयों में से एक पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय सेहरामऊ दक्षिणी, वि0क्षे0 भावलखेड़ा को गोद लिया गया है। जिलाधिकारी ने गोद लिये गये विद्यालय का गुरूवार को निरीक्षण किया तथा विद्यालय के अध्यापकों से स्कूल में ही मीटिंग कर विद्यालय की स्थिति में, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने हेतु योजना बनायी तथा आवश्यक निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्कूल के प्रत्येक कक्षा में जाकर देखा। जर्जर पड़े कक्षों को ध्वस्तीकरण करने के निर्देश दिये। विद्यालय में साफ-सफाई भी ठीक नही पायी गयी तथा विद्यालय में 695 बच्चों का नामांकन है, जिसके सापेक्ष कम उपस्थित पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होने कहा कि सभी कक्ष अध्यापकों के पास अभिभवकों के नं0 उपलब्ध होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा प्रत्येक 15 दिनों में विद्यालय का निरीक्षण उनके द्वारा किया जाएगा। एक माह तक शतप्रतिशत उपस्थिति दर्ज करवाने वाले बच्चों का नाम कक्ष अध्यापक नोट करके रखें जिन्हे प्रोत्साहन हेतु वह स्वयं सम्मानित करेगें। जिलाधिकारी ने विद्यालय में एक एक अध्यापक को अलग अलग जिम्मेदारी देने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने विद्यालय को बेहतर बनाने के लिये सुझाव मांगे, अध्यापकों ने अपने अपने सुझाव दिये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पूरे कैंपस और कमरों में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाए। उन्होने सभी कमरों की विंडो परं मॉस्किटो जाली लगाने, रंगाई पुताई तथा कैम्पस को हर भरा बनाएं जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होने बीडीओ को निर्देश दिए कि किसी भी दशा में विद्यालय अथवा आस पस कूड़ा न दिखना चाहिए। जिलाधिकारी ने अध्यापकों को निर्देश दिये कि सभी बच्चों को राष्ट्गान, राष्ट्रीय गीत भी जरूर याद हो यह सुनिश्चित किया जाए। सभी लोग विद्यालय निर्धारित ड्रेस में ही उपस्थित हो। जिलाधिकारी ने विद्यालय में झूले लगवाए जाने तथा आकर्षक वाल पेंटिंग बनाने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी आदि मोजूद रहे।

## मोबाइल चोरों का गिरोह चढा धौरहरा पुलिस के हत्थे, मौके से तीन अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात



**धौरहरा खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देश में चलाए जा वाहन चेकिंग अभियान में पुलिस के मोबाइल लूटने वाले गिरोह को गिरफ्तार करने में धौरहरा पुलिस को सफलता मिली है।इस दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी धौरहरा प्रीतम पाल सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में धौरहरा पुलिस को क्षेत्र में हो चुकी मोबाइल लूट काण्ड घेराबंदी करते हुए तीन आरोपियों को क्षेत्र के रंजीत गंज पुल के पास से गिरफ्तार किया। कोतवाली में प्रेस वार्ता करते हुए प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा ने बताया वादी मुकदमा आदिल ने सूचना दी कि सिसैया से आटो से आते वक्त बाइक सवार तीन युवकों ने सैमसंग मोबाइल लूट लिया जिस पर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 563/2024 की धारा 309(9)दर्ज कर आरोपियों की तलाश में टीमें गठित कर तीन लोगों के पास भिन्न-भिन्न स्थानों से चोरी किए 5 मोबाइल फोन,एक पर्स,इण्डियन बैक की पासबुक,एक तमंचा 12 बोर 2 कारतूस,घटना में प्रयुक्त काली मोटरसाइकिल सुजुकी Intufer नंबर U P-34-AS -0339 बरामद कर ओम गुप्ता उर्फ दीपांशु पुत्र स्व0 शिव नार।

# पूरनपुर मे समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन किया साथ ही विधानसभा की नव मनोनीत कार्यकारिणी घोषित बूथ कमेटियों पर चर्चा

स्वतंत्र प्रभात



**पूरनपुर-** मिशन 2027 को सफल बनाने के लिए समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कमर कस ली है। पूरनपुर विधानसभा की मासिक बैठक विधानसभा अध्यक्ष संजय सिंह यादव की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा सम्मिलित हुए जगदेव सिंह जग्गा द्वारा एव अन्य वशिष्ठ नेताओं द्वारा सपा कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक मे जिलाध्यक्ष जिसमें विधानसभा स्तर पर बूथ कमेटी गठन को लेकर समीक्षा की गई और हर जगह जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने का फैसला लिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि "बूथ गठन का कार्य विधान सभा प्रभारी व अध्यक्ष जल्द से जल्द मिल कर करें। क्योंकि जब तक बूथ मजबूत नहीं होगा तब तक मिशन 2027 सफल नहीं होगा।उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से जल्द से जल्द बूथ गठन का कार्य करने की अपील की है उन्होंने कहा चुनाव कभी भी हो सकता है इसलिए कार्यकर्ता कमर कस कर तैयार रहें सभी नेता बूथ कार्यकर्ताओं के घर-घर जाकर सम्पर्क करें और उनकी मदद करें। ताकि बूथ गठन का कार्य जल्दी हो सके" बैठक मे सम्मिलित हुए पूर्व विधायक अरशद खा एव पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव जी ने कार्यकर्ताओं से पी डी ए के नारे को आगे बढ़ाने का कार्य् करने को कहा जिसमे पिछडो एव दलितों को जोड़ने की बात कही। समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार "राजू" जी ने विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर मे अपने द्वारा किये जा रहे कार्यो से अवगत कराया साथ ही बूथ कमेटी गठन मे पूरा सहयोग देने की बात कही।

जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव एव अशोक सिंह ने क्षेत्रीय मुद्दों को उठाते हुए उन पर पार्टी पदाधिकारीयों द्वारा आवाज उठाने को कहा जिस पर सभी ने सहमति जताई। पूर्व ब्लाक प्रमुख पति अजय भारती ने संगठन हित मे सुझाव दिये बैठक मे सछास के पूर्व प्रदेश सचिव नोमान अली वारसी ने अल्पसंख्यक समाज के उत्पीड़न पर पार्टी नेतृत्व को आवाज उठाने को कहा जिस पर जल्द ही आंदोलन करने की बात पार्टी के वशिष्ठ नेताओं ने की यूथ ब्रिगेड नेता संजय खान ने भी अपने विचार रखे इसके अतिरिक्त सपा नेता ओम शर्मा, नजुमल हसन खा, जाहिद खा, अहीद खा आदि सपा नेताओ ने भी विचार रखे बैठक मे बड़ी संख्या मे सपा नेता उपस्तिथ रहे बैठक के बाद जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा के अनुमोदन के बाद विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष संजय सिंह यादव जी विधानसभा कार्यकारिणी घोषित की गई जिसके मनोनयन पत्र वितरण किया गया एवं माल्यार्पण किया गया इस दौरान प्रमुख रूप से कमलेश परिहार, मीता सिंह, इमरान वली खा, कल्याण सिंह सरोज, तुफैल अहमद, हाजी लाडले, देवकीनन्दन वर्मा, ईश्वरी प्रसाद वर्मा, भगवान दीन शर्मा, दिनेश कुमार वर्मा, प्रशांत अवस्थी, अरविन्द कुमार, मो.सरताज, नार्बिअली मसूरी, सदाकत अली, शोएव कुरैशी आदि उपस्तिथ रहे।

# माधोटांडा ब्लॉक के संचालन की फिर जगी उम्मीद

स्वतंत्र प्रभात

**कलीनगर।** लंबे समय से रुकी माधोटांडा ब्लॉक की सेवाएं बहाल होने की एक बार फिर उम्मीद जगी है। स्थानीय लोगों की मांग के बाद केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने सुविधा का हवाला देते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई कराने की मांग की है। माधोटांडा ब्लॉक के संचालन से सीमावर्ती गांव तक में विकास की रफ्तार बढ़ जाएगी।

पूरनपुर ब्लॉक क्षेत्र का विभाजन कर वर्ष 2016 में माधोटांडा ब्लॉक को मंजूरी दी गई थी। अधिसूचना जारी होने के बाद कस्बे के जूनियर हाईस्कूल परिसर में ब्लॉक का संचालन भी शुरू किया गया था। करीब दो साल तक एडीओ और सचिव स्तर के अधिकारी और कर्मचारी ब्लॉक में बैठकर कामकाज भी करने लगे थे, लेकिन वर्ष 2018 में सेवाओं पर रोक लगा दी गई। इसके बाद लोगों में मायूसी बढ़ी। इसको लेकर लगातार आवाज उठाई जाने लगी।

विकास कार्यों का भी हवाला दिया गया, लेकिन लंबा समय बीतने के बाद ब्लॉक की सेवाएं बहाल नहीं हो सकीं। इधर माधोटांडा निवासी निर्भय सिंह ने ब्लॉक की सेवाओं को बहाल करने की मांग को लेकर केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को पत्र भेजा था। इसका संज्ञान लेकर केंद्रीय राज्यमंत्री ने प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजा। इसमें क्षेत्रीय लोगों की सुविधा का हवाला देकर ब्लॉक के मामले में आवश्यक कार्रवाई कराने की मांग को शामिल किया गया है। इसके बाद क्षेत्रीय लोगों को ब्लॉक की सेवाओं के बहाल होने की पुन~ उम्मीद जाग गई है। कलीनगर रोड पर हुई बारिश से तवाही पर कई माह बाद कार्य की स्थिति खराब है सिर्फ खानापूर्ति कर दि आने जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिसमें स्कूली बच्चे भी शामिल है मानों दुर्घटना होने की दावत दे रहा हैप्रशासन गहरी नींद में सो रहा है अगर कोई दुर्घटना होती हैं या रास्ते के लिए गूगल का इस्तेमाल किया जाता है तो तो दुर्घटना संभव फिलहाल श्च2स्र अठन्नी के कट्टे लगाकर काम चला रहा हैं। आखिर कब तक नींद में रहेंगे आगे सर्दी आ रही है घना कोहरा भी रहेगा आगे रास्ता सही से देख पाना संभव नहीं होगा।

## नौगवां चौराहे पर आग का गोला बनी ईको, घटना के बाद चालक फरार

स्वतंत्र प्रभात

**पीलीभीत** के नौगवां चौराहे के निकट बुधवार सुबह अज्ञात कारणों से ईको गाड़ी में आग लग गई। सड़क पर आग की लपटें देख हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। कोतवाली पुलिस और दमकल की टीम आग लगने की वजह तलाश रही है। ईको गाड़ी में एलपीजी किट लगी होने की बात सामने आई है। शहर के सनुगढ़ी क्षेत्र के अंतर्गत नौगवां चौराहे से एकता नगर पार्क आने वाले मार्ग पर एक ईको गाड़ी खड़ा था। चालक भी गाड़ी में सवार था। इस दौरान अचानक गाड़ी में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। लपटें देख चालक भाग गया। आग देख मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर दमकल की टीम भी मौके पर पहुंच गई। आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए गए। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझ सकी

हालांकि तब तक गाड़ी पूरी तरह आग का गोला बन गई। चर्चा रही कि गाड़ी में गैस रिफिलिंग करते समय हादसा हुआ, हालांकि उसके प्रमाण नहीं मिल सके। कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि सूचना पर टीम मौके पर पहुंची थी। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। वाहन नंबर के आधार पर चालक और मालिक की तलाश कराई जा रही है।

**खोखे में लगी आग, 50 हजार का नुकसान**

शहर में सुनगढ़ी थाने से डिग्री कॉलेज चौराहे जाने वाले मार्ग पर रामा इंटर कॉलेज के आगे मैरिज लान के सामने रखे पान के खोखे में आग लग गई। आग से दुकान में रखा सामान और कुछ नकदी जल गई। सूचना पर पहुंचे दुकानदार कृष्णपाल ने बताया कि आग से करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। बताया कि दुकान में बिजली कनेक्शन नहीं है तो शॉर्ट सर्किट से आग लगने का सवाल ही नहीं। किसी अराजकतत्व ने खोखे में आग लगाई है। बताया कि कुछ समय पहले पड़ोस में रखे एक अन्य खोखे में भी इसी तरह आग लगी थी।

# जिलाधिकारी ने विकास भवन के कार्यालायों का किया औचक निरीक्षण

**● दिव्यांगजन, समाज कल्याण तथा प्रोबेशन विभाग के अधिकारियों को हेल्पलाइन नं0 जारी करने के दिये निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात



**शाहजहाँपुर**/जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने विकास भवन स्थित कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया जिसमें विभिन्न अव्यवस्थाएं पायी गयी। इस दौरान जिलाधिकारी ने समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग कार्यालय, उद्यान विभाग, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, जिला पंचायती राज कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कर्मचरियों की उपस्थिति सहित अभिलेखों का रख रखाव तथा साफ-सफाई व्यवस्था आदि को देखा। निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग के 04 फार्मो में औसत से कम उपज होने पर जिलाधिकारी ने लिपिक एवं फार्म इंचार्ज का स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिये। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्बंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने पेंशन के लंबित प्रकरणों को निस्तारण करने तथा आधार सीडिंग कार्य को पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी, दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि अपने अपने कार्यालयों एक-एक पटल बढ़ाकर हेल्पलाइन नं0 जारी करें जिससे कि लोगों की शिकायत एवं समस्याओं का घर बैठे समाधान हो सके। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में अभिलेखों का रख रखाव ठीक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये अभिलेखों का रख रखाव ठीक ढंग से करने के निर्देश दिये। कर्मचारियों द्वारा जगह की समस्या बताए जाने पर जिलाधिकारी ने एक अन्य कक्ष उपलब्ध कराने हेतु भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि विकास भवन के सौन्दर्यकरण हेतु पौधो तथा गमलो आदि का प्रबन्ध किया जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में पटल पर मौजूद कर्मचारियों से उनके कार्यो के सम्बन्ध मे जानकारी ली तथा अनुपस्थित कर्मचारियों को अपने कार्यालय में तलब किया। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया कि समय से कार्यालय मे उपस्थित होना सुनिश्चित करें। संबधित विभागीय अधिकारियों को कार्योलयों में साफ- सफाई सहित अभिलेखों के रख-रखाव व्यवस्थित ढंग से करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह मौजूद रहीं।

# ग्रामों में जन-चौपाल का आयोजन कर सुनी गई शिकायत

स्वतंत्र प्रभात



**शाहजहांपुर/** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशों के क्रम में जनपद की 64 ग्रामों में नोडल अधिकारियों द्वारा जन चौपाल का आयोजन कर जन सामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को सुना गया। प्रत्येक बृहस्पतिवार को ग्राम पंचायतों के ग्रामों में जन-चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। जनपद की 64 गावों में नोडल अधिकारियों द्वारा जन-चौपाल का आयोजन कर विकास कार्यो का सत्यापन एवं लोगों की समस्याओं को सुना गया। ग्रामों चौपाल का उद्देश्य है कि ग्रामीणों की शिकायतों एवं समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जा सके। जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास, कानून एवं शांति व्यवस्था एवं जनकल्याण के दृष्टिगत विभिन्न कार्यक्रम एवं योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे।

ग्राम चौपाल में राजस्व कार्यों, ग्राम में संचालित विकास कार्यो, जनकल्याणकारी योजनाओं, कानून एवं शांति-व्यवस्था के संबध में ग्रामवासियों से जानकारी प्राप्त गई। ग्राम चौपाल में लोगों से शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, राशन, शुद्ध पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा, मिशन शक्ति, नारी सशक्तिकरण, रोजगार, कौशल विकास, साफ-सफाई, जल निकासी, नाली, सड़क, खड़ण्जा, सी0सी0 रोड एवं अन्य निर्माण कार्य आदि के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी ली गई। जन-कल्याणकारी योजनाओं पेंशन, राशन, आवास, शौचालय एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं आदि का घर-घर जाकर सत्यापन किया गया। जन चौपालों में ग्रामीणों की प्राप्त शिकायत एवं समस्याओं को गुणवत्तापूर्वक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### मुख्य विकास अधिकारी भदोही द्वारा कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माणाधीन पेयजल इकाई का निरीक्षण



**भदोही-** आज दिनांक 5 दिसंबर 2024 को msdp के अंतर्गत कार्यदाई संस्था ष्द्यस्रद्ध को स्वीकृत पेयजल परियोजना मोहम्मद पुर चक मसूद एवं त्रिलोकपुर विकासखंड औराई का मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर शिवाकांत द्विवेदी द्वारानिरीक्षण सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग के साथ किया गया मौके पर कार्यदाई संस्था के सहायक अभियंता उपस्थित रहे निरीक्षण के दौरान पाया गया की इन पेयजल परियोजनाओं पर अपेक्षा अनुरूप मैनपॉवर नहीं लगे हैं, कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी है जबकि संस्था के अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया था कि मोहम्मदपुर की परियोजना पूर्ण है द्व परियोजना की प्रगति अत्यंत मंद है cldf के सहायक अभियंता को निर्देशित किया गया कि वे मैन पावर बढ़ाकर गुणवत्ता युक्त ढंग से माह दिसंबर 2024 तक इन परियोजनाओं को मानक के अनुसार पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि समय के अंदर कार्य को पूर्ण कराएं

### जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन सीएचसी दुर्गागंज व राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज पिपरिश का निरीक्षण कर ठेकेदार व कार्यदायी संस्था को तीव्रता से कार्य करने का दिया निर्देश



**भदोही-** जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गागंज एवं राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज पिपरिश भदोही का निरीक्षण कर ठेकेदार व कार्यदायी संस्था को तीव्रता से कार्य करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कार्य बंद पाये जाने पर जिलाधिकारी ने ठेकेदार व कार्यदायी संस्था को कड़ी फटकार लगाते हुए त्वरित गति से कार्य कर समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिससे जल्द ही क्षेत्रवासियों को उत्तम इलाज व चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध हो सके और युवाओं को कुशल दक्ष बनाने हेतु राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का संचालन सुचारु रूप से हो सके।

### जिलाधिकारी ने बैठक कर जाम से निजात दिलाने के सम्बन्ध में की समीक्षा

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में व्यापार मण्डल, ट्रांसपोर्ट एवं ई रिक्शा एशोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जाम से निजात दिलाने के सम्बन्ध में समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने माध्यम से लोगो से अपील करे कि सड़क की पटरियों पर दुकानो का सामान न रखे व ई रिक्शा चालक अवैध रूप से इधर उधर वाहन न खड़ा करें। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद मीरजापुर के माध्यम से व्यापक प्रसार प्रसार कराते हुए लोगो में जागरूकता फैलाएं और जाम की स्थिति से बचा जा सकें। उन्होंने ई रिक्शा एशोसिएशन के अध्यक्ष से कहा कि जो भी ई रिक्शा जनपद में संचालित है उन सभी रिक्शो को रजिस्टर्ड कराएं। उन्होंने कहा कि जो भी ई रिक्शो का रजिस्ट्रशन कराया जाएगा उनका कलर कोडिंग भी कराया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, क्षेत्राधिकारी नगर विवेक जावला सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व एशोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

### कैरियर काउंसलिंग कर विद्यार्थियों को दी महत्वपूर्ण जानकारी

**चित्रकूट –** चित्रकूट इंटर कॉलिज में गुरुवार को शिक्षक तथा छात्र-छात्राओं के साथ शैक्षणिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को कैरियर सम्बन्धी जानकारी दी गई। गोष्ठी में बीबीएस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन प्रयागराज के संदीप सिंह तथा एसपी पाल द्वारा विद्यार्थियों से परिचर्चा की गई। जिसमें छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के महत्व व सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति योजना तथा प्रवेश परीक्षा के महत्व पर जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग मैनेजमेंट, बीबीए, बीसीए, विधि विभाग व फार्मेसी के पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर कॉलिज के प्रधानाचार्य डॉ रामवीर सिंह चौहान, शिक्षक श्रीनिवास त्रिपाठी, फूलचंद चंद्रवंशी, प्रदीप सिंह, जयशंकर ओझा, विजय पांडेय, सतीश कुमार रैकवार, मनोज पांडेय आदि मौजूद रहे।

# प्रबंध निदेशक विद्युत पूर्वांचल ने प्रेसवार्ता कर विद्युत् उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना की दी जानकारी

**●जल्दी आये, एकमुश्त भुगतान कर ज़्यादा लाभ पायें प्रबंध निदेशक पूर्वांचल विद्युत वितरण**

**योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा**

**पंजीकरण के समय 30 सितंबर, 2024 तक के विद्युत् बिलों के मूल बकाए का 30 प्रतिशत राशि जमा करना अनिवार्य**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही-** सुरियावा विद्युत उपखंड 33/11केंद्र पर प्रबंध निदेशक विद्युत वितरण पूर्वांचल शंभू कुमार ने प्रेसवार्ता कर विद्युत विभाग की ÷एकमुश्त समाधान योजना पर व्यापक प्रकाश डालते हुए बताया कि योजना के तहत सभी श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं को अपने विलंबित भुगतान अधिकार में छूट मिलेगी। उन्होंने जनपद के उपभोक्ताओं से अपील की है कि योजना का लाभ लेने के लिए जल्दी आए और एकमुश्त भुगतान कर अपने बकाया बिलों में ज्यादा छूट का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त समाधान योजना तीन चरणों में लागू होगी। यह योजना 15 दिसंबर,2024 से 31 जनवरी, 2025 तक अर्थात् कुल 47 दिनों तक लागू रहेगी। योजना का प्रथम चरण 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक कुल 16 दिन, दूसरा चरण 01 जनवरी से 15 जनवरी तक कुल 15 दिन, तीसरा चरण 16 जनवरी से 31 जनवरी तक कुल 16 दिन रहेगी। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण के समय 30 सितंबर,2024 तक के विद्युत् बिलों के मूल बकाए का 30 प्रतिशत राशि जमा करना अनिवार्य होगा। उपभोक्ताओं को 30 सितंबर, 2024 तक के बकाया विद्युत बिलों के सरचार्ज में छूट मिलेगी। उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान के साथ किस्तों में भी भुगतान का विकल्प मिलेगा।उपभोक्ताओं को 31 दिसंबर,2024 तक योजना के प्रथम चरण में अपने विलंबित बिलों का एकमुश्त भुगतान करने पर उनके सरचार्ज में सर्वाधिक छूट मिलेगा। एक किलोवाट भार तक के घरेलू उपभोक्ताओं को योजना के प्रथम चरण में विलंबित बिलों के एकमुश्त भुगतान करने पर उनके सरचार्ज में शतप्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। किसानों को उनके निजी नलकूप में 31 मार्च, 2023 तक के उनके बकाए विद्युत बिलों के विलंबित भुगतान अधिभार में छूट का लाभ लेने के लिए 07 मार्च, 2024 से पंजीकरण कराए जा रहे हैं, जिन्हें अभी इस छूट का लाभ मिलता रहेगा। सभी प्रकार के उपभोक्ता अपने नजदीकी विभागीय खंड, उपखंड कार्यालय, कैश काउंटर, जनसेवा केंद्र के माध्यम से या विभागीय वेबसाइट www.uppcl.org पर लॉगिन कर योजना के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। योजना अंतर्गत घरेलू (एलएमवी-1), वाणिज्यिक (एलएमवी-2), निजी संस्थान (एलएमवी-4बी), औद्योगिक (एलएमवी-6), और स्थायी विच्छेदित उपभोक्ता इसके दायरे में शामिल हैं। योजना का मुख्य उद्देश्य बिजली उपभोक्ताओं को राहत देना और विलंबित भुगतान अधिभार में




छूट प्रदान करना है। इसके तहत उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान या किश्तों में भुगतान के विकल्प दिए गए हैं। योजना में पहले चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर उपभोक्ताओं को शतप्रतिशत तक की छूट मिलेगी। छूट की दर चरणों के अनुसार घटती जाएगी, जिससे पहले पंजीकरण कराने वाले उपभोक्ताओं को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। इसके बाद उपभोक्ता अपने बकाया बिल का भुगतान एकमुश्त या किश्तों में कर सकते हैं। विलंबित भुगतान अधिभार में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त भुगतान पर प्रथम चरण में 100 प्रतिशत छूट, द्वितीय चरण में 80 प्रतिशत, और तृतीय चरण में 70 प्रतिशत छूट दी जाएगी। वहीं, किश्तों में भुगतान पर प्रथम चरण में छूट क्रमशः 75 प्रतिशत, 65 प्रतिशत और 55 प्रतिशत होगी। वाणिज्यिक, औद्योगिक, और निजी संस्थानों के लिए यह छूट क्रमशः 60 प्रतिशत, 50 प्रतिशत, और 40 प्रतिशत होगी। उपभोक्ता योजना का लाभ उठाने के लिए पंजीकरण विभागीय खंड/उपखंड कार्यालय, जनसेवा केंद्र, या विभागीय वेबसाइट www.uppcl.org के माध्यम से करा सकते हैं। पंजीकरण के लिए नवीनतम बिजली बिल और मोबाइल नंबर अनिवार्य होगा। भुगतान भी इन्हीं माध्यमों से एकमुश्त या किश्तों में किया जा सकता है। यदि उपभोक्ता पंजीकरण के बाद तय समय सीमा में भुगतान नहीं करता, तो उसे योजना का लाभ नहीं मिलेगा, और उसका अधिभार बढ़ा दिया जाएगा। योजना विवादित और न्यायालय में लंबित प्रकरणों का समाधान भी प्रदान करती है, जिसमें उपभोक्ता को भुगतान के बाद अपना केस वापस लेने का वचन देना होगा।

इसके अतिरिक्त, नेवर पेड और लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं से भुगतान प्राप्त करने पर कलेक्शन एजेंसियों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा। यह योजना उपभोक्ताओं को अधिकतम लाभ प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है। उपभोक्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे योजना का लाभ उठाने के लिए जल्द से जल्द पंजीकरण कराएं।बैठक में अधीक्षण अभियंता राधेश्याम, पूर्व विधायक रविंद्र नाथ त्रिपाठी ,अध्यक्ष नगर पंचायत सुरियावा विनय चौरसिया,अधिशासी अभियंता राम भुवन शर्मा उपखंड अधिकारी राजेश जायसवाल, अवरअभियंता अभिषेक प्रजापति ,अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सुरियावा सुजीत कुमार क्षेत्र के ग्राम प्रधान, नगर पंचायत से सभासद विद्युत विभाग के समस्त कर्मचारी गणसहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# वगैर फार्मर रजिस्ट्री के नहीं मिलेगी किसान सम्मान निधि की 19वीं

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही-** उपनिदेशक कृषि डॉ अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि एग्री स्टैक (डिजिटल पब्लिक इन्फास्ट्रेक्चर फॉर एग्रीकल्चर) के अन्तगर्त फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु भारत सरकार द्वारा विकसित मोबाईल ऐप का प्रयोग करते हुए समस्त कृषकों के सभी गाटों को सम्मिलित कर कृषक के आधार से लिंक कराया जा रहा है। इस प्रकार प्रत्येक किसान का नाम, पिता का नाम, स्वामित्व वाले समस्त गाटा सं0, सहखातेदार होने की स्थिति में, गाटे में किसान का अंश, मोबाईल नं0, आधार सं0, ई-केवाईसी विवरण, रजिस्ट्री में दर्ज होगा। समस्त कृषकों के आपदा/सूखा आकलन में सहायता मिलेगी। किसी प्रकार के स्वामित्व हस्तांतरण (विरासत, बैनामा इत्यादि) होने पर फार्मर रजिस्ट्री स्वतः हो जायेगी। समस्त कृषक भूमिधरों के अंश निर्धारण में सहायता मिलेगी। कृषकों के कल्याण हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं को सुगम, पारदर्शी तथा समयबद्ध तरीके से उपलब्ध होगा। किसानों के लिए ऋण, वित्त, आदानों और अन्य सेवा प्रदाताओं के लिए कृषि सेवाओं को सुगमता से उपलब्ध कराना



तथा कृषि से संबंधित समस्त विभागों के बीच योजना अभिसरण का सरलीकरण होगा। फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने का कार्य स्थानीय कार्मिकों के माध्यम से सघन अभियान चलाकर तैयार किया जा रहा है। जिसके लिए राजस्व विभाग के लेखपाल, कृषि विभाग के एटीएम, बीटीएम, प्रा0सहा0वर्ग-सी एवं पंचायत विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी पंचायत भवन पर व सहज जन सेवा केन्द्र एवं स्वयं के द्वारा ऐप के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री तैयार किया जा सकता है। यदि कोई कृषक फार्मर रजिस्ट्री नहीं बनवायेगा तो उसका प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किस्त नहीं आयेगी। अतः समस्त कृषकों से अपील है कि क्षेत्रीय कर्मचारियों का सहयोग करने का कष्ट करें।

### भाजपा कार्यशाला में पहुंचे सीखड़ प्रभारी मनोज जायसवाल

**सीखड़,मीरजापुर।** पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज जायसवाल को बूथ समिति के चुनावों के लिए सीखड़ का प्रभारी बनाया गया है।इसी बूथ समिति के चुनावों के मद्देनजर मगरहां के स्मृति सभागार कार्यशाला सभी मण्डल के कार्यकर्ताओं के साथ कार्यशाला बुलाई गई।इस कार्यशाला मे मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज जायसवाल रहे एवं कार्यशाला की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय ने की।पूर्व जिलाध्यक्ष आगामी समिति के चुनावों में मण्डल के कार्यकर्ताओं,पदाधिकारिओं के साथ चुनाव के सन्दर्भ मे प्रशिक्षित किया।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व कि सबसे बड़ी पार्टी है।भाजपा पार्टी में सभी वर्ग के लोगों को लेकर साथ चलती है, इसलिए बूथ अध्यक्षों के चयन मे सभी समाज के लोगों शामिल किया जाए।इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय,मण्डल महामंत्री विजय पटेल,आनंद शर्मा,विजय नारायण सिंह,रमाशंकर,फुलगेन पटेल,राहुल त्रिपाठी,मार्कण्डेय सिंह,विजय द्विवेदी,कार्यशाला मे शक्ति केन्द्र संयोजक,शक्ति केन्द्र चुनाव अधिकारी,सभी मोर्चों के अध्यक्षगण उपस्थित रहे।

# संसार का परम सुख पाना है तो राम के शरण में चले जाये- स्वामी हरिहरानंद जी महाराज

**● बैशाख शुक्ल पक्ष के नवमी को माता सीता का प्राकट्य हुआ**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही।** सुरियावां थाना क्षेत्र के लोकमनपुर में श्रीमद सतचंडी महायज्ञ एवं श्रीरामकथा का संगीतमय प्रवचन में कथा व्यास श्री श्री 1008 श्रीमद जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी हरिप्रपन्नाचार्य हरिहरानंद जी महाराज ने बताया कि गंगा में स्नान करने से पहले प्रणाम करना चाहिए। गंगा स्नान के न केवल खुद के लिए बल्कि विश्व के कल्याण के लिए स्नान करें। गंगा में कपड़ा धोने से सात पीढ़ियों का पुण्य नष्ट हो जाता है। इसलिए गंगा को सामान्य जल नहीं समझना चाहिए। स्वामी हरिहरानंद ने कहा कि मिथिला जैसा



जनपद पुरे विश्व में नहीं है जहां के सभी नर और नारी संत है। संसार का परम सुख पाना है तो राम के शरण में चले जाये। बैशाख शुक्ल पक्ष की नवमी को सीताजी प्रकट हुई थी। कहा कि भगवान श्रीराम ईश है लेकिन सामान्य लोग केवल जीव। ईश जीव के बारे में सब कुछ जानते है जबकि जीव को ईश के जानने के लिए सच्ची भक्ति और समर्पण की जरुरत है। दुनिया का कोई काम न बनता हो तो मां भवानी की शरण में चले जाये तो काम अवश्य बन जायेगा। स्वामी हरिहरानंद ने कहा कि पूजा करते समय देवताओं के ऊपर से फूल गिर जाये तो उसे सौभाग्य समझकर रख लेना चाहिए। चंद्रमा अमावस्या की रात सूर्य की एक कला मे चला जाता है, और फिर वनस्पतियों पर सोमरस गिरता है। इसलिए अमावस्या को किसी भी पेड़ पोधो को नही काटना चाहिए। कहा कि भगवान को जिस रूप में भजता है भगवान उसे उसी के भाव मे दिखाई देते है। पुराणों में बताई गई शादियां संस्कार को स्थापित करने के रही, लेकिन आज की आधुनिकता में लोग इसे भूल जा रहे है। जिसका असर समाज में देखने को मिल रहा है। इसलिए वेद पुराणो की बातों को सभी मानने की जरूरत है। इस मौके पर माता सेवक पाण्डेय, रामपाल सिंह, शीतला प्रसाद तिवारी, रमा शंकर शुक्ला, राधेश्याम तिवारी, विजय बहादुर सिंह, सुशील मिश्रा समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### बत्तीस लाख पैकेज पर हुआ सिलेक्शन, गांव में हुआ बृहत सम्मान

**मीरजापुर।** जनपद के बिरोही गांव निवासी विक्रम विधान सिंह बीएचयू वाराणसी से आईआईटी कर रहे फाइनल ईयर छात्र का बीते एक दिसंबर की मध्य रात्रि में बंगलौर के एक निजी कंपनी ग्लांस में साफ्टवेयर डेवलेपर इंजिनियर के रूप में चयन होने पर परिजन और गांव वाले काफी उत्साहित हुए।आज दोपहर बाद वाराणसी से गांव बिरोही पहुंचने पर अमर शहीद राकेश सिंह द्वार पर काफी संख्या में माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया गया।जिसमे प्रमुख रूप से दर्जा प्राप्त मंत्री सोहन लाल श्री माली, जिला पंचायत सदस्य प्रिंस सिंह,गंगेश सिंह, पूर्व सैनिक गणेश सिंह, पप्पू सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, अजीत सिंह, मुकेश सिंह, नंदी सिंह, कल्लू सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सभी ग्रामीणों का पिता उदयबीर सिंह ने हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# धान की कटाई कराने गए किसान की बाइक हुई चोरी, दी तहरीर

स्वतंत्र प्रभात

**ड्रमंडगंज।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के गलरा गांव निवासी किसान रजनीश मिश्र की गुरुवार दोपहर सड़क किनारे खड़ी बाइक चोरी हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कहीं पता नही चलने पर किसान ने देर शाम थाने में तहरीर देकर बाइक का पता लगाने की गुहार लगाई है।दी गई तहरीर में रजनीश मिश्र ने बताया कि गुरुवार सुबह 11 बजे के करीब बाइक से घर से एक किलोमीटर दूर खेत पर कटाई कराने के लिए गया था। खेत से तीन सौ मीटर दूर बाइक को सड़क किनारे खड़ी कर दिया। दोपहर तीन बजे के करीब सड़क पर पहुंचा तो देखा कि बाइक गायब है। काफी खोजबीन के बाद भी




बाइक का पता नही चलने पर पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर गायब बाइक का पता लगाने की गुहार लगाई है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाला जा रहा है जल्द ही गायब हुई बाइक बरामद कर लिया जाएगा।

### 14 ग्राम पंचायत अधिकारियों को जन प्रतिनिधिगण एवं जिलाधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति में वितरित किया गया नियुक्ति पत्र

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती के माध्यम से पंचायती राज विभाग, उ0प्र0 जनपद-मीरजापुर के चयनित कुल 22 ग्राम पंचायत अधिकारियों में से 14 को मा0 विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, मझवां सुचिस्मिता मौर्या, छानबे रिंकी कोल, अध्यक्ष जिला पंचायत राजू कनौजिया, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार के द्वारा जिला पंचायत सभागार में चयनित आशीष यादव, जय प्रकाश पटेल, रजनीश कुमार सिंह, अजय पटेल, आकाश कुमार शर्मा, आशी दूबे, प्रीती सिंह, दीक्षा शुक्ला, सुश्री पूजा पटेल, महेन्द्र कुमार माली, उदय राज सिंह, संदीप कुमार, साजन कुमार विद्यार्थी एवं दिनेश कुमार को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधियों को बुके देकर स्वागत व अभिनन्दन किया गया। जनप्रतिनिधिगण व जिलाधिकारी ने चयनित ग्राम पंचायत अधिकारियों को बधाई व शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आप सभी पूरी मेहनत व लगन के साथ कार्य करते हुए सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। इस दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहें।

### महिलाओं को बताया पेयजल का महत्व, संरक्षण के लिए किया प्रेरित

**चित्रकूट –** जल जीवन मिशन के तहत लोगों को शुद्ध पेयजल के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को ग्रामीण महिलाओं के बीच गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें स्वच्छता बनाए रखने व पेयजल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के मार्गदर्शन में गुरुवार को पेयजल सप्ताह अभियान के अंतर्गत विकासखण्ड रामनगर एवं मानिकपुर के ग्राम पंचायत नांदिन कुर्मियान व हनुवा सरहत में आशा, आंगनबाड़ी एवं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में ग्रामीणों को जल जीवन मिशन का उद्देश्य, संचालन एवं रखरखाव, दूषित जल का प्रयोग नहीं करने, घर के आसपास सफाई बनाए रखने, जल जनित बीमारियों से बचाव व उपचार की जानकारी देते हुए पेयजल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

# मा.धीरेन्द्र कुमार वाल्मीकि, प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना, केन्द्रीय सलाहकार समिति ने अपने जनपद भ्रमण व बैठक कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** -मा.धीरेन्द्र कुमार वाल्मीकि, प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पी0एम0अजय) केन्द्रीय सलाहकार समिति भारत सरकार, ने अपने जनपद भ्रमण कार्यक्रम पश्चात राजकीय गेस्ट हाउस ज्ञानपुर में अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला विकास अधिकारी, डी0पी0आर0ओ0, जिला समाज कल्याण अधिकारी, पी0डब्लू0डी0, एस0सी0, एस0सी0 हाइड्रिल, सी0एम0ओ0, जी0एम0 जल निगम, जी0एम0 जल संस्थान, एक्स0सी0एन0 शिडको के साथ प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के सम्बन्ध में विभिन्न आयामों पर बल दिया गया। सूचना उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में गाँव में चिन्हित फीडिंग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण में बने शौचालय की रिपोर्ट, उज्जवला योजना में कनेक्शन हुए. विद्युत सौभाग्य योजना में कितने



लाभार्थी, व वैक्सीनेशन कितने लोगो का लगा, कितने लोगों के मुद्रा स्वास्थ्य कार्ड बने, कितने स्ट्रीट लाइट लगायी. कितने हैण्डपम्प लगे की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा कर अंत्योदय तक पहुंचाने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत चिन्हित गाँवों में विकास सूची की भी समीक्षा किया। जनपद के सभी नगर पालिका/नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों के साथ एम0एस0एक्ट 2013 जनपद में लागू पालन कराने के सम्बन्ध में बल दिया।

जनपद में सिर पर मैला ढोने/हाथ से मैला उठाने वाले स्वच्छकार एवं चयनित लाभार्थियों की संख्या, हाथ से मैला उठाने वाले स्वच्छकार एवं उनके आश्रितों के पुर्नवास की स्थिति क्या है। जनपद में शौचालयों की संख्या कितनी है। सीवर में कार्य करने वाले स्वच्छकारों को सुरक्षा किट एवं आधुनिक उपकरण की स्थिति, कितने स्वच्छकारों को प्रशिक्षण दिलाकर अन्य व्यवसायों को करने हेतु प्रशिक्षण किया गया। स्वच्छकारों के कितने बच्चों को शिक्षा हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा शिक्षा ऋण एवं छात्रवृत्ति दी गयी। स्वच्छकारों की बस्ती में विकास कार्यों एवं उनके सुधार हेतु क्या प्रयास किये गये। एम0एस0एक्ट 2013 के अनुसार जिला स्तर पर निगरानी समिति का गठन किया गया है या नहीं। जनपद में आउटसोसिंग ठेका सफाई कर्मचारियों को नगर पालिका परिषदों में दिये जाने वाले वेतन तथा शासन द्वारा देय सुविधा (वेतन, ई0एस0आई0, पी0एफ0, साप्ताहिक अवकाश आदि) की नवीनतम जानकारी लेकर अपेक्षित प्रगति पर बल दिया।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**●नाबालिग अपहृता सकुशल बरामद**

स्वतंत्र प्रभात

दिनांक-11.11.2024 को थाना सुरियावां क्षेत्र अंतर्गत वादी की नाबालिग पुत्री उम्र करीब 17 वर्ष को आरोपी द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की घटना के सम्बन्ध में प्राप्त सूचना पर तत्समय ही थाना स्थानीय पर




मु0अ0सं0-136/2024 धारा-363,366 भा0द0वि0 का अभियोग पंजीकृत कर अपहृता की सकुशल बरामदगी के प्रयास सहित विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। डा0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी व महिला सम्बन्धित अपराध में त्वरित कार्यवाही के निर्देश के क्रम में स्थानीय पुलिस द्वारा नाबालिग अपहृता को पूर्व में सकुशल बरामद करते हुए आज दिनांक-05.12.2024 को उक्त अभियोग से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त आदर्श उर्फ साहिल पुत्र प्रदीप सरोज निवासी बीरमपुर थाना सुरियावां जनपद भदोही उम्र करीब 22 वर्ष को दानुपुर तिराहा के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान मा0 न्यायालय किया गया।

# निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए 31 कर्मचारियों को शो-काज नोटिस जारी करने का दिया निर्देश

**● जिलाधिकारी ने संयुक्त कार्यालय, जिला पूर्ति, निर्वाचन, कोषागार, जिला प्रोबेशन, जिला पंचायत राज अधिकारी, विन्ध्याचल विकास प्राधिकरण, सहायक आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन कार्यालय का किया निरीक्षण**

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर ।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज सुबह 10:10 बजे संयुक्त कार्यालय, जिला पूर्ति, निर्वाचन, कोषागार, जिला प्रोबेशन, जिला पंचायत राज अधिकारी, विन्ध्याचल विकास प्राधिकरण, सहायक आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागो के कुल 31 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित पाए गए कर्मचारी यथा- संयुक्त कार्यालय के श्याम बिहारी पेशकार, पूनम सिंह लेखाकार, सारथी सिंह राजस्व लिपिक, अभिषेक श्रीवास्तव सह0व0व0, सोनी सोनकर वित्त लिपिक, राहुल चन्द्रा कनिष्ठ सहायक, महेन्द्र कुमार यादव प्रतिलिपिक, अनीता यादव टंकण सहायक, कृष्ण मुरारी लाल राजस्व निरीक्षक, राजीव कुमार दूबे राजस्व लेखपाल, अनिल प्रसाद सर्वे चेनमैन, दीपक कुमार श्रीवास्तव संग्रह अनुसेवक, विन्ध्याचल विकास प्राधिकरण के लक्ष्मण गौड़ सहायक अभियन्ता, प्रभु नरायन अवर अभियन्ता, महेश कुमार अवर अभियन्ता, जिला पूर्ति कार्यालय के प्रवीण कुमार, अमित कुमार, सहायक आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन कार्यालय के भइया लाल प्रजापति, ओमकार यादव, रविशंकर कुशवाहा, मनोज कुमार सिंह, रामधनी लाल, जिला प्रोबेशन कार्यालय के अशफाक अहमद उर्दू अनुवादक, जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय के प्रेमदास अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, रामनरेश सहायक विकास अधिकारी पंचायत, विक्रम सोनी वरिष्ठ सहायक, निर्मल कुमार, पार्वती देवी पत्रवाहक, प्रशान्त कुमार शुक्ला जिला क्वार्डिनेटर स्वच्छ भारत मिशन, प्रवीण कुमार सिंह डी0पी0एम0, अमिक जाहवी अनुपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी द्वारा उपरोक्त सभी अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने कोषागार के निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह को निर्देशित किया कि बायोमैट्रिक उपस्थिति का मिलान करते हुए जो कर्मचारी अनुपस्थित है उनसे स्पष्टीकरण की मांग करें। जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी कार्यालय समय से पहुंचे अगली बार निरीक्षण के दौरान यदि कोई अधिकारी अथवा कर्मचारी अनुपस्थित पाया जाता है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त ख़बरें

### नगर पालिका परिषद मंझनपुर में व्यापारियों संघ की गयी बैठक



**कौशाम्बी।** जनपद में नगर पालिका परिषद मंझनपुर कार्यालय में व्यापार मण्डल कौशाम्बी के सम्मानित पदाधिकारीयों व व्यापारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई जिसमें व्यापार से सम्बन्धित मुद्दों पर विस्तारपूर्वक सकारात्मक चर्चा की गयी।

इस मौके पर उत्तर प्रदेश प्रांतीय वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरि जी, व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष प्रवेश केसरवानी, जिला महामंत्री व्यापार मण्डल प्रमोद साहू, विजय तिवारी, व्यापार मण्डल के अध्यक्ष व सभासद अंशुल केसरवानी एवं जनपद के समस्त व्यापारियों की उपस्थिति रही।

### महे दैवी आपदा से प्रभावित लाभार्थियों को रातों-दिन रू0-13,68000 लाख, अरसठ हजार की धनराशि देकर पहुँचायी जायेगी आर्थिक सहायता

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में सर्पदंश से 02 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी, 02 मृतकों के परिजनों को रू0-04-04 लाख की धनराशि दी जायेगी, कुल रू0-08 लाख की धनराशि उनके खाते में हस्तान्तरित की जायेगी। इसी प्रकार जनपद में वर्षा से कुल 142 मकान क्षतिग्रस्त हुए थे, क्षतिग्रस्त मकानों के मरम्मत/निर्माण के लिए मकान मालिकों को कुल रू0-4000-4000 की धनराशि उनके खाते में हस्तान्तरित की जायेगी। इस तरह जनपद में दैवी आपदा से प्रभावित लाभार्थियों को कुल रू0-13,68000 लाख, अरसठ हजार की धनराशि देकर आर्थिक सहायता पहुँचायी जायेगी।

### मदर इण्डिया इण्टर कॉलेज में पुस्तक मेले का किया गया आयोजन

#### उत्साहित दिखे बच्चे, बच्चों एवम् अभिभावकों ने खरीदी पुस्तकें



**कौशाम्बी।** जनपद के मंझनपुर तहसील के नगर पंचायत करारी में स्थित मदर इण्डिया इण्टर कॉलेज करारी में बृहस्पतिवार को बुक फेयर का आयोजन किया गया।जिसमें विभिन्न प्रकार की पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गयी। पुस्तक मेले के आयोजन से बच्चों में उत्साह देखने को मिला। बच्चों के साथ विद्यालय पहुंचे अभिभावकों ने किताबों की खरीदारी की। पुस्तक मेले के बारे में जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य सरफराज हुसैन ने बताया कि आधुनिकता के दौर में बच्चे किताबों से दूर होते जा रहे हैं।इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों की किताबों से दोस्ती कराना है। ताकि शिक्षा के प्रति बच्चों में रुचि बढ़े और बच्चे मोबाइल से दूर होकर किताबों की दुनिया से परिचित हो,जो उनके भविष्य निर्माण में सहायक होगी। प्रधानाचार्य सरफराज हुसैन ने आगे कहा कि हमारा संस्थान बच्चों को न सिर्फ पढ़ाई बल्कि तमाम तरह के खेल, कूद प्रतियोगिता का समय समय पर आयोजन कर्ता है, जिससे बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने अवसर मिले।

## रंजिश में हुई मारपीट में आधा दर्जन लोग हुए घायल

**मथुरा।** थाना गोवर्धन क्षेत्र के गांव मलसराय में गुरुवार की सुबह आपसी रंजिश को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया।झगड़े के दौरान करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए।झगड़े की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने झगड़े में घायल हुए लोगो को गोवर्धन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार के लिए पहुंचाया।जिसमें अस्पताल के डाक्टरों द्वारा विमलो देवी उम्र करीब 29 साल अर्जुन उम्र करीब 22 साल मन्नू ऊर्फ सुरेन्द्र उम्र करीब 27 साल नेहा उम्र करीब 20 साल कमलेश नामक महिला घायल हुई महिला का गोवर्धन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

वहीं थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई।झगड़े के दौरान घायल हुए मन्नू नामक युवक ने बताया कि गांव के दबग लोगो द्वारा मेरे साथ और मेरे पारिवारिजनो के साथ मारपीट की है।जो कि जमीन को लेकर यह झगड़ा हुआ है।वहीं पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी।और हमे इलाज के लिए पुलिस द्वारा यहां लाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी डॉ नेहा चोधरी ने बताया कि पुलिस द्वारा छह लोगो को घायल अवस्था पर लाया गया। जो कि मलसराय गांव के थे।हमारे अस्पताल के डाक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

# योगी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि- रोशन हुआ गोंडा का बुटहनी वनटांगिया गांव

● - मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने गोंडा में इस समुदाय को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए।

आजादी के 77 वर्षों बाद बुटहनी वनटांगिया गांव तक पहुंची बिजली

सीएम योगी की मंशा के अनुरूप बदल रहा है गोण्डा के वनटांगिया समुदाय का जीवन

पहले मकान, जमीन, रोजगार का साधन और अब बिजली पहुंचने से खिले गांववासियों के चेहरे







स्वतंत्र प्रभात

बृजभूषण तिवारी

**ब्यूरो गोंडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा और उनके नेतृत्व में प्रदेश के पिछड़े और अति पिछड़े समुदायों को मुख्यधारा में जोड़ने के प्रयासों में एक और बड़ी सफलता मिली है। आज़ादी के 77 साल बाद गोंडा जिले के बुटहनी वनटांगिया गांव में पहली बार बिजली पहुंची है। यह गांव अब दूधिया रोशनी से जगमगा रहा है, जिससे यहां के निवासियों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आया है।

गोंडा जिले के छपिया ब्लॉक स्थित बुटहनी वनटांगिया गांव, जो जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर है, वर्षों से विकास की मुख्यधारा से कटा हुआ था। अंग्रेजों द्वारा जंगलों में बसाए गए इस समुदाय को लंबे समय तक अधिकारों और मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया। पांच वर्षों के लिए एक जगह पर बसाए जाने के बाद इन्हें बार-बार विस्थापित किया जाता था। घासफूस के मकानों में रहने वाले इन लोगों को जीवनयापन के लिए जलौनी लकड़ी पर निर्भर रहना पड़ता था।

2018 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन वनटांगिया गांवों को राजस्व ग्राम घोषित कर विकास की प्रक्रिया की नींव रखी। इस पहल के तहत समुदाय को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत घर, जमीन का मालिकाना हक, पीने का पानी और रोजगार के अवसर प्रदान किए गए। इन योजनाओं ने पहली बार वनटांगिया समुदाय को स्थिरता और अधिकार दिलाए।

मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने गोंडा में इस समुदाय को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए। इसी कड़ी में छपिया के बुटहनी वनटांगिया गांव को रोशन किया है। पहली बार इनके घरों में बिजली पहुंची है। गांव में अंधेरे का युग समाप्त हुआ और एक नए बदलाव की शुरुआत की गई है। जिलाधिकारी ने कहा, "प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि हर समुदाय को लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। बुटहनी गांव में बिजली पहुंचाने से ग्रामीणों का जीवन बदला है।"

#### गांववासियों में खुशी- उम्मीदों का नया सवेरा

बिजली पहुंचने के बाद गांव में पहली बार बल्ब की रोशनी देख ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। मीना, जो गुलाब स्वयं सहायता समूह की संचालिका हैं, ने कहा, "पहले अंधेरे में घर से बाहर निकलने में डर लगता था। अब हमारी जिंदगी में उजाला और सुरक्षा दोनों आई हैं।" गांव के बुजुर्ग नंद लाल (60 वर्ष) कहते हैं, "हमने अपना पूरा जीवन अंधेरे में बिताया, लेकिन अब हमारी अगली पीढ़ी को रोशनी और विकास देखने का अवसर मिला है।

# विधायक गौरा ने बहुप्रतिक्षित मार्ग का कार्यक्रम के दौरान किया शिलान्यास।

स्वतंत्र प्रभात





**मनकापुर गोन्डा-** विधानसभा गौरा के बहु प्रतीक्षित मार्ग रेनुवा दौलतपुर, अल्लीपुर मार्ग का शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्रीय विधायक प्रभात वर्मा ने पहुंच कर विधि विधान के साथ पूजा पाठ करा कर कार्य प्रारंभ कराया। इस मार्ग की लम्बाई 12.40 किमी जिसकी 2570.17 लाख है यह मार्ग बन जाने से लगभग 40 हजार की आबादी लाभान्वित होगी।

इस अवसर पर मुख्य रूप से कमलेश पांडेय सांसद प्रतिनिधि गोंडा, प्रभात शशि अभियंता लोक निर्माण विभाग, प्रमोद त्रिपाठी जेई, जे.एन.यादव, अभिषेक मिश्रा, हरिलाल मौर्य, कप्तान श्रीवास्तव ,बिंदेश्वरी वर्मा, विक्रम प्रसाद, इंद्र बहादुर वर्मा, मुकेश मौर्य प्रधान, उस्मान, अनिल राजभर, गोमती यादव ,केदार वर्मा, भुल्लूर निषाद, कन्हैया लाल निषाद चंद्र प्रकाश वर्मा प्रधान ,निर्माण मोरिया, राकेश यादव ,प्रधान ओमकार गुप्ता, शेर बहादुर सिंह, तारा शंकर श्रीवास्तव ,हरी प्रसाद गुप्ता, कल्लू वर्मा, वीरेंद्र वर्मा, राजेंद्र वर्मा, प्रमोद वर्मा प्रधान पिपरा बारहखा, हरिश्चंद्र विश्वकर्मा ,कटेशर वर्मा , जितेन्द्र वर्मा,राम जीत, भगवानदीन वर्मा,रामराज पांडेय , राजेंद्र यादव, क्यूंमखां, सौकत अली, भारी संख्या आम जन मानस मौजूद रहे।

# एसपी ने नशा मुक्ति केन्द्रों की स्थापना, मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध कार्यवाही के सम्बन्ध में की मासिक समीक्षा गोष्ठी

स्वतंत्र प्रभात




**कौशाम्बी।** यूपी के मुख्य सचिव के आदेश के अनुपालन के क्रम में गुरुवार को पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा एडीएम अरुण कुमार गोंड के साथ COTPA अधिनियम के क्रियान्वयन एवं जागरुकता तथा नशा मुक्ति केन्द्रों की स्थापना एवं क्रियान्वयन व मादक पदार्थों, स्वापक एवं मनः प्रभावी औषधि के अवैध कारोबार के विरुद्ध कार्यवाही के सम्बन्ध में मासिक समीक्षा गोष्ठी की। गोष्ठी में एएसपी, उपजिला चिकित्साधिकारी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, उपसम्भागीय वन अधिकारी, सीओ, समाज कल्याण अधिकारी, औषधि निरीक्षक, जिला आबकारी अधिकारी, प्रभारी एलआईयू, प्रभारी सीसीटीएनएस, प्रभारी यातायात, व थाना प्रभारी एएचटीयू मौजूद रहे।

# मण्डलायुक्त ने कार्यालय खण्ड विकासअधिकारीएवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुधौली का आकस्मिक निरीक्षण किया

**बस्ती।** मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुधौली का आकस्मिक निरीक्षण किया। लगभग पूर्वान्ह 11.00 बजे विकास खण्ड के निरीक्षण में उन्होने पाया कि अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अजीत कुमार, ग्राम विकास अधिकारी अखिलेश कुमार चौधरी, शैलेंद्र कुमार, देवेश कुमार राय, परमात्मा प्रसाद चौधरी, तकनीकी सहायक असगर अली, सहायक विकास अधिकारी कृषि प्रेम नारायण मिश्र, सहायक विकास अधिकारी आईएसबी इंद्रेश कुमार यादव, बी पीआरडी नवनीत तिवारी, एडीओ पंचायत राजकुमार गौतम एवं एडीओ समाज कल्याण सोहेल खान अनुपस्थित पाये गये। मण्डलायुक्त इस स्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया की समस्त अनुपस्थित अधिकारियो-कर्मचारियों का स्पष्टीकरण जारी करें। उन्होने यह भी निर्देशित किया है कि रोस्टर के अनुसार सभी सहायक विकास अधिकारी एवं पंचायत सेक्रेटरी की उपस्थिति खंड विकास कार्यालय पर सुनिश्चित करें तथा छोटे-छोटे कार्य के लिए आने वाले लोगों की समस्याओं का तत्काल समाधान कराये। उन्होने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत कराये जा रहे कार्यो का रेंडमली सत्यापन भी कराया जाना सुनिश्चित करें। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण में उन्होने पाया कि एमओआईसी डॉ. एके मिश्रा, डेंटिस्ट डॉ. संजय कुमार, डॉ. अमित पटेल तथा फार्मासिस्ट एहसान हुसैन सहित अन्य कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहें। उन्होने पंजीकरण पटल, स्टोर महिला वार्ड, सराय वार्ड, प्रयोगशाला आदि को देखा, जो संतोषजनक है तथा दवाएं भी उपलब्ध पायी गयी। उन्होने टीका लगवाने आयी रोजी मेहरुन्निसा निवासी रूद्र नगर से पूछा कि यहां पर उसे दवा और चिकित्सा की सुविधा आसानी से प्राप्त होता है कि नही तो उनके द्वारा बताया गया कि पूर्व में भी दवा के लिए आती हूँ और आसानी से चिकित्सा सुविधा व दवा प्राप्त हो जाती है। मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने अपरान्ह 12.30 बजे तहसील रुधौली का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय तहसीलदार रवि कुमार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षक सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें। उप जिलाधिकारी के संबंध में उन्हें बताया गया कि वे मुख्यालय पर



आयोजित लेखपाल ट्रेनिंग में गए हैं। मण्डलायुक्त ने मौके पर उपस्थित तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार एवं पेशकार को बताया कि धारा 24 के प्राप्त आवेदन पत्रों की समीक्षा करने के उपरांत समस्त प्रपत्र पूर्ण होने पर ही उसे जांच क्षेत्र राजस्व निरीक्षक एवं तहसीलदार को प्रेषित किया जाए। राजस्व निरीक्षक जांच के समय यह सुनिश्चित करें की चौहद्दी के सारे काश्तकारों को सूचित करते हुए एवं उनकी उपस्थिति में प्रथम पैमाइश कराये ताकि कार्रवाई में कोई आपत्ति ना आए। इसी प्रकार बेदखली के वादों में निर्देशित किया गया कि आदेश प्राप्त बेदखली की कार्रवाई तत्काल सुनिश्चित कराई जाए। इस संबंध में उन्होने निर्देशित किया है कि नियमो का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।

# मां ही मन्दिर मां ही पूजा मां से बढ़कर कोई न दूजा

● - मां की पुण्यतिथि पर शिक्षक दम्पत्ती ने कराया 1111 कन्याओं को कराया भोज

101 निराश्रितों को ठण्ड से बचाव के लिए बांटा कम्बल



स्वतंत्र प्रभात

महेन्द्र कुमार शुक्ल

**कौशाम्बी।** इस दुनिया में मां का स्थान मनुष्य के लिए सर्वोपरि है मनुष्य हो या कोई भी जीव हो मां का स्थान सबसे श्रेष्ठ होता है। जिस प्रकार मां अपने बेटे-बेटियों की हर इच्छा को पूर्ण करती हैं तो ऐसे में बेटे-बेटियों का भी फर्ज बन जाता है वह अपनी मां की इच्छाओं को आदर जीवन पर्यन्त व उसके जाने के बाद भी करता रहे। हर धर्म में दान का खासा महत्व माना गया है। दान देने से जहां मोह से मुक्ति मिलती है वहीं जीवन के दोष भी दूर होते हैं। अन्नदान, वस्त्रदान, विद्यादान, अभयदान और धनदान, ये सारे दान इन्सान को पुण्य का भागी बनाते हैं। श्रीरामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है कि परहित के समान कोई धर्म नहीं है और दूसरों को कष्ट देने के समान कोई पाप नहीं है।

अन्न दान व वस्त्र दान के इसी क्रम में सिराथू तहसील के सौरई बुजुर्ग निवासी अजय कुमार साहू व उनकी धर्मपत्नी राठौर शशि देवी जो एक शिक्षक हैं। उन्होंने अपनी माता स्व.रामजानकी देवी की आठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गांव व क्षेत्र के स्कूलों में पढ़ रही कन्याओं को बुलाकर एक हजार एक सौ ग्यारह कन्याओं को भोजन कराया। इसके साथ 101 निराश्रित व असहायों को ठण्ड से बचने के लिए कम्बल का वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खण्ड विकास अधिकारी कड़ा संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि जीवन में मां की सेवा करना बहुत ही पुण्य का काम है। लेकिन उनकी स्मृति में उनके द्वारा समाज के लिए किए जा रहे कार्यो को आगे बढ़ाना अति उत्तम हो जाता है।




कार्यक्रम के दौरान अजय कुमार साहू ने बताया कि उनकी माता जी ने सदैव गरीबों की मदद की है उनकी उसी इच्छा को पूर्ण कर रहे है। कहाकि गरीबों व असहायों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। एक इंसान तभी अच्छा हो सकता है जब वह समाज की सेवा करे और लोगों के लिये भलाई का कार्य करे।अन्नदान एवं वस्त्रदान सबसे बड़ा दान है। हमारा परिवार हमेशा से मिल-जुलकर समाज की जो सेवा कर रहा है, यह प्रेरणा हमारे बाबू गौरी शंकर साहू से मिली है। कार्यक्रम में अहमद रजा, अखिलेश, मोशीन, विवेक, सोहनलाल, अनीता देवी, धनराज विश्वकर्मा, अश्वनी गुप्ता, संजय कुमार पाण्डेय, रामलोटन यादव, राजेश शर्मा, शिवम केसरवानी, आशीष, रामप्रसाद, सुनीता, राजकुमार, योगेन्द्र सहित क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# पीतल नगरी शमसाबाद में विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना को लेकर जिला पंचायत सदस्य ने एक्सईन विद्युत को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** जनपद में समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने सिराथू ब्लॉक की पीतल नगरी के नाम से मशहूर ग्राम शमसाबाद में नए विद्युत उपकेन्द्र स्थापित किए जाने की मांग को लेकर गुरुवार को विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता को एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से शमसाबाद में विद्युत उपकेन्द्र स्थापित किए जाने की अजय सोनी ने मांग उठाई।गुरुवार को समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी अपने कई कार्यकर्ताओं के साथ विद्युत वितरण कार्यालय मंझनपुर पहुंचे और अधिशाषी अभियन्ता विद्युत को एक ज्ञापन सौंपा। सौपे गए ज्ञापन में बताया गया कि सिराथू ब्लॉक के कई गांवों जैसे धमावा, तेरहरा, शमसाबाद, कनपुरवा, रघवापुर, सौरई खुर्द, रूप नारायणपुर, सेलरहा, मलकिया, खोदायगंज, मलाक पिंजरी, बारातफरीक, तुलसीपुर आदि गांवो के आसपास कोई विद्युत उपकेन्द्र नहीं होने के कारण लोगों को विद्युत की भारी समस्या बनी रहती है।। इसी के साथ बताया गया कि कि इस सम्बन्ध में कई बार मांग उठाई गई लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। इस सम्बन्ध में अजय सोनी ने बताया कि शमसाबाद क्षेत्र में ओवरलोड की समस्या हर समय रहती है। साथ ही फीडर का दायरा अधिक होने के कारण अगर कही कोई फाल्ट होता है तो पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है जिससे उपभोताओं को भारी नुकसान एवं समस्या होती है। इसी के साथ अजय सोनी ने बताया कि शमसाबाद बाजार और कनपुरवा बाजार जैसे बड़े बाजार होने के कारण भी विद्युत की खपत भी ज्यादा होती है। इस सम्बन्ध में समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता से शमसाबाद क्षेत्र में नए विद्युत उपकेन्द्र स्थापित किए जाने की मांग की है। अजय सोनी ने कहना है कि ग्राम शमसाबाद में नए विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना होने से शमसाबाद क्षेत्र के दर्जनों गांवों की विद्युत समस्या का निदान होगा। इस अवसर पर विकास कसेरा, सुरजीत वर्मा, फूलचन्द्र लोधी, शक्ति मिश्रा, राजेश मौर्य, अमित पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने की कृषि एवं कृषि संवर्गीय विभागों की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात




**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा एनआईसी (वासवदत्ता) सभागार में कृषि एवं कृषि संवर्गीय विभागों की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में मत्स्य विभाग के अधिकारी को विभागीय समस्त योजनाओं के अन्तर्गत लाभार्थी का चयन करके योजना का लाभ देने के निर्देश दिये गये। उन्होने मत्स्य पालाकों को के0सी0सी0 का लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं-मृदा स्वास्थ्य कार्ड, श्री अन्न, मैकेनाइजेशन, कृषक उत्पादक संगठन, परम्परागत कृषि विकास सहित आदि योजनाओं की समीक्षा की एवं सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं में लाभार्थी को सुलभ लाभ एवं तकनीकी जानकारी देने के लिए तहसील स्तरीय कृषि मेला का आयोजन किया जाये, जिसमें प्रदर्शनी स्थल पर प्रयोगात्मक जानकारी दिया जाय। उन्होंने कहा कि किसान उत्पादक संगठनों के माध्यम से मेला/प्रदर्शनी में उन्नतशील कृषकों को नयी तकनीक के बारे में जानकारी प्रदान की जाय। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत सम्बन्धित बीमा कम्पनी को समस्त बीमा धारकों को प्रमाण पत्र वितरण कराये जाने के लिए कैम्पों का आयोजन कराने एवं समस्त कृषकों की फसलों का बीमा कृषकों की सहमति से कराये जाने के निर्देश दियें।

जिलाधिकारी ने ए0आर0-कोऑपरेटिव को निर्देशित करते हुए कहा कि विकासखण्ड-मंझनपुर एवं कौशाम्बी की समस्त समितियों को सुदृढ़ीकरण कराये जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा जाय। उन्होंने लघु सिंचाई विभाग के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आकॉक्षी विकास खण्ड में नवीन तालाब चेक डैम का प्रोजेक्ट तैयार कर प्रस्तुत करें, ताकि शासन में प्रेषित किया जा सकें। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने विभाग में संचालित योजनाओं जिसमें बजट नहीं हैं अथवा कम हैं की बजट की मॉग के पत्र तत्काल प्रेषित करें। बैठक में मत्स्य, कृषि, उद्यान, पशुपालन, सिंचाई, लघु सिंचाई, यूपीडास्प, कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषक उत्पादक संगठनों के सी0बी0बी0ओ0 एवं ए0आर0 कोऑपरेटिव, अधिशाषी अभियन्ता नहर, नलकूप एवं भूमि संरक्षण के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# तीन चरणों में लागू होगी बिजली बिल बकाया जमा करने के लिए एकमुश्त समाधान योजना,अधिभार में मिलेगी छूट

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद के सभी विद्युत केन्द्रों एवं फीडरों में तीन चरणों में बिजली का बकाया बिल जमा करने के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू हो रही है,जिले के उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना लागू होने से अधिभार में छूट मिलेगी। योजना का प्रथम चरण 15 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2024, दूसरा चरण 01 जनवरी 2025 से 15 जनवरी 2025 और तीसरा चरण 16 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक लागू होगा। अधिशाषी अभियन्ता रामहरि ने बताया कि योजना के अन्तर्गत विलम्बित भुगतान अधिभार में छूट का लाभ लेने के लिए पात्र उपभोक्ता को पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए उपभोक्ता को 30 सितम्बर 2024 तक के मूल बकाया की 30 प्रतिशत धनराशि पंजीकरण के समय जमा करनी होगी। विभागीय उपखण्ड कार्यालय, कैश काउंटर अथवा जन सेवा केन्द्र के माध्यम से पात्र उपभोक्ता पंजीकरण कर सकेंगे। यह योजना जल्दी आओ एकमुश्त भुगतान कर लाभ पाए के सिद्धांत पर आधारित है। योजना में उपभोक्ता को प्रथम चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर सबसे अधिक लाभ मिलेगा। एकमुश्त भुगतान करने में विलम्ब अथवा किश्तों में भुगतान करने पर उपभोक्ता को मिलने वाली छूट की धनराशि समय व चरण के साथ कम होती जाएगी। पंजीकरण कराने के उपरान्त 30 दिवसों के अन्दर वर्तमान विद्युत बिल के साथ शेष बकाया विद्युत बिल का पूर्ण भुगतान करना होगा। एकमुश्त भुगतान करने के लिए पंजीकृत उपभोक्ता की ओर से निर्धारित अवधि में विद्युत बिल का पूर्ण भुगतान नहीं किया जाता है तो उपभोक्ता डिफाल्टर हो जायेंगे।

### अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा मुख्य आरक्षी को स्टार लगाकर उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति की दी गयी बधाई

**कौशाम्बी।** आज दिनांक 5 दिसम्बर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मुख्य आरक्षी के कन्धों पर मिला स्टार मंझनपुर कोतवाली में तैनात मुख्य आरक्षी गजरूप यादव को वरिष्ठता के आधार पर हुए प्रोन्नति पर उनके कन्धों पर स्टार लगाकर उपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार व सीओ अभिषेक सिंह द्वारा सम्मानित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी मंझनपुर कोतवाली में आरक्षी पद पर तैनात जगरूप यादव पूर्व में प्रमोशन पाकर मुख्य आरक्षी बने थे एवं द्वितीय पदोन्नति उप निरीक्षक के रूप में प्राप्त किया है । बताया गया कि उनके लम्बे अनुभव का लाभ आम जनमानस को होगा व आने वाले दिनों में जनता के बीच जाकर उ0नि0 जगरूप यादव द्वारा शासन की



मन्शानुरुप अच्छा काम किया जायेगा।

# संक्षिप्त ख़बरें

## भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गोरियाकरमा में किसान प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन



**बरही-** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गोरियाकरमा में नाबार्ड द्वारा प्रायोजित परियोजना झारखंड में पोषण एवं आजीविका सुरक्षा हेतु धान-परती पारिस्थितिकी तंत्र में दलहनी फसलों की सतत गहनता के अंतर्गत किसान प्रक्षेत्र दिवस (अरहर) का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में गोरिया करमा, खेरौन, निचतपुर सहित आसपास के गांवों से लगभग 100 किसानों ने भाग लिया। किसानों ने अरहर की खेती से जुड़े अनुसंधान एवं बीज उत्पादन प्रक्षेत्रों का भ्रमण किया। डॉ. अनिमा महतो (वैज्ञानिक) ने अरहर की खेती और गुणवत्तापूर्ण बीज के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. मोनू कुमार और डॉ. आकाश ए ने वैज्ञानिक विधियों से अरहर की खेती और बीज उत्पादन की तकनीक समझाई।डॉ. सनत कुमार महंता ने अरहर के पौधे को हरे या सूखे चारे के रूप में उपयोग करने की सलाह दी। विश्व मृदा दिवस के अवसर पर श्री सुबोध कुमार (अधिकारी, बागीश्वरी किसान उत्पादक संगठन) ने किसानों को मृदा परीक्षण की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में किसानों के बीच चना और मसूर के बीज वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉ. मनोज चौधरी, डॉ. पवित्रा, डॉ. साहेब पाल, डॉ. सौगत भट्टाचार्य, डॉ. संतेश, डॉ. प्रीति तिग्गा, डॉ. प्रीति सिंह सहित कई वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

## 17 वर्षिया युवती का शव पुलिस ने किया बरामद, अंत्य परीक्षण के लिए भेजा पाकुड़

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड-**यह घटना झारखंड के पाकुड़ जिले के पाकुड़िया प्रखंड में फुलझिंझरी गांव की है, जहां एक 17 वर्षीय युवती का शव बरामद किया गया है। मृतिका का नाम रवीना खातून बताया गया है, जो समीम मियां की बेटी थीं। पुलिस ने शव को अंत्य परीक्षण के लिए गुरुवार को पाकुड़ भेजा है। थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने जानकारी दी कि अभी तक प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

## हेमंत सोरेन मंत्रिपरिषद का हुआ गठन, 11 मंत्रियों ने ली शपथ



**रांची-**झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की नई सरकार का मंत्रिमंडल आज राजभवन के अशोक उद्यान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में गठित किया गया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने 11 नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर स्टीफन मरांडी को झारखंड विधानसभा का प्रोटेम स्पीकर भी नियुक्त किया गया। नवनियुक्त मंत्रीगण में राधाकृष्ण किशोर, दीपक बिरुवा, चमरा लिंडा, संजय प्रसाद यादव, रामदास सोरेन, इरफान अंसारी, हफीजुल हसन, दीपिका पांडेय सिंह, योगेंद्र प्रसाद, सुदिव्य कुमार और शिल्पी नेहा तिर्की ने मंत्री पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सभी मंत्रियों को शुभकामनाएं दीं। समारोह में सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, वरीय अधिकारी और कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 28 नवंबर को मोरहाबादी मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और आज अपनी मंत्रिपरिषद का विस्तार करते हुए 11 मंत्रियों को शामिल किया है।

## डीएम-एसपी ने धार्मिक स्थलों का किया भ्रमण




**चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने धार्मिक स्थलों बड़ी मस्जिद उटारखाना व डरियन टोला मस्जिद का भ्रमण कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने शासन के मानक अनुसार जनपद के धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर (ध्वनि विस्तारक यंत्रों) की जांच की एवं मानक के विपरीत लाउडस्पीकरों की ध्वनि न रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वॉक कर रहे आम लोगों से वार्ता कर कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की समस्या होने पर अवगत कराए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुपालन की जिम्मेदारी प्रशासन के साथ आम जनमानस की भी होती है ताकि जनपद व प्रदेश में सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनी रहे। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# बरही अनुमंडलीय अस्पताल में विदाई समारोह का आयोजन, मो अब्दुल्ला अंसारी और एएनएम कल्पना कुमारी को दी गई भावभीनी विदाई

स्वतंत्र प्रभात



**बरही-** बरही अनुमंडलीय अस्पताल में सेवानिवृत्त हुए चालक मो अब्दुल्ला अंसारी और एएनएम कल्पना कुमारी के सम्मान में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सों, प्रशासनिक अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथियों के स्वागत और सम्मान से हुई। मो अब्दुल्ला अंसारी और कल्पना कुमारी को फूलों के गुलदस्ते और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके योगदान को यादगार बताया। कहा कि मो अब्दुल्ला अंसारी, जिन्होंने अस्पताल में एक लंबे समय तक बतौर चालक अपनी सेवाएं दीं, उनके प्रति सभी ने आभार व्यक्त किया। डॉ ज्ञानी ने उनके अनुशासन, समयबद्धता और मरीजों के प्रति समर्पण को प्रेरणादायक बताया डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि श्री अंसारी न केवल एक कुशल चालक थे, बल्कि अपने शांत और सहयोगात्मक व्यवहार से हर किसी का दिल जीतने में सफल रहे। एएनएम कल्पना कुमारी के सेवाकाल की चर्चा करते हुए अस्पताल के प्रभारी ने कहा कि उन्होंने अपनी सेवाओं के दौरान मरीजों की देखभाल में कोई कसर नहीं छोड़ी। उनकी संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा को सभी ने सराहा। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है। इस अवसर पर अस्पताल के कर्मचारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि दोनों ही सेवानिवृत्त कर्मचारी हमेशा सहयोगी और प्रेरणादायक रहे। कई कर्मचारियों ने उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया समारोह का समापन अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि मो अब्दुल्ला अंसारी और कल्पना कुमारी ने जो सेवाएं दी हैं, वे हमेशा अस्पताल के इतिहास का हिस्सा रहेंगी। उन्होंने उनके स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की। विदाई समारोह के बाद एक सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें अस्पताल के सभी कर्मचारियों ने हिस्सा लिया और दोनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। मौके पर डॉ अंकुर ज्ञान, डॉ धीरज कुमार, डॉ प्रवीण कुमार, डॉ एजाज हुसैन, डॉ मेराजुल इस्लाम, डॉ डीपी कुमार, बीपीएम नारायण राम, बैम प्रमोद श्रीवास्तव, मोजाहिद एहसान, सुधांशु कुमार, बिजेंद्र कुमार, प्रह्लाद कुमार, नीरज कुमार, संतोष कुमार, महादेव राम, मो शमशाद, एएनएम आशा कुमारी, मनीता टोप्पो, ममता कुमारी, अनिता कुमारी, मीणा कुमारी समेत अन्य मौजूद थे।

# कठिनाई भरा हुआ ग्रेड 1 जर्जर पथ पर आवागमन

**●ग्रामीणों ने विधायक से की उक्त जीर्ण पथ निर्माण की मांग**

स्वतंत्र प्रभात



**पाकुड़िया/पाकुड/झारखंड-** प्रखण्ड मुख्यालय पाकुड़िया से 12 किलोमीटर दूर बीच पहाड़ी पंचायत अन्तर्गत ग्राम चांदना जर्जर मुख्य सड़क से गांव के पूर्व निर्मित पीसीसी रोड तक वर्षों पूर्व निर्माण किये गये।ग्रेड वन पथ जीर्णावस्था में रहने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी दिक्कतें हो रही है।गुरुवार को ग्रामीणों ने इस संबंध में कहा कि उक्त पत्थर मेटल की सड़क का निर्माण बहुत ही पहले किया गया है लेकिन इस रोड पर उभरा स्टोन मेटल पर आवागमन विशेष रुप से नंगे पांव तो पूरा मुश्किल भरा है। एक सवाल के जवाब में गांव के लोगों ने बताया कि ग्राम के अंतिम छोर से पहाड़ियां टोला तक पीसीसी पथ निर्माण की स्वीकृति मिली है। विधायक प्रोफेसर स्टेफन मरांडी की पहल से लेकिन फिलहाल मुख्य पथ से आंगनबाड़ी होते हुए। पुराना पीसीसी रोड तक निर्माण की स्वीकृति नहीं मिली है। लोगों ने विशेष ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि गांव के प्रायः सभी रोड।इन दिनों खराब स्थिति में पड़ी है जिस पर चलने में दिक्कतें होती हैं।वर्षा के दिनों में अधिक कठिनाई होती है। महिलाओं ने साफ कहा कि बढ़िया पथ बनने से गांव के लोग आटो-टोटो से बाहर।आसानी से आ-जा सकते हैं पर खराब सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा है। महिलाओं ने विधायक प्रोफेसर स्टेफन मरांडी से शीघ्र उक्त जीर्ण पथ निर्माण कराने की मांग की है ताकि ग्रामीण जन को आवागमन में सुविधा हो।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय में मनाया गया विश्व मृदा दिवस

**●मिट्टी जीवन का आधार है - डॉ मुनीष गोविंद**

स्वतंत्र प्रभात



**हजारीबाग-** आईसेक्ट विश्वविद्यालय हजारीबाग के मुख्य कैंपस सभागार में विश्व मृदा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने की। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार, कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार समेत अन्य के हाथों दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार ने विश्व मृदा दिवस की शुरुआत से लेकर अब तक के थीम की विस्तृत जानकारी दी। वर्तमान समय में मृदा की घटती उर्वरा क्षमता पर चिंता ज़ाहिर करते हुए कुलपति डॉ पीके नायक ने मृदा संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मृदा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। वहीं आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि मिट्टी फसलों को पोषण और आधार प्रदान करती है। मिट्टी स्वस्थ रहेगी तो फसलें स्वस्थ होगी, जिससे मानव जीवन भी स्वस्थ होगा। ऐसे में देखा जाए तो मिट्टी जीवन का आधार है। उन्होंने मिट्टी की सेहत बनाए रखने के लिए खाद एवं उर्वरकों का संतुलित उपयोग को आवश्यक बताया। कृषि संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश विश्वकर्मा ने कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग से मृदा पर पड़ने प्रतिकूल प्रभाव का जिक्र किया और कहा कि जैविक खेती की ओर बढ़ना मिट्टी की सेहत लिए फायदेमंद होगा। कार्यक्रम के मंच संचालक व सहायक प्राध्यापक प्रभात किरण ने भी मृदा प्रदूषण को कैसे कम किए जाएं, इस पर बल दिया। सहायक प्राध्यापिका फरहीन सिद्दीकी व प्रतिभा हेंब्रम ने मृदा संरक्षण के लिए जागरूकता को आवश्यक बताया। कृषि संकाय के विद्यार्थियों में कौशल कुमार, चंदन कुमार, आशुतोष, निखिल, मुकेश, प्रणय, अंकित व पवन ने भी अपने अपने विचार रखे। मौके पर मौजूद विद्यार्थियों सहित सभी उपस्थित लोगों ने मृदा संरक्षण का संकल्प लिया।

# वाहन नियमों की अवहेलना का दुष्परिणाम, 2 लाख 62 हजार 152 रूपए का कटा जुर्माना

स्वतंत्र प्रभात



**पाकुड़-**उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के आदेशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी, पाकुड़ एवं जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में दिनांक 04-11-24 को रात्रि में पाकुड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत मालपहाड़ी, हिरणपुर, महेशपुर, कोटालपोखर सड़क मार्गो की ओर परिवहन होने वाले व्यावसायिक वाहन, जो नो एन्ट्री, ओवर लोड, बॉडी अल्टरेशन (अतिरिक्त रूप से जोड़े गए डाला एवं एंगल) एवं अन्य नियमों का उल्लंघन करते है ऐसे वाहनो का जांच अभियान चलाया गया जिसमें 77 वाहनों से जांच के क्रम मे कुल 31 वाहनों से नो एन्ट्री का उलंघन करने, वाहन का वैध कागजात नहीं होने तथा बॉडी अल्टीरेशन होने की स्थिति मे तथा मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं का उल्लंघन करते हुए पकड़े गये। इन सभी वाहनों से जुर्माने की राशि के तौर पर 2 लाख 62 बासठ हजार 152 रूपए ऑनलाइन इ-पॉस मशीन से ऑनलाइन चालान निर्गत की गई। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा जिले के सभी वाहन स्वामी एवं चालकों से पुनः अपील किया गया कि जिला प्रशासन के द्वारा निर्धारित समयानुसार नो एन्ट्री, अवैध परिवहन, वाहन बॉडी अल्टरेशन ना करें। अन्यथा चक्रवृद्धि ब्याज के तौर पर अतिरिक्त दंड की राशि वसूलने के साथ आपके वाहन एवं वाहन स्वामी/ चालक के ऊपर जिला प्रशासन के आदेश की अवहेलना करने को लेकर एवं अन्य विधि संगत कठोर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

# सदर प्रखंड में आंगनबाड़ी केंद्रों में अनियमितता को लेकर प्रमुख और उप प्रमुख ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात



**हजारीबाग-** सदर प्रखंड प्रमुख वीना देवी और उप प्रमुख रविकांत सिंह ने आंगनबाड़ी केंद्रों में हो रही गड़बड़ियों पर कड़ा रुख अपनाते हुए गुरुवार को कई केंद्रों का निरीक्षण किया। इस जांच में पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार, नीलम देवी और प्रमुख प्रतिनिधि गणेश मेहता भी शामिल थे। जांच के दौरान बैहरी, ओरिया, नगवां समेत कई आंगनबाड़ी केंद्रों में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। निरीक्षण टीम ने पाया कि कई केंद्रों का संचालन कर्मियों द्वारा अपने घरों से किया जा रहा है। इसके अलावा, बच्चों की संख्या में कमी, पोषण आहार की कमी और गर्भवती महिलाओं को समय पर राशन न मिलने जैसी समस्याएं सामने आईं। निरीक्षण के दौरान टीम ने केवल आंगनबाड़ी केंद्रों तक ही नहीं, बल्कि प्रखंड में चल रही अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे अबुआ आवास, जनवितरण प्रणाली, पेयजल व्यवस्था, प्राथमिक विद्यालयों और स्वास्थ्य केंद्रों की भी जांच करने का निर्णय लिया है। वहीं जनता की शिकायतें सीधे सुनने के लिए प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख ने अपने संपर्क नंबर साझा किए हैं। प्रखंड प्रमुख वीना देवी 9931341724 और प्रखंड उप प्रमुख रविकांत सिंह 9431141317 मोबाईल नंबर साझा किया। जबकि जांच टीम ने साफ कहा है कि किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बरही में स्वर्गीय रामनारायण यादव की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित, विधायक मनोज यादव का हुआ सम्मान

स्वतंत्र प्रभात



**बरही-** बरही स्थित आरएनवाईएम कॉलेज में स्वर्गीय रामनारायण यादव की 40वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बरही के नवनिर्वाचित विधायक मनोज यादव का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, शिक्षाविद, समाजसेवी और कॉलेज स्टाफ शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय रामनारायण यादव की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विमल किशोर और सचिव परमेश्वर यादव ने विधायक मनोज यादव को मोमेंटो और बुके भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. विमल किशोर ने की, जबकि संचालन प्रो. हिरामन साव ने किया। मुख्य अतिथि विधायक मनोज यादव ने अपने पिता स्वर्गीय रामनारायण यादव को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका जीवन साहस और उदारता का प्रतीक था। उन्होंने कॉलेज की स्थापना की चुनौतियों और शिक्षा के प्रति उनके समर्पण को याद किया। यादव ने महाविद्यालय को और विकसित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि यह संस्थान न केवल शिक्षा बल्कि संस्कारों का भी केंद्र बनना चाहिए। प्राचार्य डॉ. विमल किशोर ने स्व. रामनारायण यादव के जीवन को प्रेरणादायक बताया और विधायक मनोज यादव को उनकी जीत के लिए बधाई दी। यूनिवर्सिटी प्रतिनिधि डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने भी यादव के योगदान की सराहना की। विधायक मनोजनयादव ने महाविद्यालय के शिक्षकों को अच्छे और संस्कारवान नागरिक तैयार करने की जिम्मेदारी पर जोर दिया। उन्होंने समाज के उत्थान और विकास के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसे डॉ. संजय बर्णवाल ने प्रस्तुत किया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, आजसू प्रभारी राजसिंह चौहान, सुरेंद्र रजक, गुरुदेव गुप्ता, दिनेश सिंह राठौर, नागेन्द्र प्रसाद, रामचंद्र यादव, आकाश जायसवाल, हरीश श्रीवास्तव, मुखिया शमशेर आलम, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, राजन ओम, विशेश्वर यादव, खिरोधर यादव, मोतीलाल चौधरी, रामचंद्र टुडू, राजकुमार यादव, मुन्ना यादव, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, सुबोध यादव, अवध यादव, राजदेव यादव, नारायण यादव, बिनोद पासवान, रघु मोदी, सचिन यादव, निरंजन केशरी, राजकुमार केशरी, पंकज वर्णवाल, विपिन सिंहा, मनोज उपाध्याय, संतोष निषाद, मो यूसुफ, पंसस विकास सिंह, मुकेश कुमार, दीनानाथ यादव, पिंटू ठाकुर सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ अरुणा रानी, डॉ संजय बर्णवाल, डॉ अजय रविदासज़ डॉ गिरधारी यादव, डॉ कुमारी सुषमा, प्रो हिरामन साव, डॉ संगीता चौधरी, डॉ रामानुज, डॉ नैयर इकबाल, प्रो जागेश्वर यादव, डॉ बीडी मोदी, डॉ महेश यादव, डॉ अशोक कुमार, डॉ अंजली कुसुम ओम, डॉ सरिता सिन्हा, डॉ अजय रंजन, डॉ एसी वसु, प्रो सीमा सिन्हा, प्रो बबिता कुमारी, प्रो तमन्ना प्रवीण, दिनेश्वर प्रसाद यादव, नागेश्वर प्रसाद यादव, निजामुद्दीन अकेला, गामा कपरदार, हरेंद्र सिंह, महेंद्र ठाकुर, राजकिशोर प्रसाद, संतोष राम, रामसेवक राम, शिवालय यादव, हीरालाल यादव, गीता देवी, निर्मला देवी, रामसेवक राम, सुशील ठाकुर ने महत्ती भूमिका निभाई।

# झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में शिक्षकों की कमी से नाराज अभिभावक

स्वतंत्र प्रभात



**दारू** -झारखंड के दारू प्रखंड स्थित हरली के बालिका आवासीय विद्यालय में शिक्षकों की भारी कमी के कारण छात्राओं की पढ़ाई बाधित हो रही है। वर्तमान में इस विद्यालय में 130 छात्राएं अध्ययनरत हैं, लेकिन इन्हें पढ़ाने के लिए केवल तीन शिक्षिकाएं ही नियुक्त हैं, जिनमें एक वार्डन भी शामिल है। अभिभावकों ने विद्यालय में शिक्षकों की इस कमी पर गहरा असंतोष व्यक्त किया है। गुरुवार को आयोजित शिक्षक-अभिभावक बैठक में अभिभावकों ने इस मुद्दे पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि वे अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से इस आवासीय विद्यालय में भेजते हैं, लेकिन पर्याप्त शिक्षकों के अभाव में बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है।

**अभिभावकों की चिंताएं**

1. शिक्षा की गुणवत्ता पर असर- शिक्षकों की कमी के कारण छात्राओं का परिणाम प्रभावित हो सकता है, जिससे उनके करियर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने का खतरा है।
2. शिक्षकों की नियुक्ति की मांग- पूर्व मुखिया दिलीप कुमार वर्मा ने बताया कि पिछले एक वर्ष से विभाग से शिक्षकों की संख्या बढ़ाने की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।
3. बच्चों को विद्यालय से हटाने की चेतावनी- अभिभावकों ने स्पष्ट किया कि अगर जल्द ही शिक्षकों की संख्या नहीं बढ़ाई गई, तो वे अपने बच्चों को विद्यालय से हटा लेंगे।

**वार्डन का बयान**

विद्यालय की वार्डन चंचला कुमारी ने बताया कि कई बार आग्रह करने के बाद विभाग ने केवल दो शिक्षकों की नियुक्ति की है। विद्यालय में कुल 11 शिक्षकों की आवश्यकता है, लेकिन केवल तीन शिक्षकों के सहारे व्यवस्था चल रही है, जिससे छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। यह स्थिति झारखंड में शिक्षा प्रणाली की कमजोरियों को उजागर करती है। विभाग को जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करना चाहिए ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

# मण्डल स्तरीय बाल विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में जनपद के 49 प्रतिभागी करेंगे प्रतिभाग- अश्वनी जैन

स्वतंत्र प्रभात



**फिरोजाबाद-** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, प्रयागराज के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिला विद्यालय निरीक्षक, फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार के निर्देशन में 52 वीं जवाहरलाल नेहरु बाल विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का जनपद स्तर पर आयोजन श्री एम. डी. जैन इंटर कालेज, सिरसागंज में 16 नवम्बर 2024 को नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार जैन एवं प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन के संयोजन में हुआ था।

नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस प्रदर्शनी का मुख्य विषय सतत भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी है। इस प्रदर्शनी में जनपद के विभिन्न विद्यालयों एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, फिरोजाबाद के चयनित 49 प्रतिभागी 06 दिसम्बर 2024 को प्रातः 10 बजे राजकीय इंटर कॉलेज, पंचकुइयां आगरा में प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि विभिन्न 07 उपविषय एवं वर्ग में जूनियर वर्ग में अमित, नेहा, अनमोल, रिषी, खुशहाल, अनुराग सिंह, युवराज, सनी, गुनगुन, विल्सन, सत्यम गोस्वामी, अनुराग, वासुदेव, सुमित यादव, दुष्यंत कुमार, वर्तिका, सुशांत सिंह, तुषार, एकता, सोनाली कुशवाह, हिमांशु, एकता, प्रिंस उपाध्याय, आराध्या, साधना, कार्तिक शर्मा, गुलशन, डॉली सीनियर वर्ग में वर्षा, महक, मनीष कुमार, दीपिका, ईशु कुमार, गौरी, अंजली, शौर्य सक्सेना, कामना, सचिन, सलोनी, नेहा, कौशल प्रताप, आयुष शर्मा, सोमेन्द्र कुमार एवं अध्यापक संवर्ग में अश्वनी कुमार जैन के साथ सुमित कुमार सिंह, श्रष्टि दुबे, नन्दनी शर्मा, शिक्षा कश्यप और सलमान वाहिद अपने मॉडलों का प्रस्तुतिकरण करेंगे।

# निर्माणाधीन पेयजल परियोजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में गुरुवार को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद में निर्माणाधीन तीन परियोजनाओं सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना, चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना एवं रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने परियोजनाओं से सम्बन्धित निर्माण आदि की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्राथमिकता के आधार पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत तोड़ी गई सड़कों का मरम्मत कार्य प्रत्येक दशा में दिसम्बर तक कराना सुनिश्चित करें। साथ ही जिन जगहों पर रोड की गुणवत्ता ठीक नहीं है, वहां दोबारा सड़के बनवाएं। इसमें रोड़ रेस्टोरेशन से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत समस्त ओएचटी के फिनिशिंग का कार्य पूर्ण कराते हुए परियोजना को दिसम्बर 2024 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कहा कि जिन ग्रामों में पेयजल आपूर्ति के लिए जो समय निर्धारित किया गया है, उसी निर्धारित समय में नियमित रूप से जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएं। मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत स्तर पर गठित वीडब्ल्यूएससी के ग्राम प्रधान व सचिव सहित सात अन्य नामित सदस्यों की विकासखण्ड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन कराएं, जिससे नियमित जलापूर्ति एवं पानी की गुणवत्ता का क्रॉस वेरिफिकेशन कराया जा सके। अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देश दिए कि जल निगम के अभियन्ता फील्ड में जाकर चौपाल लगाकर आईएसए एवं आईईसी एक्टिविटी के माध्यम से जल जीवन मिशन के कार्यों का प्रचार-प्रसार कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अधिशासी अभियन्ता जल निगम आशीष कुमार भारती, सेन्सिस टेक लिमिटेड के डिप्टी टीम लीडर, फर्म एलएण्डटी के प्रोजेक्ट मैनेजर रोहित सहाय, जीवीपीआर के डीपीएम एस मौर्या आदि मौजूद रहे।

# जल्द से जल्द सड़कों को कराएं गड्ढ़ा मुक्त- डीएम

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने के संबंध में समीक्षा बैठक गुरुवार को कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष वार जनपद के राष्ट्रीय राजमार्ग, मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड, अदर डिस्ट्रिक्ट रोड़ के संबंध में जानकारी लेते हुए अवशेष कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिले में गढ्ढा मुक्ति कार्य की जानकारी भी ली। जिस पर अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड ने बताया कि सड़कों को ब्लॉक वार कार्य योजना बनाकर कार्य किया जाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के आदेशानुसार सड़कों को जल्द से जल्द गड्ढा मुक्ति कराकर उन्हें अवगत कराना है। इसी क्रम में जनपद में सड़के गड्ढा मुक्त होनी चाहिए तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न होने पाए। उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री का आकांक्षात्मक जनपद है तथा यहां श्रद्धालुओं का आवागमन लगा रहता है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड संतोष कुमार सिंह सहित सहायक अभियंता आदि मौजूद रहे।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था में अतिवाद और धार्मिक कट्टरता का कोई स्थान नहीं

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। स्वतंत्रता के बाद से भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि स्थान दिया गया है। देश की भौगोलिक तथा जनसंख्यात्मक विशालता में कुछ तत्व सांप्रदायिक हिंसा एवं अराजकता के परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हो सकतें हैं, पर भारतीय लोकतंत्र की महानता एवं विशालता ही है कि जिसके कारण संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, पर यह तय है कि सांप्रदायिक हिंसा एवं धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र की अवधारणा थोड़ी दिग्भ्रमित जरूर होती है पर इसकी मजबूती ना तो पहले कम हुई है और ना ही भविष्य में होने की कोई गुंजाइश ही है। हिंसा,विवाद किसी भी मसले का कोई हल नहीं पर यह लोकतंत्र के लिए एक डाग के समान है। किसी भी देश में लोकतंत्र की आम धारणा आपसी सद्भाव और समभाव को लेकर आधारभूत रचनात्मक रूप से की गई है। विश्व के शांति प्रस्तावक भारत देश में हिंसा और हिंसक आंदोलन की कोई जगह नहीं एवं यह किसी धार्मिक, सामाजिक अथवा आर्थिक असहमति का परिणाम तो कतई नहीं हो सकती है।भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक, प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है। वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है।आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैंद्य देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है



जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्ग विहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। पर स्वतंत्रता के 75 साल के बाद भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में वर्ग विभेद भाषाई विवाद ने अभी भी आर्थिक विकास में कई बाधाएं उत्पन्न की है। संविधान में सदैव सकारात्मक वर्ग विभेद एवं विकास की अवधारणा को प्रमुखता से शामिल किया गया था और पंचवर्षीय योजनाओं में भी विकास को वर्ग विभेद से अलग रखकर विकास की अवधारणा को बलवती बनाया गया है। सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है। और इसी की परिकल्पना को लेकर आजादी के पश्चात से पंचवर्षीय योजनाओं का प्रादुर्भाव सरकार ने समय-समय पर लागू किया है। विकास की अवधारणा में राष्ट्र की मुख्य धारा में समाज के पिछड़े वर्ग को शामिल कर उन्हें सम्मुख लाना होगा। यदि देश के पिछड़ा वर्ग और गरीब तबका विकास की मुख्यधारा से जुड़ता है तो गरीबी, भुखमरी, नक्सलवाद जैसे संकट अस्तित्व हीन हो जाएंगे और ऐसी समस्या धीरे धीरे खत्म होती जाएगी।


आवश्यकता यह है कि हमें राष्ट्रवाद को सर्वोपरि मानकर इस पर अमल करना होगा। फिर चाहे वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद हो या समावेशी राष्ट्रवाद हो। समाज की मुख्यधारा में राष्ट्रवाद को एक प्रमुख अस्त्र बनाकर देश की प्रगति में इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। भारत में आजादी के 75 वर्ष बाद भी ब्रिटिश हुकूमत की तरह गरीबी, भूखमरी ,बेरोजगारी ,नक्सलवाद, आतंकवाद, सांप्रदायिकता,भाषावाद एवं क्षेत्रीय विघटनकारी प्रवृत्तियां सर उठाये घूम रही हैं, हम इन पर अभी तक प्रभावी नियंत्रण नहीं लगा पाए हैं। हमें इन सब विसंगतियों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय नागरिकता एवं भारत राष्ट्र की विकास की अवधारणा को राष्ट्रवाद से जोड़कर आर्थिक विकास को एक नया आयाम देना होगा,तब जाकर भारत वैश्विक स्तर पर आर्थिक रूप से मजबूत एवं आत्मनिर्भर बन सकेगा। किसी बात का विरोध हिंसा के बिगड़े स्वरूप की तरफ शासकीय संपत्ति को नष्ट करना देश हित में नहीं।

**संजीव ठाकुर**

# संभल हिंसा में पाकिस्तानी कनेक्शन की कड़ी उजागर!

क्या संभल में हिंसा की साजिश के पीछे प्रदेश और देश भर में सांप्रदायिक बदअमनी फैलाने का पाकिस्तानी मंसूबा जिम्मेदार है? क्या मजहब के नाम पर फिरकापरस्त लोगों की एक पूरा समूह प्रदेश में दहशत और अराजकता का माहौल पनपा कर योगी और मोदी सरकार की बदनामी की साजिश करता रहता है। इन तमाम सवालों के जवाब संभल हिंसा की जांच में सामने आ रहे हैं।

आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश के संभल हिंसा मामले में पाकिस्तानी कनेक्शन सामने आना निश्चित तौर पर न सिर्फ गंभीर चिंता की बात है, बल्कि देश की सुरक्षा की दृष्टि से भी संवेदनशील मामला है। देश में सम्प्रदायिक हिंसा होना कोई नई बात नहीं है, कई राज्यों में ऐसे मामले सामने आते ही रहते हैं और अधिकतर मामलों में स्थानीय प्रशासन शांति स्थापित कर लेता है। मगर देश के भीतर सम्प्रदायिक हिंसा में अगर विदेशी हथियार मिलने के सबूत मिले, तो निःसंदेश सुरक्षा एजेंसियों को सर्तक हो जाना चाहिए। संभल हिंसा मामले की गूंज एक तरफ जहां संसद से लेकर सड़क तक सुनायी दे रही है, तो वहीं दूसरी तरफ इस मामले में जैसे-जैसे यूपी पुलिस और न्यायिक आयोग की जांच आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। इस बात की आशंका पहले से जतायी जा रही है कि देश में माहौल को खराब करने के लिए आतंकी साजिश हो सकती हैं। इस बीच जांच के दौरान पाकिस्तान और अमेरिका का एंगल सामने आया है। पुलिस को संभल हिंसा प्रभावित क्षेत्र में तलाशी के दौरान पाकिस्तान और अमेरिका में बने कारतूस के खोखे मिले हैं। हिंसा में विदेशी कारतूसों के इस्तेमाल का खुलासा अब जांच के दौरान हुआ है। बरामद कारतूस खोखों पर लिखा है मेड इन यूएसए। इसके अलावा पाकिस्तान के भी खोखे बरामद किए गए हैं। हिंसा वाली जगह पर पहुंची फॉरेंसिक टीम नालियां खंगाली तो सर्च ऑपरेशन में अफसरों की टीम को मौके से पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के 9 एमएम का 2 मिस फायर एक खोखा बरामद हुआ। जबकि इसके अलावा 12 बोर के 2 खोखे और 32 बोर के 2 खोखे बरामद हुए हैं। अधिकारियों ने पहले हिंसा में मरे लोगों के पोस्टमार्टम रिपोर्ट के हवाले से देशी 315 बोर के हथियार की बात कही थी, लेकिन अब विदेशी हथियारों का एंगल सामने आया है। घटना के 9 दिन बार फॉरेंसिक टीम के पहुंचने पर पुलिस की थ्योरी पर सवाल खड़े हो सकते हैं। पहले पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर देशी 315 चोर के हथियार की गोली से मौत होने की बात कही गई थी। लेकिन विदेशी हथियार मिलने के बाद इस जांच का रुख पूरी तरह से चेंज हो सकता है। पाकिस्तान से जुड़े खोखे मिलने का मतलब है कि संभल में हिंसा फैलाने के लिए पहले से ही बड़ी साजिश रची गई थी। इसमें जड़े काफी गहरी हो सकती है और तार कई राज्यों में फैले हो सकते हैं। साथ ही इसमें देश के भी कुछ गद्दार भी शामिल हो सकते हैं, क्योंकि उनके समर्थन के बिना विदेशी किसी घटना को अंजाम दिया ही नहीं जा सकता था। भारत को अशांत करने की एक बड़ी साजिश हो सकती है, जिसके तह तक जाने की जरूरत है। दरअसल पिछले महीने संभल में हिंसा की शुरूआत संभल स्थिति जामा मस्जिद के सर्वे के बाद हुई थी। तब कोर्ट के आदेश पर मस्जिद का सर्वे किया गया था, लेकिन इसके बाद शुरू हुई हिंसा में 4 लोगों की मौत हो गई। हिंसा से पहले यहां पथराव और आगजनी की घटनाएं हुई थी। इस घटना के बाद जिले में पांच दिनों तक इंटरनेट सेवाएं बंद रही और बाहरी लोगों के एंट्री पर भी रोक लगा दी गई थी। हालांकि बाहरी लोगों के एंट्री पर अभी भी रोक जारी है। वहीं जिले में धारा 163 लागू कर दी गई है, जो अगले 10 दिसंबर तक लागू रहेगी। लेकिन पुलिस जांच में पहले से ही साजिश की बात सामने आयी है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ में जानकारी मिली है कि योजनाबद्ध तरीके से हुई हिंसा की गई थी। पुलिस के अनुसार तय तैयारी के अनुसार ही पहले से घरों की छतों पर ईंट, पत्थर व कांच की बोतलें एकत्र की गई थीं। महिलाओं को दो टूक संदेश था कि यदि मोर्चा लेने के दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में घिर जाएं तो



बचाव के लिए छतों से वार कर देना। उपद्रवियों के हावी होने पर पुलिस ने जब सख्ती की तो छतों से महिलाओं ने मोर्चा संभाला थी। पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों पर हमला बोल दिया था। ईंट, पत्थर व कांच की बोतलों से वार किया गया। इस पर पुलिस तितर-बितर हुई और मौका पाकर उपद्रवियों ने फायरिंग शुरू कर दी। महिलाओं के मटना में शामिल होने से साफ था कि यह पूरी तरह से सुनियोजित था। पूछताछ में सामने आया है कि पुलिस पर हमले के बाद हालात बेकाबू होने की स्थिति में महिलाओं को घरों से बाहर निकलकर सामने आना था। यह रणनीति इसलिए थी कि महिलाएं जब आगे आ जाएंगी, तब पुलिस भी एक बार कदम पीछे खींचेगी और उपद्रवी इसका फायदा उठाकर भाग सकेंगे। और हुआ भी यही। दो महिलाओं व युवती को पुलिस ने मौके से ही पकड़ा था। इस प्रकार की साजिश किसी बड़े खतरे के तरफ इशारा कर रही है, मगर दुःखद बात है कि देश के नेता इस मामले को लेकर एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने में जुटे हुए है। मंगलवार को ही संसद में भाजपा को घेरने के लिए समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने इस हिंसा को 'सोची-समझी साजिश 'करार देते हुए लोकसभा में मांग की कि घटना के लिए जिम्मेदार पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को निलंबित किया जाए। दोषी अधिकारियों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा चलाया जाए। अखिलेश ने संभल की शाही जामा मस्जिद में सर्वे का जिक्र करते हुए इस तरह की घटनाओं के लिए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। यादव ने अनुसार देश के कोने-कोने में भाजपा और उसके सहयोगी, समर्थक और शुभचिंतक बार-बार 'खुदाइ 'की बात करते हैं जिससे देश का सौहार्द, भाईचारा और गंगा-जमुनी तहजीब खो जाएगी। उन्होंने दावा किया कि एक बार स्थानीय अदालत के आदेश पर संभल की शाही जामा मस्जिद के अंदर सर्वे का काम पूरा कर चुके पुलिस और प्रशासन के अधिकारी कुछ दिन बाद दोबारा सर्वे के लिए पहुंच गए और उनके पास अदालत का कोई आदेश नहीं था। देखा जाए जिस प्रकार से इस संवेदनसील मामले को लेकर सियासत की जा रही है, वह कतई उचित नहीं है। संभल में शांति स्थापना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए सभी राजनीतिक पार्टियों को दलगत भावना से उपर उठकर संभल में शांति की बहाली के लिए संवेद प्रयास करना चाहिए। किन्तु राजनीतिक पार्टियां इस हिंसा की आग में अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने में मसगूल है। संभल हिंसा को लेकर भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के नेता एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे है। कुछ नेता तो अनरगल बयानबाजी कर आग में भी डालने सेका काम रहे हैं। जिससे संभल में स्थिति सुधरने की जगह और खराब हो सकती है। जरूरत है कि राजनेता इस मामले की गंभीरता को समझे और राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप बंद करें। जांच एजेंसियों को चाहिए कि विदेशी एंगल सामने आने के बाद पूरे मामले को पर्दाफाश करें,इससे जुड़े प्रत्येक आरोपी को गिरफ्तार किया जाए, ताकि देशद्रोहियों केचेहरे सामने आ सके।योगी सरकार के सामने कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही सभी के विश्वास और भरोसा को बनाए रखने की भी अहम जिम्मेदारी है जिसे पूरी निष्ठा से निभाने का राजधर्म और संवैधानिक कर्तव्य है योगी इस को ईमानदारी से निभाएंगे।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

**स्वतंत्र प्रभात**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

**संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,**
**मो0: 7499472288**

E-Mail:
news@swatantraprabhat.com
RNI No: UPHIN/2019/79073

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संपादकीय

## देश में उलटी बहती गंगा, कहीं गोली तो कहीं दंगा

देश में गंगा उलटी बह रही है। पूरब से पश्चिम तक, उत्तर से दक्षिण तक जहाँ - जहाँ गंगा है उलटी ही बह रही है। उलटी बहने वाली गंगा शिव की जटाओं से निकली गंगा नहीं है । उलटी बहने वाली गंगाओं के भगीरथ अलग-अलग हैं। यूपी में अलग तो पंजाब में अलग । दिल्ली में अलग तो असम में अलग। आप कहेंगे कि देश में तो एक ही गंगा है, जो हमेशा सीधी बहती है और पतित पावन है। लेकिन मै जिन गंगाओं की बात कर रहा हूँ वे पतित -पावन नहीं है। वे दलदली गंगाएं हैं।



सबसे पहले यूपी में योगी आदित्यनाथ की गंगा की बात करते है। योगी जी के सूबे में सम्भल का दंगा हो गया। दंगा शांत भी हो गया, लेकिन सम्भल को विपक्षी नेताओं के लिए 'कील 'दिया गया है। कोई भी विपक्षी नेता सम्भल नहीं जा सकता और सत्ता पक्ष के नेता सम्भल जाते नहीं हैं, क्योंकि दंगा करने का आरोप तो उन्हीं के ऊपर है। यानि यहां योगी जी सत्ता के बूते लोकतंत्र की गंगा का प्रवाह बदलने पर आमादा हैं। क़ानून और व्यवस्था के नाम पर राहुल गांधी हों या अखिलेश यादव ,कोई भी सम्भल नहीं जा सकता। सबको सम्भल के बाहर खींची 'योगी रेखा 'के बाहर रोक दिया गया है। सवाल ये है कि योगी जी की सरकार विपक्ष के सँभल जाने से इतनी खौफजदा क्यों है ? यूपी से आगे बढ़िये पंजाब चलते हैं। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है। यहां स्वर्ण मंदिर के बाहर अकाली दल के तनखैया घोषित सुप्रीमो सुखबीर सिंह के ऊपर एक दूसरा सरदार रिवाल्वर से फायर करता है । सुखबीर को उसके अंगरक्षक बचालेते हैं ,लेकिन पंजाब के मुख्यमंत्री मान साहब के मान पर कोई असर नहीं पड़ता। आप समझ सकते हैं कि पंजाब में मान सरकार का इकबाल कितना बुलंद है ? पंजाब में कोई भी आतंकी, कभी भी किसीको अपना निशाना बना सकता है। यानि उलटी गंगा यहां भी बह रही है। पंजाब में बहती उलटी गंगा में यहां का अमन-चैन सब बहा जा रहा है। पंजाब के बाद चलिए महाराष्ट्र। महाराष्ट्र में जो कुछ होता है वो पूरे राष्ट्र को भौंचक कर देता है । यहां कब दीवान को दरोगा और दरोगा को दीवान बना दिया जाये ,ये कोई नहीं जानता। विधानसभा चुनावों के बाद महाराष्ट्र में कल तक जो दरोगा थे वे दीवान बना दिए गए और जो दीवान थे उन्हें दरोगा बना दिया गया। 'डिमोशन 'और 'प्रमोशन 'की उलटी गंगा देश में जिस तरह महाराष्ट्र में बहती है और कहीं नहीं बहती। महाराष्ट्र ने ये सब हमारे मध्यप्रदेश से सीखा है। मध्यप्रदेश में वर्षों पहले इस तरह का प्रहसन हो चुका है। हमारे यहां भी दरोगा रहे स्वर्गीय बाबूलाल गौर साहब, शिवराज सिंह चौहान के दरोगा बनने के बाद उनके दीवान बनने को राजी हो गए थे। यानि सियासत में किसी का कोई मान-अपमान या जमीर -समीर नहीं होता। मूषक को शेर बना दीजिये या शेर को मूषक, किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता। उलटी गंगा असम में भी बह रही है। असम में सरकार ने कहा है कि अब असम के होटल, रेस्टोरेंट्स और सार्वजनिक स्थानों पर गौमांस नहीं बिक सकता। यानि आपको गौमांस खाना है तो किसीके घर में जाकर खाइये । असम सरकार ने गौमांस के इस्तेमाल पर रोक नहीं लगाई है, केवल कुछ खास जगह प्रतिबंधित की है । यानी आप गुड़ खा सकते हैं लेकिन आपको गुलगुलों से नेम करना होगा। असम के मुख्यमंत्री लगता है यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रेरणा हासिल कर रहे हैं। यूपी में भी इस तरह केअसफल प्रयोग किये जा चुके हैं। यानि गंगा को असम में भी उलटा बहाने कीकोशिश की जा रही है ।

असम सरकार के इस फैसले पर कांग्रेस, एआईयूडीएफ और जदयू ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। जदयू ने कहा, इस फैसले से समाज में तनाव बढ़ेगा। केंद्र और बिहार में बीजेपी की सहयोगी पार्टी जदयू नेता केसी त्यागी ने कहा, भारत का संविधान सबको खाने-पीने की आजादी देता है. होटल या सार्वजनिक स्थान पर बीफ बैन का हम समर्थन नहीं करते। इससे समाज में तनाव फैलेगा जो पहले से ही काफी ज्यादा है. कांग्रेस नेता राशिद आल्वी ने कहा, गोहत्या पर पूरे देश में पाबंदी लगनी चाहिए। लेकिन असम के सीएम को ये अब क्यों याद आया है? क्या बीजेपी गोवा, पूर्वोत्तर समेत उन सभी राज्यों में गो हत्या पर पाबंदी लगाएगी, जहां उनकी सरकार है। जब गंगा उलटी बहती है तो आचार्य प्रमोद कृष्णन जैसे पूर्व कांग्रेसी भी आय-बांय बोलने लगते है। राहुल गाँधी से दुखी होकर मोदी जी की शरण में आये आचार्य प्रमोद कृष्णन कहते हैं की राहुल गांधीको यदि सम्भल के हिन्दुओं की इतनी ज्यादा चिंता है तो वे बांग्लादेश क्यों नहीं जाते ? आचार्य जी ये मश्विरा राहुल गांधी को तो दे सकते हैं लेकिन योगी, मोदी और शाह को नहीं दे सकते। हिम्मत नहीं है बेचारे के पास। सचबोलने के लिए हिम्मत की जरूरत पड़ती है, जो आजकल भाजपा में शायद किसी नेता के पास बची नहीं है।

मणिपुर में तो गंगाजू डेढ़ साल से उलटी बह रहीं हैं। केंद्र की सरकार ने कभी गंगा के प्रवाह के उलटे होने की फ़िक्र नहीं की । यदि की होती तो मणिपुर के मुख्यमंत्री अभी तक हटा न दिए जाते ! मणिपुर में प्रधानमंत्री जी हों या कोई और दुसरे भाजपा नेता न खुद वहां जाते हैं और न राहुल गाँधी को वहां जाने से रोकते है। राहुल गांधी राख हो रहे मणिपुर में दो मर्तबा हो आये लेकिन मोदी जी को एक बार भी मणिपुर जाने का ख्याल नहीं आया। आये भी कहाँ से, उन्हें मणिपुर से ज्यादा यूक्रेन और रूस की फ़िक्र खाये जा रही है। वे बांग्लादेश भी तो नहीं जा रहे जबकि वहां का अल्पसंख्यक हिन्दू संकट में है। मोदी जी ब्राजील, रूस, निकारागुआ और डोमेनिका जा सकते हैं ,किन्तु मणिपुर हो या ढाका नहीं जा सकते। बहरहाल हमें भगीरथ की गंगा के साथ ही हर सूबे की गंगा के प्रवाह की फ़िक्र है। इसीलिए हम लगातार गंगा के उलटे बहने पर सभी को आगाह करते है। नेताओं कोभी और जनता को भी। यदि गंगाओं को उलटा बहने से न रोका गया तो हमारे पास जो कुछ गहना-गुरिया बचा है वो सब बह जाएगा। लोकतंत्र में गंगा सीधी ही बहना चाहिए । गंगा का यमुना और सरस्वती के साथ संगम भी होना चाहिए। अन्यथा सब कुछ तबाह हो सकता है। गंगा को उलटा बहने से सिर्फ इस देश की जनता ही रोक सकती है ,शर्त ये है कि वो खुद को जनार्दन माने और लोकतंत्र का मान-मर्दन करने वालों को सजा दे।

**राकेश अचल**

# क्या खत्म होगा तारीख पर तारीख का दौर?

प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने चंडीगढ़ पहुंच वहां के लोगों के साथ-साथ प्रशासन को भी बधाई दी क्यों कि चंडीगढ़ देश में ऐतिहासिक तीन आपराधिक कानूनों को पूरी तरह से लागू करने वाला देश का पहला राज्य या केन्द्रीय शासित प्रदेश बन गया है। अब देश में 51 साल पुराने सीआरपीसी 1973 की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के प्रावधानों ने ले ली है। भारतीय दंड संहिता 1860 का स्थान भारतीय न्याय अधिनियम (बीएनएस) लेगा और इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 की जगह अब भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई होगी। निसंदेह प्रधानमंत्री के नेतृत्व में है पुरानी हो चुकी कानून व्यवस्था को बदलना एक अच्छा और देशहित का कार्य है। इससे आम लोगों का विश्वास पुलिस और सिस्टम में बढ़ेगा। पूरा सिस्टम ऑनलाइन हो जाने से आम जनता के लिए आसानी हो जाएगी। आशा करते हैं कि नए आपराधिक कानून लागू होने के बाद देश में कानून का राज की धारणा को और अधिक बल मिलेगा। नए कानून विधेयक को 2023 में संसद के दोनों सदनों में ध्वनिमत से पारित किया गया था। इस विधेयक को दोनों सदनों से पास करते समय मात्र पाँच घंटे की बहस की गई थी और ये वो समय था जब संसद से विपक्ष के 140 से अधिक सांसद निलंबित कर दिए गए थे। उस समय विपक्ष और कानून के जानकारों ने कहा था कि जो कानून देश की न्याय व्यवस्था को बदल कर रख देगा, उस पर संसद में मुकम्मल बहस होनी चाहिए थी। नए भारतीय न्याय संहिता में नए अपराधों को शामिल किया गया है। जैसे- शादी का वादा कर धोखा देने के मामले में 10 साल तक की जेल, नस्ल, जाति- समुदाय, लिंग के आधार पर मॉब लिंचिंग के मामले में आजीवन कारावास की सज़ा, छिनैती के लिए तीन साल तक की जेल। यूएपीए जैसे आतंकवाद-रोधी कानूनों को भी इसमें शामिल किया गया है। सरकार का कहना है नए कानूनों से एक आधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी जिसमें 'जीरो एफआईआर', पुलिस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराना, एसएमएस के जरिए समन भेजने जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम और सभी जघन्य अपराधों के वारदात स्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान शामिल होंगे। इसके अलावा महिलाओं, पंद्रह वर्ष की आयु से कम उम्र के लोगों, 60 वर्ष की आयु से अधिक के लोगों तथा दिव्यांग या गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को पुलिस थाने आने से छूट दी जाएगी और वे अपने निवास स्थान पर ही पुलिस सहायता प्राप्त कर सकते हैं। नये कानूनों के तहत अब कोई भी व्यक्ति पुलिस थाना जाए बिना इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम से घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज करा सकता है। इससे मामला दर्ज कराना आसान और तेज हो जाएगा तथा पुलिस द्वारा तेजी से कार्रवाई की जा सकेगी। नए कानूनों के तहत आपराधिक मामलों में फैसला मुकदमा पूरा होने के 45 दिन के भीतर आएगा और पहली सुनवाई के 60 दिन के भीतर आरोप तय किए जाएंगे। दुष्कर्म पीड़िताओं का बयान कोई महिला पुलिस अधिकारी उसके अभिभावक या रिश्तेदार की मौजूदगी में दर्ज करेगी और मेडिकल रिपोर्ट सात दिन के भीतर देनी होगी। नये कानूनों में संगठित अपराधों और आतंकवाद के कृत्यों को परिभाषित किया गया है, राजद्रोह की जगह देशद्रोह लाया गया है। किसी नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के लिए मृत्युदंड या उम्रकैद का प्रावधान जोड़ा गया है। नये कानूनों में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को प्राथमिकता दी गयी है जिससे मामले दर्ज किए जाने के दो महीने के भीतर जांच पूरी की जाएगी। नए कानूनों के तहत पीड़ितों को 90 दिन के भीतर अपने मामले की प्रगति पर नियमित रूप से जानकारी पाने का अधिकार होगा। शादी का झूठा वादा करने, नाबालिग से दुष्कर्म, भीड़ द्वारा पीटकर हत्या करने, झपटमारी आदि मामले दर्ज किए जाते हैं लेकिन मौजूदा भारतीय दंड संहिता में ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं थे। अब कोई भी व्यक्ति किसी भी पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज करा सकता है, भले ही अपराध उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं हुआ हो। इससे कानूनी कार्यवाही शुरू करने में होने वाली देरी खत्म होगी और मामला तुरंत दर्ज किया जा सकेगा। नए कानून से जुड़ा एक दिलचस्प पहलू यह भी है कि गिरफ्तारी की सूरत में व्यक्ति को अपनी पसंद के किसी व्यक्ति को अपनी स्थिति के बारे में सूचित करने का अधिकार दिया गया है। इससे गिरफ्तार व्यक्ति को तुरंत सहयोग मिल सकेगा। इसके अलावा गिरफ्तारी विवरण पुलिस थानों और जिला मुख्यालयों में प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा जिससे कि गिरफ्तार व्यक्ति के परिवार और मित्र महत्वपूर्ण सूचना आसानी से पा सकेंगे। आरोपी और पीड़ित दोनों को अब प्राथमिकी, पुलिस रिपोर्ट, आरोपपत्र, बयान, स्वीकारोक्ति और अन्य दस्तावेज 14 दिन के भीतर पाने का अधिकार होगा। अदालतें समय रहते न्याय देने के लिए मामले की सुनवाई में अनावश्यक देरी से बचने के लिए अधिकतम दो बार मुकदमे की सुनवाई स्थगित कर सकती हैं। नये कानूनों में सभी राज्य सरकारों के लिए गवाह सुरक्षा योजना लागू करना अनिवार्य है। अब 'लैंगिकता' की परिभाषा में ट्रांसजेंडर भी शामिल हैं जिससे समावेशिता और समानता को बढ़ावा मिलता है। पीड़ित को अधिक सुरक्षा देने तथा दुष्कर्म के किसी अपराध के संबंध में जांच में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए पीड़िता का बयान पुलिस द्वारा ऑडियो-वीडियो माध्यम के जरिए दर्ज किया जाएगा। सरकारी अधिकारी या पुलिस ऑफिसर के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए संबंधित अथॉरिटी 120 दिनों के अंदर अनुमति देगी। इन के अलावा इस तरह के और भी सुधारों का दावा सरकार कर रही है। उम्मीद करते हैं कि नए कानूनों से भारतीय कानून व्यव्स्था में सुधार आएगा, अदालतों से मिलती तारीख पर तारीख के दौर पर लगाम लगेगी, पीडित व्यक्ति को इंसाफ समय पर आसानी से मिलेगा और अपराधी को उसके किए की कड़ी से कड़ी सजा जल्द से जल्द मिलेगी।

**(नीरज शर्मा भरथल )**


## संक्षिप्त ख़बरें

### पुशअप मैन रोहतास चौधरी के सम्मान में खानपुर में स्वागत समारोह



**नई दिल्ली।** हाल ही में गुजरात में एक पैर पर पाकिस्तान के पुश अप मैन के 534 के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए पुश अप मैन रोहतास चौधरी ने 722 का विश्व कीर्तिमान स्थापित कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भारत का नाम दर्ज करा दिया।इसके उपलक्ष्य में दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य इंदराज पहलवान द्वारा एम बी रोड खानपुर स्थित पुराने पेट्रोल पंप पर भव्य स्वागत समारोह एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पुश अप मैन ऑफ इंडिया रोहतास चौधरी का शानदार स्वागत किया गया,और भारी संख्या में इस समारोह में उपस्थित लोगों ने प्रसाद का भी आनंद उठाया।उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व श्री चौधरी ने 37 केजी वजन के साथ स्पेन के खिलाफ 743 पुश अप का रिकॉर्ड बनाया था। लगातार पुश अप में नए-नए कीर्तिमान स्थापित करने वाले रोहतास चौधरी को लोगों ने फूलमाला एवं शॉल पहनकर स्वागत किया तथा उन्हें जीत की बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आईपीएस ईश्वर सिंह, महेश चौधरी, नरजीत यादव, निगम पार्षद ममता यादव के अलावा रामनिवास गर्ग, कृष्णा चौधरी, राकेश चौधरी, आर के पप्पू चौधरी, सुनील चौधरी, टीकम चौधरी, राजकुमार गुर्जर, अतर सिंह गजराज, बिजेंदर विकल,राजेश विकल मास्टर रौशन लाल, राम जी मास्टर चरण सिंह, राजपाल बिधूड़ी, विरम बिधूड़ी के अलावा भारी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### श्रीभूमि (करीमगंज) जिले के लक्ष्मीपुर स्वास्थ्य सेवा केंद्र में महोत्सव 3.0 का समापन हुआ




**असम श्रीभूमि (करीमगंज)** स्वास्थ्य सेवाओं के उचित मूल्यांकन और समग्र सुधार के उद्देश्य से जिले के अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की तर्ज पर 5 दिसंबर (गुरुवार) को पाथारकांडी के लक्ष्मीपुर में भी स्वास्थ्य सेवा महोत्सव 3.0 संपन्न हुआ। सिलचर मेडिकल कॉलेज से डॉ. मुजीबुर रहमान रुको नाथ देयोलागुपु सीडीपीओ पाथारकांडी स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद हैं। सुबह से हि अस्पताल की ओर से अतिथियों का फूलों का गुलदस्ता देकर जोरदार स्वागत किया गया। फिर उक्त अस्पताल के प्रभारी डॉ. शिशुंन्दरा रॉय ने विभागीय अधिकारियों के साथ अस्पताल की समग्र स्थिति की जांच करने के बाद अस्पताल के विभिन्न विभागों के डॉक्टरों, नर्सों और मरीजों के साथ चिकित्सा सेवाओं पर चर्चा की। उन सभी ने बहुत कम स्टाफ के साथ लगातार स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए क्षेत्र के लोगों ने अस्पताल स्टाफ की सराहना की। इस दौरान अस्पताल परिसर में पौधे लगाकर हरा-भरा करने का आह्वान किया। इस दिन डॉक्टर और हॉस्पिटल स्टाफ के अलावा इलाके के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### भोरे विधानसभा क्षेत्र कटेया प्रखंड के बैरिया पंचायत मे शनिवार को आयेंगे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार- प्रमोद कुमार पटेल प्रदेश महासचिव



**गोपालगंज (बिहार)-** भोरे विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक एवं बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार के आग्रह पर 7 (सात) दिसंबर 2024 दिन शनिवार को 10 बजे कटेया प्रखंड के बैरिया पंचायत- कौलाचक गाँव मे सरकारी भवन के पास (नियर विजयीपुर) मे दुग्ध प्रसंस्करण इकाई (सुधा डेयरी प्लांट) का शिलान्यास करने बिहार के लोकप्रिय विकास पुरुष यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय नीतीश कुमार आ रहे है द्य भोरे विधानसभा क्षेत्र सहित जिले के अन्य योजनाओं का माननीय मुख्यमंत्री शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे। माननीय शिक्षा मंत्री सुनील कुमार के प्रयास से बिहार का सम्भवतः दुसरा सुधा डेयरी प्लांट का निर्माण गोपालगंज जिले के भोरे विधानसभा क्षेत्र मे होने जा रहा है माननीय मंत्री सुनील कुमार ने बताया की भोरे क्षेत्र मे सुधा डेयरी प्लांट लगने से हजारों लोगों को नौकरी एवं रोजगार के अवसर मिलेंगे माननीय मुख्यमंत्री का भव्य रूप से स्वागत किया जायेगा और यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। शिलान्यास समारोह मे NDA के सभी मंत्री, सांसद, विधायक, विधान पार्षद के साथ पार्टी के नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्वागत करेंगे।

## ग्राम प्रधान गुणवत्तापूर्ण कार्य कराए, जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाए यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी- डीएम

**● - राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के तत्वाधान में संगठन के संस्थापक**

**स्वर्गीय महावीर दत्त शर्मा की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा**





**स्वतंत्र प्रभात**

**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के तत्वाधान में संगठन के संस्थापक स्वर्गीय महावीर दत्त शर्मा की 16 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर, मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार की उपस्थिति में अंबेडकर सभागार में बृहस्पतिवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर , मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, ग्राम प्रधान संगठन के पदाधिकारी एवं अन्य ग्राम प्रधानों द्वारा स्वर्गीय महावीर दत्त शर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। ग्राम प्रधान संगठन के पदाधिकारी द्वारा जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया।


श्रद्धांजलि सभा के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर ने कहा कि सभी ग्राम प्रधानों द्वारा अपने ग्राम पंचायत में विकास के कार्य गुणवत्तापूर्ण कराकर एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाया जाए, यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्रत्येक ग्राम पंचायत में आरआरसी सेंटर, अन्नपूर्णा भवन, मिनी स्टेडियम, पार्क एवं लाइब्रेरी आदि का निर्माण कार्य ग्राम प्रधानों द्वारा कराया जा रहा है इसके लिए सभी प्रधान बधाई के पात्र हैं। गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने में ग्राम प्रधानों की महत्वपूर्ण भूमिका है इसलिए गांव का कूड़ा कचरा आरआरसी सेंटर एकत्रित कराए। ग्राम पंचायत में कुछ अलग से बेहतर कार्य करें जो अन्य जनपद के लोग इसका अनुकरण करें जिससे प्रदेश में जनपद सिद्धार्थनगर का एक अच्छा संदेश जाए। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों से अपील किया की ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों, खर्च का मास्टर रजिस्टर बना लें जिससे कभी भी पता चल सके कि कौन सा कार्य कब हुआ और कितनी धनराशि खर्च हुआ। ग्राम प्रधानों की जो समस्या है उसको प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा यदि कहीं कोई समस्या होती है तो मुख्य विकास अधिकारी या मुझे अवगत करा सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार ने कहा कि ग्राम पंचायत में जनता की सेवा, गांव के विकास के लिए ग्राम प्रधान संगठन के संस्थापक द्वारा यह संगठन बनाया गया तथा ग्राम प्रधानों के अधिकारों को सुरक्षित किया गया। सभी ग्राम प्रधान उनके आदर्शों को अपनाकर गांव के विकास में अपना योगदान देकर उनके उद्देश्य को पूरा करें यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान ग्राम प्रधान संगठन के मंडल अध्यक्ष व्यास पाण्डेय, जिला संगठन मंत्री नीरज सिंह, जिला अध्यक्ष पवन मिश्रा व अन्य पदाधिकारी एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## गुरु घर में शरण लेने वाले को शाश्वत क्षमता मिलती है

**स्वतंत्र प्रभात**

**नई दिल्ली,** 5 दिसंबर- हर गुरसिख को गुरु के वचनों पर पूरा भरोसा होता है कि गुरुघर में शरण लेने वालों को शाश्वत क्षमा मिलती है। गुरु पंथ द्वारा अस्वीकार किया गया व्यक्ति किसी भी समय श्री अकाल तख्त साहिब में उपस्थित होकर गुरु पंथ के सिद्धांतों, शिष्टाचार और परंपरा को स्वीकार करता है और अपने अपराधों को मिटाकर गुरु पंथ के प्रति समर्पित हो जाता है और पंथक परिवार में पुनः प्रवेश करता है. सुखबीर सिंह बादल उस समय श्री अकाल तख्त साहिब की छत्रछाया में थे क्योंकि वह श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा लगाए गए तनखाह को पूरा कर रहे थे. इसलिए उन पर हमला श्री अकाल तख्त साहिब और तख्त साहिब के फैसले पर हमला है. सिख परंपरा के अनुसार, पंज सिंह साहिबों ने सुखबीर सिंह बादल को उनके द्वारा किए गए अपराधों के लिए दोषी करार किया था, इसलिए किसी भी सिख माई भाई को सुखबीर सिंह बादल को नुकसान पहुंचाने का कोई अधिकार नहीं है।

श्री अकाल तख्त साहिब सिख पंथ का सर्वोच्च न्यायालय है, इसलिए यहां से दिए गए आदेशों का पालन करना प्रत्येक गुरसिख के लिए अनिवार्य है। यदि उक्त आदेश से कोई असहमति है तो श्री अकाल तख्त साहिब पर अपील की जा सकती है. श्री दरबार साहिब घंटा घर पर अपनी ड्यूटी से बाहर बैठे अकाली दल अध्यक्ष एवं पूर्व



उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर हमला कर हमलावर ने सिख पंथ के सम्मान और गौरव पर हमला किया। उन्होंने तख्त साहिब के आदेश का उल्लंघन किया है और सिखों की छवि खराब करने की कोशिश की है यह शब्द शिरोमणि अकाली दल दिल्ली इकाई की महिला विंग की प्रमुख बीबी रंजीत कौर ने मीडिया को जारी एक बयान के माध्यम से व्यक्त किये।

## देष के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वरिष्ठ अधिवक्ता के जन्म दिवस पर बुढ़ार अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जयकांत मिश्रा के नेतृत्व में भव्य आयोजन कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**स्वतंत्र प्रभात**

**शहडोल बुढार** न्यायालय कोर्ट मेंदेष के प्रथम राष्टपति व वरिष्ठ अधिवक्ता कुषल अनुभवी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी के जन्म दिवस पर जिले के कोयलांचल क्षेत्र के अधिवक्ता संघ बुढ़ार के अध्यक्ष जयकांत मिश्रा द्वारा कार्यक्रम कराया गया, जिसमें अधिवक्ता संघ बुढ़ार मंगलवार को अधिवक्ता दिवस पर विषेष उपस्थिति संघ के पूर्व अध्यक्ष रहे रावेन्द्र तिवारी अरूण कुमार शर्मा हनुमान प्रसाद शर्मा नारायण प्रसाद शुक्ला सुषील कुमार मिश्रा वीरभान सिंह अलोक राय निलेष पाण्डेय रामकृष्ण गुप्ता आनन्द जैन जो मंचासीन रहे संघ के अध्यक्ष के नेतृत्व में अधिवक्ता संघ द्वारा उपस्थित अतिथियों को पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया।

देष के प्रथम राष्टपति वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी के जन्म दिवस 03 दिसम्बर 1984 को होने पर समूचे भारत देष में अधिवक्ता दिवस मनाया जाता है, इसी श्रंखला में अधिवक्ता संघ बुढ़ार द्वारा अधिवक्ता दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया, इस कार्यक्रम को सफल बनाने में न्यायालय बुढ़ार के सभी अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया, जिस पर अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष रावेन्द्र तिवारी अलोक राय वरिष्ठ अधिवक्ताओं में हनुमान प्रसाद शर्मा एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जयकांत मिश्रा ने भी मंच से अपने अपने विचार व्यक्त कर कहां कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी के जन्म दिवस जो अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो एक कुषल न्याय वृत्त के ज्ञानी के रूप में राजेन्द्र प्रसाद जी को लोग याद करते है। बुढ़ार नगर को मिला था डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी 30 मार्च 1953 को नगर के मध्य रेल्वे स्टेषन के सामने उस वक्त की विषाल जनसमूह को संबोधित किया था, जिसे आज भी कोयलांचल क्षेत्र बुढ़ार की जनता वरिष्ठ अधिवक्ता देष के प्रथम राष्टपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी को याद करती है, उस यादगार को अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जयकांत मिश्रा ने अधिवक्ताओं के बीच कही।

अधिवक्ता संघ बुढ़ार के अध्यक्ष जयकांत मिश्रा ने कहा कि भारत के प्रथम राष्टपति देष के वरिष्ठ सर्वोमान्य अधिवक्ता डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी के जयंती को हम



सभी को अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाने का अवसर मिला है, अधिवक्ता दिवस मनाने का मुख्य उद्देष्य यह है कि पीढ़ित पक्षकारां को न्याय दिलाने के लिए अधिवक्ता निष्पक्ष व निडर वकालत कर अपने ज्ञान विधि संगत अधिवक्ता का परिचय देकर समाज में समन्वय स्थापित कर माननीय न्यायालयो में न्याय दिलाकर पक्षकारो को सही रास्ते में लाकर न्याय अर्जित कराया जाता है। इस कार्यक्रम में अधिवक्ता मनोज गौतम शैलेन्द्र प्रताप सिंह अनिल वर्मा शंकर लोधी अनिल चतुर्वेदी जनक लाल कुषवाहा सुषमा सिंह ठाकुर राकेष तिवारी रीना पात्रिक बृजेष गौतम उमेष अवस्थी सुषांत घोष रतन रिझवानी के साथ अधिवक्ता भारी समूह में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## विद्युत विभाग: निजीकरण की गर्माहट के बीच 'ओटीएस की तैयारी'

**● - विभाग के छोटे से बडे अधिकारी और कर्मचारी फील्ड में उतरेंगे**

**कर्मचारियों में जोश जगाने को वसूली पर कमीशन को बनाया हथियार**

**स्वतंत्र प्रभात**

**मथुरा।** विद्युत विभाग ने निजीकरण की गर्माहट के बीच ओटीएस योजना लागू कर दी है। यह योजना तीन चरणों में 15 दिसंबर से शुरू होकर 31 जनवरी तक लागू रहेगी। इस बीच कर्मचारियों में जोश जगाने के लिए वसूली पर कमीशन महत्वपूर्ण होगा। इसके लिए विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। विभाग के छोटे से बडे अधिकारी और कर्मचारी इस दौरान वसूली के लिए फील्ड में उतरेंगे। कर्मचारियों को बाकायदा इसके प्रशिक्षित किया जा रहा है। हालांकि बात यह भी की जा रही है कि जनप्रतिनिधियों का भी इसमें पूरा सहयोग लिया जाएगा। विद्युत वितरण खण्ड ग्रामीण मथुरा के अंतर्गत उपखंड कार्यालय फरह में मुख्य अभियंता व अधीक्षण अभियंता मथुरा द्वारा मीटिंग में किये गए मार्गदर्शन के तारतम्य में अवर अभियंता, टीजी-2 एवं समस्त लाइनमैन के साथ सभी मीटर रीडर्स के साथ 15 दिसंबर से शुरू होने वाली एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) की प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने व सफल क्रियान्वयन के लिए मीटिंग की गई, मीटिंग में अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए गए। फरह टाउन में सभी सभासदों, सभी ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों (बीडीसी), जिला पंचायत सदस्यों, समाज सेवकों, विभिन्न संगठनों व राजनीतिक पार्टियों के जनप्रतिनिधियों, महिला संगठनों एवं अन्य सक्रिय सदस्यों व प्रेस मीडिया को पूरी ओटीएस के लाभ बताते हुए उनके सहयोग के लिए ग्रामीणों की मदद करने के लिए प्रोत्साहित करने के सभी को निर्देश दिए गये तथा संबंधित जनप्रतिनिधियों को क्षेत्रवार बकाये की सूची भी देने के निदेश सभी जेई टीजी-2 को दिए गए। समाधान योजना के



फरह टाउन हॉल में लोगों को योजना की जानकारी देते विद्युत विभाग के अधिकारी।

नोटिस प्रत्येक कंज्यूमर को उपलब्ध कराने व विभाग से मिलने वाले पेम्पलेट से एवं अन्य पूरी जानकारी मीटर रीडर्स व संविदा कर्मियों के माध्यम से हर गांव, हर घर तक पहुंचाने के निर्देश समस्त मीटर रीडर्स व अन्य सभी अधीनस्थों को दिए गए। गांव एवं नगर के हर मोहल्ले में व्यापक प्रचार प्रसार व जगह जगह रुक कर जन जन तक ओटीएस के संदेश को पहुँचाने हेतु माइक, साउंड व अन्य ध्वनि यंत्र, मेगाफोन इत्यादि के द्वारा अनाउंसमेंट किया जाए व गांव में डुग्गी या मुनादी पिटवाई जाये।

## रैली को हरी झंड़ी दिखा कर रवाना किया

**सिद्धार्थनगर।** कृषि भवन में उप निदेशक कृषि अरविन्द कुमार विश्वकर्मा के द्वारा फ़सल बीमा प्रचार प्रसार के लिए फ़सल बीमा सप्ताह में बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।रबी फसल 2024-25 सीजन चल रहा है। जिसमें अधिक से अधिक किसान अपनी फसल का बीमा कराए। इस दौरान अपर जिला कृषि अधिकारी सुरज मौर्य, अनुराग सिंह, इरफ़ान खान, तबारक हुसैन, अलकेश कुमार, मोहम्मद युसूफ, सत्यापाल, विकास कुमार, सलमान खान, देवेंद्र कुमार, मनोज कुमार, समीम अकरम, सागर,आसिफ खान आदि उपस्थित थे।

## आईसीआईएडीआर-2024 वैश्विक विशेषज्ञता और राष्ट्रीय प्रतिभा के बीच एक केंद्र बिंदु बनेगा- प्रो. वी. रविचंद्रन कुलपति


**● - प्रो. वी. रविचंद्रन कुलपति के कुशल नेतृत्व में एवं डीआईआईएफ की निदेशक प्रो. हरविंदर पोपली के सह-संयोजन में डीपीएसआरयू उन्नत औषधि अनुसंधान में नवाचारों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा**

**स्वतंत्र प्रभात**

**दिल्ली।** फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी (डीपीएसआरयू), डीपीएसआरयू इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन फाउंडेशन (डीआईआईएफ) के सहयोग से, 9 और 10 दिसंबर, 2024 को एडवांस्ड ड्रग रिसर्च (आईसीआईएडीआर-2024) में नवाचारों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करने के लिए तैयार हो रही है। कार्यक्रम जी.के. नारायणन ऑडिटोरियम, डीपीएसआरयू परिसर, नई दिल्ली में होगा यह प्रयास अकादमिक अनुसंधान को वास्तविक दुनिया के समाधानों में बदलने में मदद करने के लिए शिक्षाविदों, उद्यमियों और उद्योग विशेषज्ञों को एक साथ लाने के लिए तैयार किया गया है।

डीपीएसआरयू भारत का पहला फार्मेसी विश्वविद्यालय है, जिसे 2015 में दिल्ली सरकार द्वारा स्थापित किया गया था, और इसे फार्मास्युटिकल शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में उत्कृष्टता के लिए विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त है। डीपीएसआरयू के पास अकादमिक उत्कृष्टता और अभूतपूर्व अनुसंधान की विरासत है। डीपीएसआरयू इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन फाउंडेशन (डीआईआईएफ) हेल्थकेयर स्टार्टअप और सहयोग को बढ़ावा देने का केंद्र बन गया है। अपनी अत्याधुनिक सुविधाओं और वैश्विक साझेदारियों के साथ, डीपीएसआरयू फार्मास्युटिकल और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में उद्यमशीलता में तेजी ला रहा है। उम्मीद है कि आईसीआईएडीआर-2024 स्वास्थ्य सेवा नवाचार में नए मानक स्थापित करेगा, जिससे वैश्विक विशेषज्ञता और राष्ट्रीय प्रतिभा के बीच एक केंद्र बिंदु बनेगा डीपीएसआरयू के कुलपति और डीआईआईएफ के अध्यक्ष प्रो. वी.रविचंद्रन द्वारा आयोजित और डीआईआईएफ की निदेशक प्रो. हरविंदर पोपली सह-संयोजक द्वारा शिक्षा जगत, उद्योग और स्टार्टअप के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया है। मुख्य विषयों में अनुवाद संबंधी अनुसंधान और व्यावसायीकरण, स्वास्थ्य देखभाल उद्यमिता और नवाचार, फार्मास्युटिकल प्रौद्योगिकी, सटीक चिकित्सा और टिकाऊ स्वास्थ्य देखभाल समाधान शामिल हैं। मीडिया कोऑर्डिनेटर डॉ0 मधु गुप्ता ने ब्यूरो चीफ़ विजय गौड़ को बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य उपस्थित लोगों को अपने नवीन विचारों को व्यावहारिक, बाजार-तैयार समाधानों में बदलने के लिए प्रोत्साहित करना है। दो दिवसीय सम्मेलन में वक्ताओं की एक विशिष्ट श्रृंखला शामिल है, जिसमें प्रसिद्ध और प्रतिष्ठित शिक्षाविद और उद्योग के नेता डॉ. राजीव रघुवंशी, भारत के औषधि महानियंत्रक, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

डॉ. मनीष दीवान, मिशन निदेशक, मेक इन इंडिया बायोटेक सेक्टर, जैव प्रौद्योगिकी विभाग मुख्य भाषण देंगे। एमएसएमई विकास संगठन के संयुक्त निदेशक डॉ. आरके भारती विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में डॉ. राज के. शिरुमल्ला, मिशन निदेशक, प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट - नेशनल बायोफार्मा मिशन, बीआईआरएसी, नई दिल्ली की भी मेजबानी की जाएगी, जो डॉ. सी.एन. के साथ एक विशेष अतिथि के रूप में स्वास्थ्य सेवा में नवाचार को बढ़ावा देने वाली नीतियों पर चर्चा करेंगे। सम्मानित अतिथि के रूप में मैगजीनोम टेक्नोलॉजीज के सीईओ रामचंद।सम्मेलन में ऑबर्न विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय वक्ताओं की एक प्रभावशाली श्रृंखला शामिल होगी, जिसमें डॉ. जयचंद्र बाबू रामपुरम, डॉ. एलिजाबेथ लिपके, डॉ. टिमोथी मूर, डॉ. राजेश अमीन, डॉ. मीनाक्षी सिंह जैसे प्रतिष्ठित विशेषज्ञ शामिल होंगे, जो अभूतपूर्व शोध साझा करेंगे। कंप्यूटर-सहायता प्राप्त दवा डिजाइन, अल्जाइमर के लिए नवीन उपचार, 3डी प्रिंटिंग तकनीक और उन्नत बायोमटेरियल्स जैसे क्षेत्र। इन अकादमिक अंतर्दृष्टि को लागू करते हुए, यह कार्यक्रम सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के डॉ. आशीष अरोड़ा और अकुम्स ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड की सुश्री अरुशी जैन जैसे उद्योग जगत के नेताओं की



मेजबानी करेगा, जो अनुसंधान और व्यावसायीकरण को जोड़ने पर कार्रवाई योग्य दृष्टिकोण प्रदान करेंगे।

साथ में, ये वक्ता खोज से लेकर बाजार कार्यान्वयन तक नवाचार के व्यापक दृष्टिकोण का वादा करते हैं। सह संयोजक के मार्गदर्शन में आयोजन किया गया। डीआईआईएफ के निदेशक प्रोफेसर हरविंदर पोपली और प्रोफेसर पी. के. साहू, डीपीएसआरयू के रजिस्ट्रार, आई सी आई एडी आर-2024 उभरती प्रौद्योगिकियों, उद्यमशीलता रणनीतियों और महत्व उद्योग-अकादमिक टीम वर्क पर सत्र आयोजित करेंगे। सम्मेलन की एक अनूठी विशेषता युवा शोधकर्ताओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करना और योग्य उद्यमियों को धन उपलब्ध कराने में मदद करना है। 33 से अधिक स्टार्टअप को समर्थन देने के लिए प्रसिद्ध डीआईआईएफ उन प्रतिभागियों को सलाह और इनक्यूबेशन सहायता प्रदान करेगा, जिनका लक्ष्य अपने शोध का व्यावसायीकरण करना है।सम्मेलन समन्वयक डॉ. मिनाक्षी गर्ग और सुश्री रुचि सिंह नीखरा ने प्रारंभिक चरण के नवप्रवर्तकों को संसाधन और मार्गदर्शन प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया। यह सम्मेलन हेल्थकेयर और फार्मास्युटिकल अनुसंधान और रुझानों में नवाचार, हेल्थकेयर नवाचारों के विपणन और व्यावसायीकरण, ड्रग तंत्र और वैयक्तिकृत हेल्थकेयर जैसे विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला पर पोस्टर प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्रों, शोधकर्ताओं और पेशेवरों की भागीदारी को प्रोत्साहित करता है। सर्वश्रेष्ठ पोस्टरों के लिए पुरस्कार दिये जायेंगे। सम्मेलन को पंजीकरण के लिए पहले से ही जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, समय सीमा से पहले ही स्थान भर गए हैं, जो इस अद्वितीय आयोजन के लिए वैश्विक वैज्ञानिक और औद्योगिक समुदाय के बीच उत्साह और उत्साह को दर्शाता है।

## वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल में डेक्सा स्कैन सुविधा का उद्घाटन

**स्वतंत्र प्रभात**

**नई दिल्ली** सफदरजंग अस्पताल में एक नई डेक्सा (डुअल-एनर्जी एक्स-रे एब्जॉर्पटियोमेट्री) स्कैन सुविधा का आधिकारिक रूप से उद्घाटन किया गया, जो अस्पताल की निदान क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है। फिसर्व और यूनाइटेड वे मुंबई के सहयोगात्मक प्रयास में डॉक्टर्स फॉर यू (डीएफवाईइंडिया) द्वारा सीएसआर पहल के तहत इसका योगदान दिया गया। डॉ. संदीप बंसल, चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि ÷डेक्सा स्कैन सुविधा की शुरुआत सफदरजंग अस्पताल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह उन्नत निदान उपकरण हड्डियों से संबंधित स्वास्थ्य स्थितियों का पता लगाने और उन्हें प्रबंधित करने की हमारी क्षमता में महत्वपूर्ण रूप से सुधार करेगा, जिससे हमारे रोगियों को अधिक व्यापक और सटीक चिकित्सा देखभाल मिलेगी। यह सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीकों को लाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है यह उद्घाटन केवल एक चिकित्सा उपकरण जोड़ने से कहीं अधिक है। यह रोगियों को प्रारंभिक निदान क्षमताओं के साथ सशक्त बनाने में मदद करेगा है। डीईएक्सए स्कैन निवारक स्वास्थ्य सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे हम प्रारंभिक अवस्था में अस्थि घनत्व की समस्याओं की पहचान कर सकेंगे और समय पर हस्तक्षेप कर सकेंगे। यह इस बात का प्रमाण है कि कैसे सहयोगी प्रयास स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को बदल सकते हैं, ऐसा डॉ रजत जैन, अध्यक्ष, डॉक्टर्स फॉर यू ने कहा। डीईएक्सए स्कैन एक गैर-इनवेसिव डायग्नोस्टिक टूल है जो हड्डियों के स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करता है, जो निम्न के लिए



महत्वपूर्ण है÷ ऑस्टियोपोरोसिस का प्रारंभिक पता लगाना फ्रैक्चर के जोखिम का आकलन करना हड्डियों के घनत्व में बदलाव की निगरानी करना निवारक और चिकित्सीय हस्तक्षेप का मार्गदर्शन करना इस कार्यक्रम में डॉ गीतिका खन्ना प्रिंसिपल वीएमएमसी, डॉ कपिल सूरी एएमएस, डॉ आर पी अरोड़ा एएमएस, डॉ पी एस भाटिया, डॉ कविता वाणी (कार्यवाहक एचओडी) रेडियोलॉजी, सुश्री नीता झा और फिसर्व से श्री राजीव बंसल, सीएसआर टीम, एचओडी, फैकल्टी और स्टाफ शामिल हुए।

## नवनियुक्त सचिव को पुष्प गुच्छा देखकर सम्मानित किया गया

**सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बर्डपुर में नव नियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारी सचिव अमन सोनी द्वारा गुरुवार को विकास खण्ड में योगदान दिया गया। जिस पर ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी संगठन द्वारा नवनियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारी अमन सोनी को पुष्प गुच्छा देकर स्वागत किया गया। इस दौरान महेश्वर पांडेय, विनय कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



### चौथे दिन भी भूख हडताल रही जारी

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाउंडेशन एवं महात्मा ज्योतिराव फूले विकास समिति मथुरा के संयुक्त नेतृत्व में लुकेश कुमार राही, रमेश सैनी, अजय कुमार द्वारा दंडवत यात्रा की प्रशासनिक अनुमति की मांग को लेकर राजकीय छात्रावास कचहरी मथुरा पर की जा रही भूख हड़ताल चौथे दिन जारी रही। चौथे दिन भूख हड़ताल स्थल पर भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी एवं प्रमुख प्रदेश महासचिव उदयभान जाटव ने संयुक्त रूप से अपने बयान में कहाकि जिला प्रशासन समान शिक्षा जातीय जनगणना की मांग को लेकर हो रही दण्डवत यात्रा की परमिशन की अनुमति को लेकर चार दिन से रमेश सैनी लुकेश राही भूख हड़ताल पर बैठे है। जिला प्रशासन की ओर से किसी अधिकारी का कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुंचना दुख की बात है। भूख हड़ताल करने वालों को समर्थन देने वालों में राधा चौधरी, एड. बद्री प्रसाद सिंह, भिक्खो, सिद्धांत भाटिया, कुणाल डागौर, विकास कल्याण, ललित, मोहिनी स्वरूप शर्मा, अजय संवर, करण संवर, कन्हैया लाल सैनी, लाखन सिंह उसफार भारतीय किसान यूनियन सुनील जिला सचिव, जगदीश सैनी, पूरन सैनी, आकाश बाबू, एडवोकेट मनोज कुमार, जितेंद्र, नरेश चौधरी, नरेश कुमार, विक्रम शर्मा आदि मौजूद रहे।